14 जुलाई 2025 | रांची, सोमवार | वर्ष-26, अंक- 162, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com ₹2.00

बोल बम

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

## भारतीय सेना अदम्य साहस व सामर्थ्य का प्रतीक

राष्ट्रीय नवीन मेल




ललन शर्मा

भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति-स्वरुपा है। भारतीय सेना का नाम सुनते ही एक महाबली पराक्रमी जांबाज लोगों का अदम्य साहस व सामर्थ्य का जोश दिखाई देता है।

ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना का वह कृष्ण रूप है जो विराट आकार में दुश्मनों को दिखाई दिया है। हमारे सेना को दुष्ट दुश्मन देश हमेशा बांधने की कोशिश करता रहा है और ऑपरेशन सिंदूर ने बताया हमारी सेना को कोई बंद नहीं सकता। इस बार युद्ध का मैदान कुरुक्षेत्र नहीं बल्कि दुश्मन के घर में घुसकर मारने वाला ऑपरेशन सिंदूर देश के करोड़ों लोगों का शौर्य चिन्ह है। यह कौरवों को बताया दिया गया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है हमारी सेना और सरकार जवाब देना जान गई है। दुश्मन देश की नीच हरकतों का मुंह तोड़ जवाब दे सकती है। आगे तो उनकी गर्दन तोड़ने की स्थिति में ऑपरेशन सिंदूर का रथ अभी तो अपनी जगह से हिला भर है। हमारा शौर्य रथ अभी ठहरा है ,रुका नहीं है। पहलगाम में खूनी वारदात करके आतंकवादियों और उनके पालने वालों देशों ने बहुत बड़ी गलती कर दी है और उनका भुगतान उन्होंने खूब किया है। आगे ऐसी हरकत और की तो भुगतान और महंगा पड़ सकता है।

### रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 33.5° | अधिक. | 33.8° |
| न्यून. | 23.6° | न्यून. | 23.0° |

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

# आरती के बाद 3.30 बजे खुलेगा बाबा का कपाट



**500 से अधिक महिला पुलिस कर्मी तैनात, सुरक्षा के हैं व्यापक इंतजाम**

- पहाड़ी मंदिर विकास समिति और भोले की फौज स्वयंसेवक तत्पर है पहली सोमवारी के दर्शन पूजन के लिए
- असुविधा या आकस्मिता होने पर पहाड़ी मंदिर के सीढ़ियों के बाएं तरफ बने नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** सावन के पहले सोमवारी को पहाड़ी मंदिर में भक्तों का आना रात के 12.30 बजे से शुरु हो गया। राज्य के कई जिलों से पहली सोमवारी के दिन शिवभक्त पहाड़ी मंदिर पहुंचेंगे। वहीं कावरियों और भक्तों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे पहाड़ी मंदिर परिसर में लगभग 500 से अधिक जवानों की तैनाती की गई है जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी शामिल है। रांची एसडीओ ने बताया कि पुलिस बल के साथ साथ हर मुख्य जगह पर मजिस्ट्रेट की तैनाती है। पहाड़ी मंदिर के दाई तरफ भक्तों के जाने वाले रास्ते में भी सज्जा धज्जा की गई है। वहीं, मंदिर के सीढ़ियों के बाई तरफ नियंत्रण कक्ष बनाया गया हैं जहां किसी भी तरह की परेशानी होने पर भक्त संपर्क कर सकते हैं।

**सावन के हर रविवार को बाबा का होगा भव्य श्रृंगार :** सावन महीने के हर रविवार को पहाड़ी मंदिर के नीचे स्थित शिवलिंग का भव्य श्रृंगार कर 6.30 बजे भजन कीर्तन का कार्यक्रम पहाड़ी मंदिर विकास समिति और भोले की फौज के द्वारा किया जाएगा। वहीं, रविवार की शाम श्रृंगार,भजन और कीर्तन के बाद 7.30 मी आरती की जाएगी।

## रेलवे का बड़ा फैसला अब हर डिब्बे में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**नई दिल्ली।** यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के सकारात्मक परिणाम के आधार पर, रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बदमाश और संगठित गिरोह भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। कैमरे लगने से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों की निजता बनाए रखने के लिए, दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार 12 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**360-डिग्री व्यापक कवरेज :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और डिब्बों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। **शेष पेज 11 पर**

## झारखंड मुक्ति मोर्चा का 'एक्स' हैंडल हुआ हैक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को आसामाजिक तत्वों के द्वारा हैक कर लिया है। हैक किए जाने के मामले को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल से जानकारी दी है।

**क्या है पूरा मामला**

झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे मामले की जानकारी खुद से दी है। सीएम ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का आधिकारिक एक्स हैंडल को असामाजिक तत्वों के द्वारा हैक कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में झारखंड पुलिस को संज्ञान लेते हुए जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

**जांच में जुटी पुलिस**

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद साइबर क्राइम ब्रांच की टीम पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को साइबर अपराधियों ने हैक किया है या फिर यह किसी और की साजिश है, इसकी जांच की जा रही है। एक्स हैंडल को हैक कर किसी तरह की छेड़खानी की गई है या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है।



**सीएम हेमंत सोरेन ने दिए कार्रवाई के आदेश**

**लगातार आ रहे मामले सामने**

झारखंड में बड़े नेताओं, अधिकारियों और कारोबारियों के फेसबुक और एक्स हैंडल हैक करने या फिर फेक आईडी बनाए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल में ही रांची डीसी का ही फेक प्रोफ़ाइल बना दिया गया था। अब राज्य की सत्ताधारी पार्टी का एक्स हैंडल ही हैक कर लिया गया है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

## तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं। रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। **शेष पेज 11 पर**

## बिहार में विदेशी नागरिक भी बने मतदाता

**एजेंसी। पटना**

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान ऐसा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जिसने राजनीतिक गलियारों से लेकर प्रशासनिक हलकों तक हलचल मचा दी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, राज्य के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के नागरिकों के नाम शामिल पाए गए हैं।

**विदेशी नागरिकों के पास वोटर आईडी, आधार और राशन कार्ड भी मिले :** डोर-टू-डोर सत्यापन के दौरान कई विदेशी नागरिकों के पास भारतीय पहचान पत्र भी पाए गए हैं, जिसमें वोटर आईडी, आधार कार्ड और राशन कार्ड तक शामिल हैं। यह स्थिति चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

**चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान, नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू :** चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन अवैध मतदाताओं को अंतिम सूची से बाहर रखा जाएगा। SIR अभियान का प्रमुख उद्देश्य ही फर्जी वोटरों की पहचान करना है। आयोग ने संकेत दिया है कि 1 अगस्त 2025 के बाद ऐसे नामों को अंतिम सूची में नहीं जोड़ा जाएगा और 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली फाइनल लिस्ट में इनकी संख्या भी सार्वजनिक की जाएगी।

विपक्ष ने साधा निशाना, आयोग ने ठोस सबूतों का हवाला दिया

- जांच के दौरान चुनाव आयोग ने किया बड़ा खुलासा
- नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के नागरिकों के नाम सूची में शामिल
- विदेशी नागरिकों के पास वोटर आईडी, आधार और राशन कार्ड पाए गए

**80% से अधिक मतदाताओं ने जमा किए दस्तावेज अंतिम तिथि 25 जुलाई**

वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अब तक 80% से अधिक मतदाताओं ने अपनी पहचान और पते की जानकारी के साथ फार्म जमा कर दिया है। आयोग ने 25 जुलाई 2025 की डेडलाइन तय की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक यह काम उससे पहले ही पूरा हो सकता है।

हालांकि महागठबंधन और कांग्रेस ने इस अभियान को 'राजनीतिक एजेंडा' बताया है, लेकिन डोर-टू-डोर सत्यापन के दौरान मिले दस्तावेजों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का संकेत दिया है। अब यह मामला सिर्फ मतदाता सूची तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, चुनावी पारदर्शिता और पहचान पत्र प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़ चुका है।

## इंडिया | लुप्त होते कैमरे और एआइ निर्मित फर्जी वीडियो की धूम

सोशल मीडिया में पीएम मोदी और चीनी,अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ वैश्विक रूप से चर्चित नेताओं के अजीबो गरीब कृत्रिम मेधा निर्मित फर्जी वीडियो की धूम मची है और अब बनारस में गंगा किनारे बंदरों के वीडियो भारी ट्रैफिक और फॉलोइंग बटोर रहे हैं। इनमें काशी के घाट से लेकर, प्रयाग का गंगा स्नान और प्रेमानंद महाराज के दरबार से लेकर अबुंबाची का मेला भी है। यही नहीं ट्रैवल, धर्म, फूड के अलावा पहलगाम आतंकी हमले जैसे न्यूज कंटेंट भी मौजूद हैं। बिना किसी जगह पर जाए, बिना ऑन कैमरा चेहरा दिखाए सिर्फ तकनीक और क्रिएटिव कंटेंट की बदौलत तैयार ये वीडियो न्यू एज वी-लॉगिन्ग का अद्भुत ऑप्शन हैं।बंदर के कैरेक्टर के जरिये 15-20 दिन में 30 हजार फॉलोवर्स वाला इंस्टाग्राम अकाउंट क्रिएट करने वाले आकाश उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले हैं। वह बीटेक ड्रॉपआउट हैं। आकाश कहते हैं कि वह लंबे वक्त से एआई के जरिये एनिमेशन तैयार कर रहे थे। बंगलूरू के एक स्टार्टअप के लिए काम करते थे। फिर उन्होंने विदेशी क्रिएटर्स को जानवरों का इस्तेमाल कर वीलॉग बनाते देखा, तो तय किया कि भारतीय बाजार के लिए वह बंदर के कैरेक्टर का इस्तेमाल कर वीडियो तैयार करेंगे। उन्होंने सबसे पहला वीडियो बनारस के घाट का बनाया, जिसमें यह बंदर बनारस जाता है। चौथे वीडियो तक उनका अकाउंट हिट हो गया। इस वीडियो को अब तक 90 लाख लोग देख चुके हैं। उन्हें एक वीडियो बनाने में 5-6 घंटे लगते हैं। वह कहते हैं एआई से काम आसान हुआ है। लेकिन कंटेंट मजबूत नहीं होगा, तो उनके वीडियो कोई नहीं देखेगा। वह कंटेंट के लिए बाकायदा जांचते हैं कि आजकल हमारे आसपास क्या चल रहा है और कोशिश करते हैं कि कहानी इन्सानों की जिंदगी जैसी हो। पिछले एक महीने में लगभग 50 से ज्यादा ऐसे अकाउंट्स इंस्टाग्राम पर शुरू हुए हैं, जिनमें बंदर को लेकर एआई निर्मित वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। दूसरी ओर अब चलन से दूर होते कैमरे की शुरुआत 1839 में एक चमत्कार के रूप में हुई थी, जब क्षणों को रजत-पटलों की मदद से छवियों को कैद किया जाता था । अंग्रेज लेखिका और इतिहासकार एलिजाबेथ ईस्टलेक ने कैमरे के बारे में लिखा था, 'इसका उद्देश्य तथ्यों का प्रमाण देना है। प्रत्येक तस्वीर हमारी दुनिया के इतिहास का प्रामाणिक अध्याय बन जाती है।'फ्रांसीसी आविष्कारक और सिनेमा के अग्रदूत लुमियर ब्रदर ऑगस्टे और लुई ने वर्ष 1895 में पहली बार सार्वजनिक तौर पर फिल्म स्क्रीनिंग आयोजित की। फिल्मों में वास्तविक लोगों, जगहों और घटनाओं को दिखाया गया, जो एक तरह से दुनिया का आईना ही था। लेकिन दर्शकों के बीच बैठे एक जादूगर के दिमाग में कुछ और ही चल रहा था। ये फ्रांसीसी जादूगर जॉर्जेस मेलिएस थे, जो कैमरे के साथ और संभावनाएं देख रहे थे। उन्होंने छवियों के साथ कुछ प्रयोग किए, जो कामयाब रहे। पैसे बनाने के नए तरीकों को ईजाद करने की धुन में उन्होंने नए वीडियो बनाने की सोची ।वास्तविक समारोह के फिल्मांकन के बजाय जादूगर ने कुछ फ्रांसीसी कलाकारों के साथ मिलकर यह वीडियो बनाया था। जब राजा ने इसे देखा, तो वह बहुत खुश होकर बोला, 'यह कैमरा क्या कमाल की मशीन है। इसने समारोह के वे हिस्से भी दिखा दिए, जो असल में हुए ही नहीं थे।' यही वह क्षण था, जिसके बाद से कैमरा कहानियां कहने का माध्यम बन गया। 1961 में आयरलैंड के राष्ट्रपति ने टीवी लॉन्च करते हुए कहा, 'मुझे स्वीकार करना होगा कि कभी-कभी, जब मैं टीवी और रेडियो और उनकी अपार शक्ति के बारे में सोचता हूं, तो मुझे थोड़ा डर लगता है। टेलीविजन के आगमन से कैमरे की छवियां सीधे लोगों के घरों में पहुंचने लगी थीं।2000 के दशक की शुरुआत के साथ मोबाइल क्रांति से हर कोई तस्वीरें खींच रहा था। आज दुनिया में लगभग 45 अरब कैमरे हैं और यूट्यूब पर हर मिनट में 500 घंटे के बराबर फुटेज प्रकाशित किए जा रहे हैं। कभी दिलों को छूने वाली लोगों की भावनाओं को जगाने वाली छवियां होतीं थी और अब वीडियो बनाए जा रहे हैं। डरावने, हिंसक, हास्यप्रधान से लेकर अश्लीलता की सीमाएं लांघते सभी तरह के वीडियो बनाए जा रहे हैं। कैमरों के बारे में कहा जाता था कि वक्त यादों को भले धुंधला कर दे तस्वीरें कभी धुंधली होती नहीं हैं ।आज तकनीक यदि एआइ की है तो हमें उसका दुरुपयोग करने के बजाय समाज को दिशा देने का प्रयास करना चाहिए और यदि भौंडे अश्लील कंटेंट किसी ने डालें हो तो उनका सार्वजनिक बहिष्कार कर उन्हें हतोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि समाज और संस्कृति सुरक्षित रहे और ये हम हम सभी के हाथों में है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## सऊदी अरब में हादसे में मृत धनंजय महतो का पार्थिव शरीर स्वदेश आया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशीलता और श्रमिकों/कामगारों के प्रति सम्मान का प्रतिफल है कि विदेशों में हादसे में मृत कामगारों का पार्थिव शरीर स्वदेश उनके परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। धनंजय महतो भी उनमें से एक हैं जिनका पार्थिव शरीर राज्य सरकार के श्रम विभाग के अधीन राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के प्रयास से सऊदी अरब के तबूक से ग्राम बंडखड़ी, पोस्ट उचाघना, थाना विष्णुगढ़, जिला हज़ारीबाग उनके परिजनों तक पहुंच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय धनंजय महतो लार्सन एंड टुब्रो कंपनी में कार्यरत थे। सऊदी अरब के तबूक में कार्य के दौरान 24 मई 2025 को उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

**परिजनों को मिलेगा मुआवजा**

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा कंपनी एवं परिजनों के साथ समन्वय स्थापित कर मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा।

## पेसा कानून लागू करने में देर क्यों : नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच ने केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) भारत के आदिवासी समुदायों को स्वशासन, प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए एक क्रांतिकारी कानून है। पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त करता है। झारखंड, जो आदिवासी बाहुल्य राज्य है में पेसा कानून को लागू करने में 25 वर्षों से अधिक की देरी ने कई सवाल खड़े किए हैं।

# मादक पदार्थों के खिलाफ मंच ने निकाला आक्रोश मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक के नेतृत्व में रांची शहर में हो रहे चरस, अफीम व ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों के खिलाफ जन आक्रोश सह जागरूकता मार्च निकाला।

मार्च देवी मंडप रोड स्थित आफिसर्स बैंक कालोनी से शुरू होकर पंडरा थाना, आईटी बस स्टैंड, मधुकम, सुखदेव नगर थाना होते हुए बिड़ला मैदान से सरोवर नगर डैम साइड तक गया। मार्च में वार्ड नं31 और 32 के सैकड़ों महिला पुरुष युवा और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा झंडा और डंडा लेकर निकले।




मौके पर अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रांची अपराधियों और नशेड़ियों की राजधानी है। आम नागरिकों को जब चाहे तब इनके कोप का शिकार होना पड़ता है। शासन प्रशासन और पुलिस सबकुछ जानते हुए इसपर नियंत्रण करने में नाकाम है। आए दिन सुखदेव नगर और पंडरा दोनों ही थाने के अंदर पड़ने वाले सभी गली मोहल्ले में बेखौफ होकर नशेड़ी और अपराधी तांडव मचा रहे हैं। बहन बेटियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। किसी से मोबाइल लूट ले रहा है किसी के गले से चैन खींच रहा है। विरोध करने वालों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

हाईस्पीड में कार या बाइक चला रहे लड़कों ने अलग से जान सकते में डाल रखा है। एक तरह से पूरा नागरिक समाज की सम्मान, सुरक्षा और शांति खतरे में है। मजबूर होकर जनता सड़क पर लाठी डंडे लेकर निकल गया है।

मौके पर मुख्य रूप से मनमोहन पांडेय मंटू मुंडा नीतू सिंह जया तिवारी उषा सिंह राधा चौधरी सुनीता उरांव अनिता कुमारी प्रतिभा कुमारी ,रवि मेहता शैलेश सिन्हा, सत्यप्रकाश मिश्र, रिपू मोहन मिश्रा विजय पांडेय समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

### मोरहाबादी की चौपाल से

## राज्य या राष्ट्र का विकास हो या न्याय पाने की उम्मीद में कुछ और



मोरहाबादी की चौपाल में एक गंभीर विषय था राज्य या राष्ट्र का विकास हो या न्याय पाने की उम्मीद, आम आदमी टकटकी लगाकर देखते रहता है,ध्यान लगता है, हाथ जोड़ता है, प्रणाम करता है, उन लोगों को जिनको आजकल वीआईपी या वीवीआईपी के नाम से जाना जाता है। कल एक ही दिन में एक ही समाचार पत्र में ऐसी तीन खबरें थी ,जिससे पता चला कि वे या तो जेल के अंदर हैं या कार्य मुक्त हैं, तब जनता की उम्मीद का क्या होगा? मोरहाबादी की चौपाल से रविवार को इस सप्ताह की कुछ खबरों पर चर्चा हुई। सारांश यही निकला कि धन, लोभ और पद लोग के यही तो मुख्य परिणाम होते हैं जो समाचार पत्र जनता तक पहुंचाते रहते हैं और विवश असहाय आदमी पढ़ लेता है। आम चुनाव के समय हम सबको एक ही धर्म निभाने को कहा जाता है। प्रजातंत्र बचाना जरूरी है तो जलपान की पहले मतदान।

### समान काम के लिए मांग रहे समान वेतन

# मांगों को लेकर पारा शिक्षक करेंगे विधानसभा का घेराव

- 19 व 20 जुलाई को विधायकों को मांग पत्र सौंपेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) समान काम के लिए समान वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव करेंगे। यह निर्णय रविवार को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक में लिया गया। बैठक मोरहाबादी मैदान में हुई। इसमें राज्य भर के लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में आंदोलन ही एकमात्र विकल्प है।

शिक्षक अपनी मांगों को लेकर 19 व 20 जुलाई को राज्य के सभी विधायक को मांग पत्र सौंपेंगे। इसके बाद आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो शिक्षक पांच सितंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इसके बाद राज्य के स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को राज्यभर के शिक्षक मोरहाबादी मैदान में जमा होंगे। शिक्षक स्थापना दिवस कार्यक्रम का विरोध करेंगे। बैठक में मोर्चा की राज्य कमेटी के सदस्य विनोद बिहारी महतो, विनोद तिवारी, संजय दुबे, ऋषिकेश पाठक, दिलशाद अंसारी, सिंटू सिंह, विकास कुमार, सुमन कुमार नरोत्तम सिंह मुंडा भागवत तिवारी, सुनील पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

## स्कूली बच्चों की साइकिल भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में चौतरफा भ्रष्टाचार व्याप्त है। स्कूली छात्रों को दी जाने वाली साइकिल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कहा कि कल्याण विभाग द्वारा सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को कबाड़ साइकिलें वितरित की जा रही हैं।साइकिलें या तो पहले से पंचर थीं, या उनके टायर-ट्यूब ही फटे हुए थे। कुछ के हैंडल ढीले तो कुछ की चेन जाम। मजबूरन बच्चे साइकिलें कंधे पर ढोते या हाथ में थामे पैदल लौटे। कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि हर बच्चों की योजनाएं तक इससे अछूती नहीं रही। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खराब हो चुकी सारी साइकिलें वापस लेकर बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

## हेमंत से मिलकर रघुवर ने जाना शिबू सोरेन का हाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का कुशलक्षेम जानने के लिए पूर्व सीएम रघुवर दास ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती 81 वर्षीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत स्थिर है। वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम गुरुजी की निगरानी कर रही है। रघुवर ने एक्स पोस्ट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाबा वैद्यनाथ से कामना है कि गुरुजी जल्द स्वस्थ हों और झारखंड की सेवा में फिर से जुट जाएं।

उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को 19 जून को अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण आईसीयू में रखा गया था। सर गंगा राम अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ उनकी देखभाल कर रहे हैं। राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए विशेष पूजा-अर्चना और प्रार्थनाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

## लायंस क्लब ऑफ रांची की बोर्ड मीटिंग संपन्न

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के सचिव लायन दीपक कुमार साहू के संयोजन में वर्ष 25 - 26 की प्रथम बोर्ड मीटिंग का आयोजन हुआ। जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यों नशा मुक्ति,फूड फॉर हंगर,पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा ने क्लब को एक एंबुलेंस गाड़ी की चाभी हरिकनक ग्रेटर क्लब को सौंपी और कहा की महीने में दो बार निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्रदान करेंगे।

## हादसे में महिला की मौत, पति घायल

**रांची।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत मालती रिंग रोड में सीएनजी पंप के समीप अनियंत्रित कार ने खड़े ट्रेलर को टक्कर मारते हुए पलट गई। दुर्घटना में घायल कार सवार दंपती को पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से रिम्स पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में सविता लकड़ा की मौत हो गयी। वहीं पति पवन लकड़ा का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों कवाली स्थित घर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना की ओर जा रहे थे।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल

## आज से भारतीय तटरक्षक बल जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



- रांची में चार जगहों पर किया जा रहा है कार्यक्रम

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं। इसे लेकर रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी के तहत रांची में भारतीय तटरक्षक बल एक ऐसे अभियान की शुरुआत कर रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ। रविवार को ओरमांझी स्थित राम टहल चौधरी विद्यालय में 10 बजे,कांके स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज में 12 बजे, पुंदाग स्थित लाला लाजपत राय स्कूल में एक बजे, गोस्सनर कॉलेज में दो बजे से संगोष्ठी आयोजित की गई है। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भारतीय तटरक्षक बल देश के युवा विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए एक जागरूकता एवं भर्ती अभियान चलाया जा रहा है, जो रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। यह अभियान रांची में पहली बार शुरू हुआ है, जो 20 जुलाई तक आयोजित होगा। यह बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। भारत के समुद्री हितों की रक्षा, समुद्री कानूनों का प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज एवं बचाव कार्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और समुद्री कानून प्रवर्तन शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच भारतीय तटरक्षक बल को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है।

## चार शहरों में चलेगी मेट्रो रेल



**रांची।** झारखंड के चार प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो में मेट्रो सेवा शुरू करने की दिशा में राज्य सरकार ने अहम पहल की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को मेट्रो परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव भेजा है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस परियोजना को मंजूरी देने की मांग की है।राजधानी रांची समेत इन शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती आबादी और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। मेट्रो सेवा शुरू होने से न सिर्फ ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि वायु प्रदूषण में भी गिरावट आएगी। नागरिकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कम समय लगेगा और खर्च भी कम होगा। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी हाल ही में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर राज्य में मेट्रो सेवा के लिए सहयोग मांगा था।

# कांग्रेस के मंत्री-विधायक से राहुल गांधी आज लेंगे कामकाज की रिपोर्ट, देंगे निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री और पार्टी के सभी विधायक सोमवार को लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायक दिल्ली पहुंच चुके हैं। कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायकों से विभागों के साथ-साथ संगठन में दी गई जिम्मेदारी व कामकाज की रिपोर्ट ली जाएगी। राहुल गांधी संगठन के कार्यों, कार्यक्रमों के साथ-साथ झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा किए जा रहे कामों, झारखंड सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और आवश्यकता अनुसार निर्देश देंगे।

झारखंड में सरकार बनने के बाद से अब तक क्या-क्या कार्य किए गए हैं और आगे क्या किये जाने हैं। साथ ही, पार्टी के घोषणा पत्र में किये गये वादों में कितने पूरे हुए, कितने पर काम शुरू हुआ, इसके बारे में भी बताना है। इसके अलावा कांग्रेस संगठन सृजन के लिए मंत्रियों को प्रमंडलवार जिम्मेदारी दी गई है। इसमें उन्होंने महीने में कितना दौरा और कितनी बैठकें की हैं, इसके बारे में भी बताना होगा। इसी तरह कांग्रेस विधायकों को भी जिलावार टास्क दिया गया है। इसमें वे कितना काम कर सके हैं, उसकी जानकारी देनी होगी। विधायक बताएंगे अपनी पीड़ा, मंत्री नहीं देते तरजीह राहुल गांधी के समक्ष कांग्रेस कोटे के विधायक अपनी पीड़ा रखेंगे। उन्हें पार्टी कोटे के मंत्री भी तरजीह नहीं देते हैं। पार्टी के कई विधायक खुल कर इस पर अपनी बात रख चुके हैं। कांग्रेस के प्रभारी के. राजू के समक्ष मंत्री-विधायक, पूर्व सांसद-पूर्व मंत्री विधायक दल की बैठक और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में आपस में ही भिड़ चुके हैं। पेसा कानून, रिम्स टू को लेकर पार्टी के अंदर ही आम सहमति बनती नहीं दिख रही है। राहुल गांधी के समक्ष इस पर भी बात रखेंगे। पहले कार्यकर्ताओं की मंत्री नहीं सुनते ऐसी शिकायतें आती थीं, लेकिन अब पार्टी के विधायक ही मंत्री पर यह आरोप लगा रहे हैं। मंत्रियों को मिल सकती है चेतावनी कांग्रेस आलाकमान कामकाज में शिथिलता बरतने वाले मंत्रियों को चेतावनी दे सकता है। आलाकमान ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि मंत्रियों का पद कार्यकर्ताओं की बदौलत मिला है। अगर कार्यकर्ताओं की नहीं सुनी जाएगी तो पार्टी उन्हें बदलने में देर नहीं लगाएगी। ऐसे में मंत्रियों को अगले छह महीने तक के काम का मौका दिया जाएगा। एक साल के कार्यकाल के बाद फिर से कामकाज का आकलन होगा और इसमें आशानुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर आलाकमान बदलाव पर निर्णय ले सकेगा।

### कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान शुरू




**रांची।** कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान के तहत रविवार को महानगर कांग्रेस की पहली बैठक धूमकुड़िया भवन, मोरहाबादी में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की बड़ी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ ही उनके निराकरण पर विचार-विमर्श करना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व उपाध्यक्ष अरुण चावला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू लगभग प्रत्येक महीने ही झारखंड का दौरा कर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में हमसब का यह नैतिक दायित्व है कि रांची लोकसभा और विधानसभा सीट पर अगले चुनाव में जीत हासिल करने के लिए हम भी कोई कसर नहीं छोड़ें। पूर्व नगर उपाध्यक्ष शांति खलखो ने कहा कि वे विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र के लोगों के साथ उनकी हर समस्या को दूर करने में कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। संगीता कुमारी ने कहा कि हम सभी सांगठनिक रूप से मजबूत होकर कांग्रेस पार्टी को जिताने में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पार्टी को भी हमारी गंभीर समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। बैठक में मनीषा मिंज, कैलाश मुंडा, शकुंतला उरांव, आशा तिर्की, राजेश लिंडा, पूनम देवी, निर्मला तिर्की, सुमित्रा खलखो, रेशमा उरांव, सुषमा मिंज, ज्योति कच्छप, ऋषिता मिंज, मालती मिंज, तनिमा मिंज, अंजली, उज्ज्वल लकड़ा, अमित तिग्गा, अनिल कच्छप, ललिता तिर्की, राधा देवी, शांति उरांव, सुनील मिंज, बांके, क्रिस्टीना धान आदि मौजूद थे।


## अधिवक्ता परिषद का प्रांतीय अभ्यास वर्ग संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अधिवक्ता परिषद के द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को संपन्न हुई। अभ्यास वर्ग कार्यक्रम में झारखण्ड में रहने वाले लगभग 183 राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, प्रांत के मार्गदर्शक, पदाधिकार, कार्यकारिणी के सदस्य - आयाम टोली के सदस्य जिलों के प्रभारीविशेष रूप से शामिल रहे। मौके पर राष्ट्रीय मंत्री व झारखंड सह बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी ने कहा कि अधिवक्ता परिषद ऐसे वकीलों का न्यायिक संघ है जो समाज और राष्ट्र की चिंता करता है तथा सामाजिक परेशानियों के ऊपर काम करते हुए अंतिम व्यक्ति तक सुलभ और सस्ता न्याय दिलाता है। उन्होंने कहा कि परिषद के अंतर्गत विभिन्न आयाम बनाए गए है जिसका उद्देश्य विभिन्न कार्यों का विश्लेषण कर अधिवक्ताओं को जागरूक करना है क्योंकि अगर हम अधिवक्ता जागरूक रहेंगे तो समाज जागरूक होगा इसलिए हमें निरंतर परिषद के मूल उद्देश्यों को धरातल पर लाने के लिए प्रयासरत रहना होगा तभी बदलाव आएगी। आज का कार्यक्रम कुल चार सत्रों में संपन्न हुआ जिसमें अधिवक्ता परिषद के विभिन्न आयामों के पदाधिकारियों का व्यक्तिगत उद्बोधन, विचार एवं सुझाव लिया गया एवं आगे अधिवक्ता के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ परिषद की आगामी नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पूरी चर्चा में एक मूल विचारधारा सामने निकल कर आई कि एक अधिवक्ता समाज में कैसे सुधार एवं बदलाव ला सकता है इस पर निरंतर कार्य करने की जरूरत है और जिस गति से झारखण्ड राज्य अधिवक्ता परिषद इस प्रयास में लगा है इससे यह बदलाव आ रहा है और आता रहेगा। समापन समारोह का मंच संचालन अवनीश रंजन मिश्रा एवं मीरा कुमार ने किया। जिसमें विशेष रूप से वरीय अधिवक्ता प्रभात सिन्हा, गोपाल कृष्ण निताई, भीम महतो, अशोक कुमार, नीता कृष्णा, इंदु परासर सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड साहित्य संस्कृति मंच मनाएगा तुलसी जयंती



**रांची।** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच की कार्यकारिणी की बैठक उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विनय सरावगी, सचिव विनोद सिंह गहवार, कोषाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा बादल, कार्यकारिणी सदस्य सुरिंदर कौर 'नीलम,' गुरु कमल सिंह, मुक्ति शाहदेव, असित कुमार और कामेश्वर सिंह 'कामेश' की उपस्थिति में हुई ।03 अगस्त को नामकुम में स्थापना दिवस और तुलसी जयंती मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साहित्यकारों को सम्मानित करना और 25 सितंबर को साहित्यानुरागी स्व हनुमान सरावगी कि स्मृति में काव्य गोष्ठी का आयोजन करना स्मारिका का प्रकाशन करने का निर्णय हुआ।

### विकास | बीसीआई टाइटेनियम की बैठक में एक माह के व्यवसाय की हुई समीक्षा, बोले किशोर मंत्री

# ऑफलाइन बिजनेस को मिल रहा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**



### ऑफलाइन बिजनेस को बढ़ावा मिला

मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि एक दूसरे का व्यापार को आगे बढ़ाने में बीसीआई टाइटेनियम के सदस्य मेहनत कर रहे हैं। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी सदस्यों का कारोबार में ग्रोथ नजर आ रहा है। ऐसे ही एक दूसरे का सहयोग करेंगे, तो अपने व्यापार एवं संस्था का उंचाई पर ले जा सकते हैं। मिलने जुलने से ही व्यापार को बढ़ावा मिलता है। ऑफलाइन बिजनेस को बढ़ावा मिल रहा है। कंज्यूमर इसका लाभ उठा रहे हैं। इस आधुनिकता के युग में ऑफलाइन बिजनेस के द्वारा बीसीआई भाईचारा स्थापित कर रहा है।

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) टाइटेनियम रांची की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष हिमानी गुप्ता ने कहा कि बीसीआई टाइटेनियम के सदस्यों ने बीते महीने उल्लेखनीय व्यापारिक लेन-देन किए गए। इसके माध्यम से आपसी सहयोग और विश्वास को मजबूती मिली है। कई सदस्यों ने यह भी बताया कि बीसीआई मंच के कारण उन्हें नए क्लाइंट्स और बिजनेस लीड्स प्राप्त हुए हैं। बैठक में सभी सदस्यों ने पिछले एक माह के व्यापारिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की और व्यापार बढ़ाने को लेकर अनुभव साझा किए।

प्रियंका वर्मा शास्त्री को जून माह का सबसे सफल रेफरेंस देने का और व्यापारिक बढ़ाने का करने का अवार्ड मिला। बैठक में कई नए विज़िटर्स ने भी भाग लिया और संगठन की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। इस अवसर पर निदेशक धीरज ग्रोवर, रमेश कुमार, अजय कुमार, बीसीआइ टाइटेनिमय की उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनूज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रीता पाठक, शिल्पा केजरीवाल, सुबोध कुमार, प्रियंका शास्त्री, निधि सिंघानिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में लीवर स्पेशलिस्ट की ओपीडी सुविधा शुरू

**रांची।** सदर अस्पताल में अब लीवर रोगियों को विशेषज्ञ से इलाज की सुविधा मिलेगी। कोलकाता के प्रसिद्ध लीवर स्पेशलिस्ट डॉ. प्रवीण कुमार ने रविवार को ओपीडी नंबर 2 में मरीजों को उपचार के लिए सलाह दी। पहले दिन तीन मरीजों को को डॉ प्रवीण ने खानपान सुधारने और जरूरी जांच कराने की सलाह दी। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि डॉ. प्रवीण लीवर, पैंक्रियाज और बिलियरी सिस्टम के रोगों का इलाज करने में विशेषज्ञ हैं। 80 से 90 प्रतिशत लीवर संबंधी समस्याएं समय पर उपचार लेकर ठीक की जा सकती हैं। केवल गंभीर मरीजों को आईसीयू में जाना पड़ता है। हालांकि इसके लिए भी अस्पताल तैयार है। डॉ. प्रवीण को रांची को फैटी लीवर मुक्त जिला बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

## श्री श्याम मित्र मंडल की हुई बैठक



**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) में मण्डल के सभागार में अध्यछ सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने किया। बैठक में सत्र 2025-2027 के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने वाले पदाधिकारियो व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा होनी थी। बैठक में सुझाव आया कि फिर से एक बैठक आयोजित करनी चाहिए। अजय मारू, अनुज मोदी,राजीव रंजन मित्तल, राजकुमार केडिया आदि ने अपने विचार रखे। मण्डल के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने अध्यक्ष सुरेश सरावगी से विमर्श करके फिर से जल्द से जल्द बैठक बुलाने की घोषणा की। बैठक में गोपाल मुरारका,श्रवण ढांढनिया, संजय सराफ, पंकज गाड़ोदिया,गौरव अग्रवाल,श्याम सुंदर शर्मा,कविता मित्तल,राजेश ढांढनिया, अशोक लाडिया,रोहित अग्रवाल,विष्णु चौधरी, अनिल नारनोली,रतन सिंघानिया,आदित्या लोहिया,रतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। चुनाव पदाधकारी विश्वनाथ नारसरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

### ऑटो के आतंक से नागा बाबा खटाल क्षेत्र परेशान

# नो पार्किंग का बोर्ड लगा है लेकिन चालान नहीं काटा जाता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची को स्मार्ट सिटी के रूप में ढालने के लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं बनाई जा रही है। लेकिन राजधानी की व्यस्तम इलाकों में और जिन रास्तों से राजधानी के हर क्षेत्र में जाने के रास्ते मिलते हैं उन्ही जगहों पर जाम और अवैध पार्किंग का कब्जा बना हुआ है। राजधानी रांची के नागा बाबा खटाल के पास कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। जहां ऑटो चालकों का आतंक मचा हुआ है जिससे एलिवेटेड कॉरिडोर से उतर कर रातू रोड चौक की तरफ और कचहरी से रातू रोड की तरफ जाने वाले आम लोग ऑटो चालकों के कहीं भी ऑटो खड़ी कर यात्री बैठाने की आदत से परेशान है।



## ऑटो चालकों में नहीं है पुलिस का भय




वहीं नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ पुलिस कर्मियों ने बताया कि चालान अधिकारी की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है अब तक और ना ही चालान काटने की हाथ मशीन दी गई है जिस कारण ऑटो से लेकर दुपहिया और चार पहिया वाहन निडर होकर नागाबाबा खटाल एरिया के आस पास कचहरी की ओर से आने वाले सर्विस लेन में मनमाने ढंग से पार्किंग करते हैं या दुकाने लगाते हैं। तैनात पुलिस कर्मियों का कहना है उन्हें बार बार हटाया जाता है लेकिन फिर से लोग वापिस आकार गाड़ी लगा देते हैं। ऑटो चालकों के साथ साथ आम लोग भी नो पार्किंग बोर्ड लगे होने के बावजूद वाहन पार्क कर देते हैं। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टैंड के नाम पर वहां कुछ युवकों के द्वारा वसूली की जाती है जिनका संरक्षण ऑटो और मिनी बस चालकों को मिलता है। जिस कारण उनके मन में पुलिस का भी डर नहीं है।

## लावारिश न छोड़ें गायों को...




**नागाबाबा खटाल** के पास कचहरी की ओर से आनेवाले सर्विस लेन में सड़क किनारे बैठी गाय तेज रफ्तार वाहनों से अश्चर्यजनक ढंग से बची हुई थी, पर कब तक बचेगी, यह सवाल सभी के मन में था जो किसी प्रकार अपने वाहन संभाल ले रहे थे।

## पहाड़ी मंदिर महाकाल मंदिर में बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार

रांची। रविवार को श्रावण मास के तीसरे दिन पहाड़ी बाबा मंदिर रांची नीचे महाकाल मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और उज्जैन की तर्ज पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ,बाबा के दर्शन के लिए बहुत ही भारी संख्या में भक्त हजारों की संख्या में बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। विसमिति ने तय किया है कि प्रत्येक रविवार को बाबा उज्जैन स्वरूप में भव्य दर्शन देंगे । इस अवसर पर भोले की फौज के द्वारा भव्य कीर्तन का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में राजकुमार शर्मा , जितेंद्र प्रसाद, सौरभ चौधरी, राजेश गाड़ोदिया श्रृंगार करने में रौनक सिंह, पीयूष, रितेश, अभय, अंकित , आशुतोष, विकास यादव, हिमांशु का विशेष योगदान रहा। भोले की फौज के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार को विशेष धन्यवाद दिया गया।

## 3 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया अन्नपूर्णा महाप्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 218 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। रविवार को महाप्रसाद संजय अग्रवाल व निशी अग्रवाल की शादी के 25 वीं वर्षगांठ पर उनके पुत्र आकर्ष अग्रवाल, पुत्री सोनल अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से 151 किलो दूध का केसरिया खीर का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर व आलू चिप्स का पैकेट वितरित किया गया। इसके बाद भजन- संध्या कार्यक्रम में गायकों ने कृष्ण दरबार में मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगी रही। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।इस अवसर पर-डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, शिवभगवान अग्रवाल, मधु जाजोदिया,पूरणमल सर्राफ,सुरेश चौधरी,विशाल जालान, अंजनी अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर का 18वां वार्षिकोत्सव 18 से 20 जुलाई तक मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव के साथ वैकुण्ठाधिपति भगवान् का श्रीलक्ष्मीजी की अवतारिका आकाशराज तन्या राजकुमारी पद्मावतीके संग विवाह महोत्सव मनाया जाएगा । यह महोत्सव भगवान् के पुत्र - जगत् पितामह ब्रह्माजी ने भगवान् श्रीमन्नारायण से आदेश प्राप्तकर, आदिकाल में इस भूलोक के वैकुण्ठ कहे जाने वाले वेंकटाचल पर्वत पर मनाया था। जिस कारण से इस महोत्सव को ब्रह्मोत्सव के नाम से भी जाना जाता है । भगवान के इस विवाह महोत्सव में सभी तैतीस कोटि देवी - देवताओं , शिव -पार्वती, ब्रह्मा, इंद्र ,सूर्य ,चंद्र ,सभी नक्षत्र ,अष्टलक्ष्मीयां और गंदर्भ , किन्नर, नाग ,सर्प एवं अप्सरायें आदि चौदहों भूवन के निवासी देवता बढ़-चढ़कर भाग लिया था। तब से आज तक भारतवर्ष के सभी दिव्य देशियें मंदिरों में यह महोत्सव मनाने की प्रथा चली आ रही है । रांची नगर के दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर को स्थापित हुए पूरे 18 वर्ष हो चुके हैं । 18 जुलाई शुक्रवार को सायं : 4:00 बजे से कलशस्थापनम् एवं यजमान संकल्पम् होगा । 19 जुलाई शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से सुदर्शन हवण तथा दोपहर 3:00 बजे से शोभा- यात्रा - नगर भ्रमण करने को निकलेगी। 20 जुलाई रविवार को कल्याण - महोत्सव अर्थात् भगवान् संग राजकुमारी पद्मावती का विवाहोत्सव। इस दिव्य आयोजन में श्रीधाम वृंदावन से जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज संतों की एक टोली के साथ पधार रहे हैं।

### मारवाड़ी भवन में दुर्गा पूजा समितियों की हुई बैठक

## सत्य अमर लोक दुर्गा पूजा पंडाल में रास्ता विवाद पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में सत्य अमरलोक दुर्गा पूजा पंडाल ने दुर्गा पूजा महानगर समिति एवं रांची जिला दुर्गा पूजा समिति की एक संयुक्त बैठक हुई। यह बैठक सत्य अमर लोक दुर्गा पूजा पंडाल में रास्ता विवाद को लेकर बुलाई गई थी। बैठक में रांची जिला दुर्गा पूजा, रांची महानगर दुर्गा पूजा, एवं विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से मुनचुन राय, रमेश सिंह, अशोक चौधरी,अशोक पुरोहित, मनोज पांडे, राहुल अग्रवाल, रवि रोहतगी, राजन वर्मा, सुजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, निशांत यादव, राजा प्रताप सिंह, आनंदनाथ तिवारी के साथ मारवाड़ी युवक व्यायामशाला एवं वॉलीबॉल ग्रुप के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। आज के बैठक में रांची जिला दुर्गा पूजा एवं महानगर दुर्गा पूजा के पदाधिकारी ने एक ही बात कहा कि सत्य अमर लोक का दुर्गा पूजा पिछले कई वर्षों से होती आ रही है और इस वर्ष भी हर हाल होगी। इसमे अगर कोई विवाद हो तो पहले उसे शांतिपूर्वक खत्म करना चाहिए अगर उससे भी खत्म नहीं होता है तो उसके लिए रांची के समस्त दुर्गा पूजा पंडाल के सदस्य सत्य अमर लोक के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 27 को

## मुख्य चुनाव अधिकारी ने निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2025- 27 के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव 27 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई से मारवाड़ी भवन में नामांकन पत्र मिलेगा। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई को अपराह्न 4 बजे तक रहेगा। नामांकन पत्र जांच एवं वैध उम्मीदवारों की सूची 18 जुलाई को ही संध्या 5 बजे प्रकाशित किया जाएगा। नामांकन पत्र वापसी की तिथि 20 जुलाई शाम 4 बजे तक है। वहीं उम्मीदवारों की अंतिम सूची 20 जुलाई को ही शाम 5 बजे प्रकाशित किया जाएगा। मतदान (आवश्यक होने पर) 27 जुलाई को अपराह्न 1 बजे से संध्या 4 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। निर्वाचन के लिए संपूर्ण कार्य 15 जुलाई से 20 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न- 3 बजे से संध्या 4 बजे तक मारवाड़ी भवन में होगा। मतदान के लिए सभी सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्गत अपना सरकारी पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को नामांकन पत्र दो सौ रुपए शुल्क देकर स्वयं लेना होगा। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### आज / कल




## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने संजय सर्राफ को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता मे महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में कार्य समिति की बैठक हुई। इसमें झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी समिति ने संजय सर्राफ को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर बधाई। वहीं जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं समाजसेवी विश्वनाथ नारसरिया ने संजय सर्राफ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। संजय सर्राफ विगत 18 वर्षों से रांची के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं में विभिन्न पदों में रहकर कई उल्लेखनीय जनसेवा एवं सामाजिक कार्य करते हुए झारखंड में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कई सामाजिक संस्थाओं में मीडिया के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य किए हैं। कार्यक्रम में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। संजय सर्राफ ने प्रांतीय अध्यक्ष सहित रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। मौके पर महामंत्री विनोद कुमार जैन, कमल कुमार केडिया, किशन साबू, नरेंद्र गंगवाल, पवन पोद्दार,पवन शर्मा,मनोज चौधरी अनिल कुमार अग्रवाल,कौशल राजगढ़िया, प्रमोद सारस्वत, जितेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय महोत्सव 16 व 17अगस्त को

# अलबर्ट एक्का चौक पर मनाया जाएगा महोत्सव

- 5 वर्षो से राजधानी के मुख्यमार्ग पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का हो रहा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि बैठक में मुख्यरूप से आयोजन समिति के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा , कुणाल आजमानी, रविन्द्र मोदी, रमेन्द्र कुमार, जवाहर तनेजा, ऐश्वर्या सेठ, प्रमोद सारस्वत, कमलजीत सिंह संटी, सतीश सिन्हा, नीरज चौधरी, राज वर्मा, सत्येन्द्र सिंह गुड्डु, संजय पोद्दार, पवन बजाज, भीष्म सिंह, मनोज कुमार, राजीव सहाय, नीतू सिंह, राजू रजक, संजीव साहू, भीष्म सिंह, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रकाश धेलिया, मनोज साहू, मनोज महतो,रामलगन राम,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति अलबर्ट एक्का चौक पर 16 व 17 अगस्त को दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाएगा। समिति के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारु एवं अध्यक्ष मुकेश काबरा हैं। रविवार को समिति की बैठक संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, अजय मारु व अध्यक्ष मुकेश काबरा की उपस्थिति में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन 16 एवं 17 अगस्त को किया जाएगा। आयोजन समिति के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व मुकेश काबरा ने बताया कि 16 व 17 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से अलबर्ट एक्का चौक पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्री सेठ ने बताया कि समिति के सानिध्य में 15 वर्षो से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हम मनाते आ रहे हैं। 16 अगस्त को झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। गोबिंदाओ की टीम को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। मुकेश काबरा ने बताया कि 100 से भी ज्यादा सदस्यों को समिति में रखा जाएगा। साथ ही जल्द उनके बीच व्यवस्था निमित कार्यों का वितरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए इस बार पूरी रांची को श्री कृष्ण भक्तिमय बनाया जाएगा ।

संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, अध्यक्ष मुंकेश काबरा ने कहा कि अगली बैठक में समिति के पदों व कार्यो के लिए सदस्यों के नाम के साथ समिति का विस्तार किया जाएगा।




# लगातार बारिश से कच्चे मकान धराशायी, ग्रामीणों को भारी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** पिठौरिया गोदाम टोली में बीते कई दिनों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचा दी है। खासकर कच्चे मकानों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। कई मकान पूरी तरह ढह गए हैं, जबकि कुछ में दरारें आ गई हैं, जिससे लोगों को रातें खुले आसमान के नीचे बितानी पड़ रही हैं। पिठौरिया के निवासी ननकी देवी का कहना है.कि हमारा पूरा मकान अचानक रात में गिर गया। घर के अंदर सो रहे थे, जैसे-तैसे जान बचाकर बाहर निकले। अब रहने के लिए कोई जगह नहीं बची।बारिश के चलते खेतों में खड़ी फसलें भी पानी में डूब गई हैं, जिससे ननकी देवी को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।एक ओर सिर छिपाने को छत नहीं, दूसरी ओर आजीविका पर संकट गहरा गया है।स्थानीय प्रशासन की टीम ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया है, लेकिन अभी तक राहत सामग्री या मुआवजे की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। ननकी देवी ने पिठौरिया पंचायत की मुखिया श्रीमती मुन्नी देवी और सरपंच श्रवण गोप से तत्काल सहायता और पुनर्वास की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी वाले कच्चे मकानों को लगातार बारिश से सबसे ज्यादा खतरा रहता है, और समय रहते मजबूत निर्माण की दिशा में कदम उठाए जाने की ज़रूरत है। अब तक पिठौरिया में 27 कच्चे मकान गिर चुके हैं और तीस परिवार बेघर हो गए हैं.प्रशासन की ओर से राहत कार्य धीमी गति से जारी जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश और चिंता।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो महिला सहित तीन की मौत

**दुमका।** जिला के मसलिया प्रखंड के मोहनपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से चंदन मरांडी (23)की मौत हो गई। रविवार दोपहर को जिस समय पानी बरस रहा था, उस समय चंदन खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली के गिरने से वह घायल हो गया। आनन फानन में घरवाले उसे मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मियों ने घरवालों को पोस्टमार्टम कराने के लिए बहुत समझाया। लेकिन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए। अंत में परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर चले गए। इससे पूर्व जिला के जरमुंडी और सरैयाहाट में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिला की मौत हो गई थी।

# जियो-बीपी ने ग्राहकों संग मनाया पांचवां स्थापना दिवस



**रांची।** जियो-बीपी ने पांचवां स्थापना दिवस रांची के स्थानीय होटल में अपने ग्राहकों के संग मनाया। कार्यक्रम में परिवहन और व्यावसायिक समुदाय से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित ग्राहक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य जियो-बीपी के फ्लीट मैनेजमेंट प्रोग्राम की सफलता और विकास को साझा करना था, जिससे अब तक 2.5 लाख से अधिक ग्राहक और देशभर में 13 लाख से अधिक ट्रक लाभान्वित हो चुके हैं। यह केवल ईंधन खरीदने का माध्यम नहीं, बल्कि पूरी फ्लीट को स्मार्ट तरीके से प्रबंधित करने वाला एक व्यापक प्लेटफ़ॉर्म है। इस प्रोग्राम के तहत ग्राहकों को जियो-बीपी की एक्टिव टेक्नोलॉजी प्रीमियम डीजल पर बाजार दरों पर 2.10 प्रति लीटर तक की छूट भी मिलती है। इस अवसर पर जियो-बीपी के झारखंड स्टेट हेड सुरजीत आचार्य ने जियो-बीपी के देशभर में संचालित अपने 2,067 मोबिलिटी स्टेशनों की उपलब्धि साझा की।

# न्यूज बॉक्स

## तेज रफ्तार का कहर: शराब से लदी पिकअप वैन पलटी, सैकड़ों ने लूटा



**पिठौरिया।** पिठौरिया प्रतिनिधि,रविवार को कांके रिंग रोड स्थित आईटीबीपी कैम्प के पास शराब से लदी पिकअप वैन JH01EY3340 तेज रफ़्तार में थी जिससे मोड़ के पास असंतुलित होकर पलट गई. पिकअप वैन चालक को हलकी चोट आई प्रशासन के द्वारा ईलाज के लिये नजदीकी अस्पताल भेजा गया. जिसके बाद सड़क पर गिरी पिकअप वैन से शराब के बोतल ओर कार्टून को आसपास के लोगो ने सेकड़ो की संख्या में पहुंचकर शराब उठाने लगे कई लोग तो स्कूटी ओर बाइक में उठा कर भाग गए.जिसकेबाद आसपास के स्थानीय ग्रामीण ने बताया की यह मोड़ अत्यधिक खतरनाक है. यहा आए दिन हादसे होते रहते है. इसलिये इस जगह पर स्पीड ब्रेकर ओर पुलिस चौकी की अस्थापित करनी चाहिये जिससे दुर्घटना से बचाव हो सके।

## नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**मांडर।** प्रखण्ड के कंदरी चौक में रविवार को 100 केवी क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी एवं आबिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामवासी पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने के कारण अंधेरे और बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश व प्रयास से ऊर्जा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर शीघ्र उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने मंत्री और कार्यकर्ता का आभार जताया।

## जेसीआई रांची ने आयोजन किया जेसी बैडमिंटन प्रीमियर लीग सीजन 2 का : अमित



**रांची।** जेसीआई ने रविवार को खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इनडोर स्टेडियम में जेसी बैडमिंटन प्रीमियर लीग सीजन 2 आयोजित किया गया। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में 12 टीमें व 60 लोगों ने हिस्सा लिया। इस एक दिवसीय आयोजन में सिंगल्स और डबल्स के कई बैडमिंटन मुकाबले हुए जिसमें सृजन हेतंसरिया की टीम म्यूचुअल स्मैशर्स ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। डॉ संजय जैन को बेस्ट प्लेयर के खिताब से नवाजा गया। रनरअप प्लेयर रहे पंकज साबू व रनरअप टीम रही रोशन व जया मोदी की टीम सुपर शटलर। डबल्स गेम के विजेता रहे ऋषभ जालान व विभोर चौधरी की टीम। महिला सिंगलस गेम में प्रिशा जैन विजेता रही व मधु जालान रनरअप रही। इस कार्यक्रम का संचालन जेसी डॉ संजय जैन की अगुवाई में जेसी ऋषभ जैन, ऋषभ जालान, विभोर चौधरी व अग्निश मित्रा ने सफलता पूर्वक किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतीक जैन, मोहित वर्मा, आनंद धानुका, विजय पटेल, सौरभ साबू, सिद्धार्थ जयसवाल, अभिषेक जालान, तरुण अग्रवाल, अभिषेक जैन, साकेत अग्रवाल, संकेत सरावगी व अन्य उपस्थित थे।

## नशे के खिलाफ अंजुमन के सदस्यों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**चान्हो।** थाना में रविवार को अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन अंसारी मोहलला बलसोकरा के एक प्रतिनिधि मंडल गावं में बढ़ते नशे के प्रचलन को लेकर चिंता जताते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने गावं में नशा बेचने और करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। सदस्यों ने कहा कि युवाओं को नशे की लत लगती जा रही है, जिससे सामाजिक बुराइयों में इजाफा हो रहा है। स्कूल और कॉलेज के छात्र तक इस बुरी आदत की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि नशा बेचने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जाएं। इसपर थाना प्रभारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आमजन सहयोग करें तो नशे को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में रहमतुल्लाह अंसारी, अफ़रोज़ अंसारी,हाजी तफज्जुल, अफ़ज़लूर रहमान,मेराज अंसारी, इफ्तिखार अंसारी, जमील अख्तर, इदरीस अंसारी, नेसार अहमद सहित कई लोग शामिल थे।

## कल्याण गुरुकुल खूंटी बना बेरोजगार युवाओं की उम्मीद

**खूंटी।** प्रेझा फाउंडेशन, कल्याण विभाग झारखंड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्यरत है, जो कल्याण गुरुकुल के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। इस संबंध में कल्याण गुरुकुल के वरीय प्राचार्य केशव चन्द्र मोहंती ने रविवार को बताया कि पिछले 14 वर्षों से प्रेझा फाउंडेशन ने 40,000 से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाकर उनकी पारिवारिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार किया है। वर्तमान में झारखंड राज्य में 27 कल्याण गुरुकुल, आठ एएनएम नर्सिंग कॉलेज, और एक आईटीआई कौशल कॉलेज का संचालन हो रहा है। इस संदर्भ में, प्रेझा फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित कल्याण गुरुकुल, खूंटी (चंद्रपुर, तोरपा) प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन का प्रेरणास्रोत बन चुका है। वर्ष 2018 में जिला प्रशासन द्वारा प्रेझा फाउंडेशन को सौंपे गए इस बहु-कौशल गुरुकुल ने अब तक 82 बैचों के माध्यम से देश और विदेश में 2187 से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाया है। इनमें से 2092 उम्मीदवारों को देश में और 195 उम्मीदवारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, विशेष रूप से खाड़ी देशों जैसे दुबई, अबूधाबी में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिला है। हाल ही में बैच संख्या 81 (टाइल मेसन ट्रेड) के 29 युवाओं गत 11 जुलाई को दुबई स्थित शोभा ग्रुप में रोजगार के लिए रवाना हुए। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है बल्कि पूरे राज्य के लिए प्रेरणा है।

# भूमि विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्ष भिड़े महिला समेत दो घायल



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको गांव में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामला तब तूल पकड़ गया जब एक पक्ष द्वारा जेसीबी मशीन लाकर कथित रूप से खतियानी जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की कोशिश की जा रही थी। सूचना पाकर जब जमीन स्वामिनी मौके पर पहुंचीं और विरोध जताया, तो उनके साथ गंभीर मारपीट की गई। घटना में महिला समेत उनके पति घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर किया गया। घटना के संबंध में तुको निवासी 45 वर्षीय इमराना खातून पति समीयुल हक ने थाना बेड़ो में लिखित आवेदन देकर बताया कि दिनांक 12 जुलाई को करीब 11 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी खतियानी भूमि (खाता संख्या 1, प्लॉट संख्या 147, कुल रकबा 97 डिसमिल) पर कुछ लोग जेसीबी मशीन लेकर अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं। आवेदिका के अनुसार, जब वे स्थल पर पहुंचीं और आपत्ति दर्ज कराई, तो वहां मौजूद मुजफ्फर उर्फ पप्पू, सीटू उर्फ शाहिद रज़ा, मो. वसीर आलम, शहजाद आलम उर्फ गुड्डू, टारजन समेत अन्य ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि उनका दुपट्टा खींचकर उसपर पंचिंग फाइटर से हमला किया गया, जिससे वे गिरकर बेहोश हो गईं थी। शोर सुनकर उनके पति समीयुल हक और पुत्र तौकीर आलम मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी हथियार से मारपीट की गई। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से इमराना खातून और समीयुल हक को गंभीर अवस्था में रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

### अस्मिता वुशु लीग प्रारंभ

# खेलो इंडिया ने खेलों के विकास को नई दिशा दी : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रविवार को हुए अस्मिता वुशु लीग में रांची के विभिन्न स्कूल और क्लबों के करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस लीग के उद्घाटन सत्र के अवसर पर स्वागत सम्बोधन शिवेंद्र दुबे ने किया और अमरेंद्र दत्त द्विवेदी ने मंच संचालन किया.

**इन तकनीकी पदाधिकारियों की रही भूमिका :** लीग के सफल संचालन मे दीपक गोप, रत्नेश कुमार, सुशील कच्छप,एस वाहिद अली, विमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, मनीष मुंडा अशोक उरांव,बासुदेव टोप्पो, सागर कुमार,चंदन कुमार, दुल्ला किसपोट्टा, सोनी मिंज, श्रेया कुमारी, आशीष कुमार, लक्ष्य सोरेन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही. आज के समाचार लिखें जाने तक लीग जारी थीं।

## बोड़ाम में पटाखा फोड़ने पर विवाद, मारपीट के बाद पांच बाराती बंधक



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र के लावजोड़ा गांव में शनिवार देर रात पटाखा फोड़ने को लेकर बारातियों और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। घटना के दौरान मारपीट में धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के केंदबनी निवासी गौतम धान (25), पहाड़पुर निवासी सोनू भुईयां (25), अनिल भुईयां (40), हारु कर्मकार (27) लीमाटी निवासी 16 वर्षीय नाबालिग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घाटशिला क्षेत्र से आई बारात का जुलूस लावजोड़ा गांव से गुजर रहा था। इस दौरान पटाखा फूटकर एक संभ्रांत परिवार के घर पर गिरा। ग्रामीणों ने पटाखा फोड़ने से मना किया, लेकिन बहस बढ़कर मारपीट में बदल गई। देर रात करीब 2 बजे दर्जनों ग्रामीणों ने पांचों बारातियों को दुल्हन के घर से पकड़कर एक स्थानीय घर में बांध दिया। घटना की जानकारी धालभूमगढ़ के एक चौकीदार ने बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार को तीन बजे दी। इसके बाद एएसआई मोहम्मद मजीद पुलिस बल के साथ पहुंचे और साढ़े तीन बजे बंधक बने लोगों को मुक्त कराकर माचा सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा।

# सकारात्मकता के साथ करें झंझावतों का सामना होते जाएंगे हर राह आसान: चौहान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शहर के बरियातू स्थित आरटीसी इंटर कॉलेज में शनिवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास का संचालन खुशी दूत संदीप शाह ने किया। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन, हाईपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति को समाज से खदेड़ ही देनी है। सकारात्मक माहौल में घर के आंगन और स्वयं दिल में खुशी के दीप को जलाए रखना है। जिंदगी हमें जिंदादिली से जीने को मिली है। इसे हम तनाव-डिप्रेशन के हवाले तो कदापि नहीं करेंगे। सकारात्मकता आपके आत्मबल और हौसले को जबरदस्त रूप से बढ़ाता है। खुशी का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि हमेशा हंसते ही रहें। खुशी आपके आत्मशक्ति में छुपी है। किसी भी तरह के दर्द-पीड़ा, झंझवत का मुकाबला सकारात्मक भाव से करें। तनाव-निराशा खुद पर हावी न होने दें। खुशियों का स्वागत दिल खोल कर करें।

## श्रीजानकीरमन मंदिर में संपन्न हुआ गुरुदक्षिणा कार्यक्रम



**खलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलारी खंड की गुरूगोविन्द सिंह शाखा का गुरूदक्षिणा कार्यक्रम रविवार को श्रीजानकीरमन मंदिर, खलारी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने शाखा लगाई और भगवा ध्वज के समक्ष बारी-बारी से अपनी गुरूदक्षिणा अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत एकल गीत, सामूहिक गीत, सुभाषित और अमृत वचन के साथ हुई। वातावरण राष्ट्रभक्ति और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और जिला बौद्धिक प्रमुख, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के सहायक प्रोफेसर, साहित्यकार एवं कृषि नीति विशेषज्ञ डा शशांक कुलकर्णी विशेष रूप से उपस्थित थे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डा कुलकर्णी ने स्वयंसेवकों से कहा कि आप जो भी कार्य करें, उसके पीछे राष्ट्र का भाव अवश्य होना चाहिए। उन्होंने संघ के इतिहास और स्थापना से लेकर वर्तमान स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने जिस भी क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया, उसमें उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने भगवा ध्वज को गुरू मानने की परंपरा को विस्तार से बताया और कहा कि ध्वज के प्रति समर्पण ही संघ के स्वयंसेवक का सबसे बड़ा गुण होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने जीवन में अनुशासन, संगठन और संस्कार के भाव को लेकर चलने की परंपरा रही है। और यही संघ की विशेषता भी है। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह भोला चौहान, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, शत्रुंजय सिंह, मुकुल सिंह, मुकेश सोनी, राजेन्द्र चौहान सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप में 41 लाभार्थियों को दी गई डोज

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला में मारवाड़ी युवा मंच, चाईबासा शाखा की ओर से रविवार को शहर में पहली बार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन रुंगटा मैरिज हाउस में किया गया। इस स्वास्थ्य जागरूकता पहल का उद्देश्य 9 से 26 वर्ष की आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित करना रहा। कैंप में कुल 41 लोगों को सिरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की ओर से निर्मित वैक्सीन दी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, 9 से 14 वर्ष के बच्चों को दो डोज तथा 15 से 26 वर्ष के युवाओं को तीन डोज का प्रावधान है। यह वैक्सीन न केवल सर्वाइकल कैंसर बल्कि कई अन्य प्रकार के कैंसर से भी बचाव में प्रभावी मानी जाती है। कार्यक्रम की सफलता में सिविल सर्जन कार्यालय और सदर अस्पताल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खो-खो बालक-बालिका प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** एलईबीबी उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रथम रांची जिला बालक-बालिका सुपर स्पीड खो-खो प्रशिक्षण केंद्र का रविवार को उद्घाटन हुआ। यह प्रशिक्षण केंद्र में इच्छुक प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन अपराह्न साढ़े तीन बजे शाम साढ़े पांच बजे तक मुख्य प्रशिक्षक नितेश कुमार साहु एवं प्रशिक्षक शुभम सिंह के देखरेख में चलेगा। इस प्रशिक्षण केंद्र में आठ वर्ष से सत्रह वर्ष तक के बालक-बालिका निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह एलईबीबी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर तथा सभी खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। आगन्तुकों का स्वागत झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार ने किया, जबकि मंच का संचालन राज्य संघ के कोषाध्यक्ष नितेश कुमार साहु ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राँची जिला के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विधालय के विज्ञान शिक्षक अमित लोहरा, समाजसेवी दीपक मरांडी, खो-खो खेल के विशेषज्ञ सनातन उरांव, अमिका कुमार, निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, शुभम सिंह, कौशल कुमार एवं कई गणमान्य खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस दौरान बालक वर्ग का मैत्रीपूर्ण मैच में बीएसपी उच्च विद्यालय धुर्वा, रांची जिला स्कूल कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 27-19 अंकों से पराजित किया जबकि बालिका वर्ग में जिला स्कूल ने एल.ई.बी.बी.उच्च विद्यालय को आसानी पूर्वक 16-09 अंकों से पराजित किया।

### बह गए थे झरने की तेज धारा में

# 24 दिन बाद झाड़ी में मिला डीपीएस के शिक्षक का शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सेल टाउनशिप स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के शिक्षक माइकल घोष का क्षत-विक्षत शव रविवार को जोन्हा फॉल से करीब चार किलोमीटर दूर झाड़ी से बरामद किया गया है। वह 19 जून को झरने की तेज धारा में बह गए थे। इसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

डीपीएस में म्यूजिक टीचर के रूप में काम करने वाले माइकल घोष मूल रूप से झारखंड के धनबाद के निवासी थे। वह रांची के अलकापुरी मुहल्ले में किराए के मकान में रहते थे। बताया गया कि वह अपने दो साथी शिक्षकों पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक सामंता के साथ जोन्हा फॉल घूमने गए थे। वहां एक ऊंचे चट्टान पर चढ़कर फोटो खिंचवाते समय फिसलकर पानी में गिर गए थे।

घटना के बाद से ही प्रशासन के अलावा एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम उनकी खोजबीन में लगी हुई थी। जोन्हा थाने के प्रभारी हीरालाल शाह ने बताया कि शव की खोज के लिए लगातार दो दिन तक ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया। साथ ही करीब 10 किलोमीटर दूर तक तलाशी अभियान चलाया गया। स्थानीय ग्रामीण भी अपने स्तर से उनकी तलाश करने में जुटे थे। इसके बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

रविवार सुबह ग्रामीणों को झाड़ी में एक शव फंसा हुआ मिला। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान माइकल घोष के रूप में की गई। एनडीआरएफ और प्रशासन के सर्च ऑपरेशन के विफल होने से माइकल घोष के परिजन मायूस थे। रविवार को शव बरामद होने के बाद उनके घर वालों को सूचना दी गई।

### आरपीएफ मूरी ने दो मानव तस्करों को किया गिरफ्तार

## छह नाबालिग लड़कियों को किया रेस्क्यू



**रांची।** आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार दिनांक रविवार को ऑपरेशन एएएचटी के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट मूरी और सीआईबी यूनिट रांची द्वारा मूरी रेलवे स्टेशन पर एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर दो संदिग्ध पुरुषों के साथ छह नाबालिग लड़कियां पाई गईं। पूछताछ में पुरुषों ने अपने नाम बिरेंद्र बेदिया और जीतेंद्र बेदिया ने बताया कि रांची के डिमरा के निवासी हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि वे इन लड़कियों को अवैध रूप से आंध्रप्रदेश विजयवाड़ा ले जा रहे थे, जहां उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। सभी लड़कियां 15 से 17 वर्ष की आयु की थीं। आरोपियों के पास से 07 आधार कार्ड, 04 यात्रा टिकट, 01 पैन कार्ड, 02 मोबाइल फोन एवं 22,300 नकद बरामद किए गए। मोबाइल में कई संदिग्ध नंबर और दस्तावेज पाए गए। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि यह कार्यवाही बिरेंद्र की बहन संगीता कुमारी के निर्देश पर की जा रही थी।

## बरकट्ठा पुलिस ने चुगलामो से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब किया जब्त

# अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है: गौतम

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** बीते कुछ दिनों से बरकट्ठा और गोरहर थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री धड़ले से की जा रही है ।क्षेत्र के राशन दुकानों चाऊमीन सेंट्रो और होटल में खुलेआम देसी और विदेशी शराब बेची और परोसी जा रही है ।वहीं बरकट्ठा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुगलामो में बरकट्ठा पुलिस के द्वारा गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात्रि करीब आठ बजे ग्राम चुगलामो स्थित भोला प्रसाद ,पिता श्याम सुंदर चौधरी के चोउमीन सेंटर एवम इनके घर में छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में इनके चोउमीन सेंटर से स्टर्लिंग रिजर्व बी7 20 पीस अंग्रेजी शराब, रॉयल स्टैग का-05 पीस, बेड मंकी बोतल बियर 12 पीस तथा भोला प्रसाद के घर से बेड मंकी बियर 11 पेटी। प्रत्येक पेटी में 12-12 पीस बियर को बरामद किया गया । बरामदगी के पश्चात विधिवत जप्त कर थाना लाया गया। इस संबंध में बरकट्ठा पुलिस ने थाना कांड संख्या-74/25, धारा- 274/ 275/292 बीएनएस एवम 47(a) उत्पाद अधि० के अंतर्गत कांड अंकित किया गया। वहीं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि मौके पर से अभियुक्त फरार हो गए तथा गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## शिक्षा तक पहुंच के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारा उद्देश्य : प्रो रणवीर

**चितरपुर।** चितरपुर इंटर कॉलेज का परिणाम हर बार की तरह इस बार भी काफी बेहतरीन रहा। कॉलेज के बेहतर परिणाम के बाद कॉलेज के प्राचार्य प्रो रणवीर कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी प्रोफेसर को बधाई दी। कहा कि कॉलेज के बेहतर परिणाम में सभी का सहयोग रहा, सभी प्रोफेसर ने बढ़ चढ़कर काम किया। जिसका परिणाम रहा की इंटर का रिजल्ट बेहतरीन रहा। उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज में बच्चों को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही उद्देश्य है। बच्चों को कॉलेज में हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। ताकि बच्चों को पठन पाठन में दिक्कतें न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज में सीट की कमी हैं। जिसे बढ़ाया जाने का प्रयास जारी हैं। कॉलेज में बच्चों की संख्या बढ़ रही हैं। बच्चों को कॉलेज का माहौल काफी बेहतर लगता हैं। यही वजह हैं कि दूर दराज से बच्चे यहां आते हैं। कॉलेज के प्राचार्य ने स्थनीय विधायक ममता देवी एवं हज़ारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल से कॉलेज में पुस्तकालय निर्माण करने की मांग की हैं। प्राचार्य ने कहा कि पुस्तकालय निर्माण होने से कॉलेज में पढने वाले छात्रों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने अतिरिक्त कमरे का निर्माण करने की भी बात कही है।

## इनरव्हील क्लब ने स्वच्छता अभियान के तहत कुओं और नालियों में डाला ब्लीचिंग पाउडर



**रामगढ़।** वर्षा ऋतु के दौरान पानी से होनेवाली बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा 13 जुलाई को एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कुआं एवं नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस पहल का उद्देश्य बारिश के कारण जल से होने वाले संक्रमण, दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप को कम करना है। जिससे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड व हैजा जैसी बीमारियों से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके । क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से विभिन्न स्थानों पर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और आम जन को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया क्लब का यह अभियान हर साल नियमित रूप से वर्षा ऋतु में चलाया जाता है ताकि समाज को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान किया जा सके। मौके पर क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने बताया कि क्लब समाज हित में आगे भी इसी तरह की जन कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। इस मौके पर जानिशा वडेरा,मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ,नम्रता जैन,रंजू अरोड़ा, नीतू अग्रवाल, हरमीत कौर,रेनू मेवाड़ आदि उपस्थित रहे ।

## शिलाड़ीह में जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# एक माह के अंदर सड़क नहीं बनी तो करेंगे उग्र आंदोलन

### व्यवस्था ठीक नहीं रहने को लेकर सांसद और विधायक पर भड़के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह का मुख्य सड़क जो 2006 ई में आर आई ओ फंड से बना था।अब 20 वर्ष पूर्व बना यह सड़क काफी जर्जर हो गया है। बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर रविवार दोपहर को पंचायत सचिवालय शिलाड़ीह में ग्रामीणों की एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया निजाम अंसारी तथा संचालन समाज सेवी सुनील पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सड़क नहीं बनाए जाने को लेकर लोगों में काफी आक्रोश दिखा। मौके पर उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी ने कहा इस सड़क के निर्माण को लेकर मैं अपने लेटर पैड से उपायुक्त को आवेदन देकर इसे बनाने का मांग किया हूं। वहीं ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाया कि यहां के विधायक और सांसद केवल वोट लेने के समय वादा करते हैं और फिर इस जर्जर रोड के विषय में किसी भी प्रकार की चर्चा नहीं करते ।वहीं पंचायत समिति सदस्य ज्योति देवी ने कहा कि इस रोड से सैकड़ो स्कूली बच्चों के वाहन आते जाते हैं ।यहॉ लगभग 10 हजार आबादी इस रोड में आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क नहीं होने का कारण लोगों को परेशानी हो रही है। अब मजबूरन हम लोगों को उग्र आंदोलन करना होगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रोसमा डुंगडूग से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि काम की स्वीकृति मिल गयी है फ़ाइल सचिव के पास है।फ़ाइल पर सचिव का हस्ताक्षर होते ही सड़क निर्माण का सरकारी टेंडर जारी होगा। मौके पर मुखिया निजाम अंसारी, उप मुखिया सहदेव पासवान, जेएम एम प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी, वार्ड सदस्य शिवलाल यादव, प्रदीप पांडेय, एकलाख अंसारी, जयप्रकाश पांडेय, आशीष पांडेय समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बाजार की सड़क बनी नारकीय, जल जमाव व कीचड़ के कारण आवागमन में हो रही मुश्किल



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बाजार रोड़ की स्थिति नारकीय हो गई है. बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय की आधी से ज्यादा आबादी वाले इलाकों और चलकुशा व जयनगर प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की स्थिति आज बद से बद्तर हो चुकी है. जिसपर जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों की उदासीनता लोगों के लिए परेशानी की सबब बन कर रह गई है. उक्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन होता है. जिसमें आए दिन तीन पहिया यात्री गाड़ी और मोटर साइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं. जानलेवा हो चुकी गड्ढे में जलजमाव वाले स्थान पर अब तक दर्जनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं. स्थानीय दुकानदार सुनील कुमार मोदी, बिट्टू मोदी, मोनू मंडल ने बताया कि गड्ढे नुमा स्थान पर जलजमाव व कीचड़ से काफी बदबू आने लगी है.

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**मांडू।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति गठन के लिए शनिवार को विद्यालय परिसर में आम सभा हुआ।इसकी अध्यक्षता मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी व संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया।पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी सत्येंद्र कुमार, बीपीओ अहिया इस्लाम समाजसेवी छोटेलाल भुइया ,नागेश्वर ठाकुर व योगेश्वर महतो उपस्थित थे। अध्यक्ष मनीता देवी और उपाध्यक्ष उषा देवी का चयन सर्वसमिति किया गया। जबकि सदस्य के रूप में दास, इतवारिया देवी का चयन किया गया।

## श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व सचिव विनोद जैन का निधन

**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के पदाधिकारी एवं व्यवसायी विनोद जैन का रविवार को 8:00 बजे सुबह निधन हो गया। बताया गया कि प्रत्येक दिन की तरह रविवार को विनोद जैन मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर गए। मंदिर पहुंचने पर उन्हें बैचेनी महसूस हुई। जिसके बाद अपने कार से वे घर के लिए निकले। उसी क्रम में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद श्री दिगंबर जैन समाज के लोग उन्हें लेकर अस्पताल गए। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा की स्व विनोद जैन ने श्री दिगंबर जैन समाज के सचिव पद पर रहते हुए अपने कर्म और विचार से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया । साथ ही उन्होंने समाज के युवाओं के मन में सेवा और संस्कार की अलख जगाने का कार्य किया ।

# भारी मात्रा में बीयर बरामद एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** शनिवार रात्रि में पुलिस अधीक्षक महोदय,कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सतगावां थाना क्षेत्र के रास्ते वाहन में अवैध शराब बिहार कि ओर व्यापार के लिए परिवहन किया जा रहा है । उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय,कोडरमा के द्वारा एक टीम का गठन किया गया । गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सतगावां थाना अन्तर्गत दर्शननाला के पास वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया । वाहन चेकिंग के क्रम में एक स्कोर्पियो वाहन संख्या- JH05AJ 1212 को रोककर जाँच किया गया तो उक्त वाहन में कुल- 18 पेटीविभिन्न कम्पनीयो का बियर बरामद किया गया तथा साथ ही स्कोर्पियो चालक राजन कुमारको गिरफ्तार किया गया । वाहन चेकिंग को देखते हुए पिछे से आ रहें एक पिअकप वाहन संख्या- BR09 M 3099के चालकवाहन को सड़क किनारे खड़ा कर वाहन छोड़ फरार हो गया । टीम के द्वारा पिअकप वाहन को जाँच किया गया तो उक्त वाहन मे कुल- 22 पेटी विभिन्न कम्पनी की बियर को बरामद किया गया । दोनो वाहनो(स्कोर्पियो एवं पिअकप) से कुल- 40 पेटीबियर बरामद किया गया । जिसकी कीमत लगभग 1,50,000/-रूपये है ।फरार पिअकप वाहन चालक कि गिरफ्तारी हेतु लगतार छापमारी कि जा रही है । इस संबंध में सतगावां थाना कांड संख्या- 67/25 दिनांक- 13.07.2025,धारा- 274/275/3(5) बी0एन0एस0 एवं 47(ए)Excise Act दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है ।

## सड़क निर्माण कार्य गाइडलाइंस की अनदेखी से आम जन परेशान, होती हैं दुर्घटनाएं

**बरही ।** जीटी रोड चौड़ीकरण कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण बरही से बरसोत तक का क्षेत्र दुर्घटना जोन में बदल चुका है. निर्माण क्षेत्र में सड़क किनारे और अव्यवस्थित कार्य लगातार दुर्घटन को आमंत्रित कर रहा है. निर्माण कार्य के दौरान सड़क के किनारे बैरिकेट्स, इंडिकेटर, पीपीई या यातायात प्रबंधन नगण्य देखने को मिलते हैं. अर्द्निर्मित सड़क पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आना जाना जारी है. इसी मार्ग से कई स्कूल गाड़ियां सहित स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं. आए दिन सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की जाने जा रही है. सड़क जाम और धरना प्रदर्शन के माध्यम से स्थानीय लोग अपना विरोध भी जता चुके हैं. स्थानीय अधिकारियों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी को एनएचएआई निर्माण कार्य के गाइडलाइंस पालन करने के निर्देश भी दिए हैं. परंतु इन सभी निर्देशों को ताक पर रखकर कंस्ट्रक्शन कंपनी कार्य करवा रही है. जिसे देखने वाला कोई नहीं है.

**जाने क्या है निर्माण कार्य के लिए गाइड लाइंस :** एनएचएआई के निर्देशानुसार किसी भी राजमार्ग के निर्माण के दौरान संबधित दुर्घटना क्षेत्र की बैरिकेटिंग आवश्यक है. निर्माण क्षेत्र से गुजरने वाले मार्ग के दोनो किनारे रेडियम इंडिकेटर (बैरिकेटिंग या घेराबंदी अथवा लाल फीता) होना अनिवार्य है. इसके साथ ही निर्माण श्रमिको को सुरक्षा कीट, हेलमेट, जैकेट इत्यादि पहनकर कार्य करनी चाहिए. इसके साथ ही मलबे या धूल से बचाने के लिए लगातार पानी का छिड़काव अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए. साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए लाइन मैन की तैनाती की जानी चाहिए. जिससे आवागमन सुलभ और दुर्घटना मुक्त हो.

## विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता कॉलेज हर क्षेत्र में नहीं अपनी भूमिका निभा रहा है : राठौर



**रामगढ़ ।** 13 जुलाई 2025 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ नगर इकाई का डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल रामगढ़ में आयोजित बैठक में पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पर पुष्प अर्पित कर किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग विभाग के विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ , जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार उपस्थित रहे। विक्रम राठौड़ ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही निरंतर छात्र हित,समाज हित,राष्ट्र हित के मुद्दे को लेकर समाज में एक अलग पहचान बनाई है। विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता ना सिर्फ कॉलेज कैंपस में बल्कि हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। चाहे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की बात हो, एक देश एक संविधान को लेकर धारा 370 को हटाने की बात हो,कोरोना काल में सेवा देने की बात हो हर जगह पर विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश प्रथन की भावना से निरंतर कार्य करता आया है। डॉ आशीष कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक गैर राजनीतिक छात्र संगठन है और निःस्वार्थ भाव से छात्रों की सेवा निरंतर 77 वर्षों से करते आ रही है।

## 8 घंटे के अंदर आईपीआरडी के वाहन लुटेरे पकड़े गए

# तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** रविवार का प्रचार वाहन पिकअप संख्या JH03AR 5045, जो कोडरमा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार हेतु भ्रमणशील था । इसी क्रम में प्रचार वाहन कोडरमा थाना क्षेत्र के ग्राम फरेन्दा की ओर अग्रसर थी । रास्ते में चालक एवं सहयोगी द्वारा भोजन हेतु ग्राम-मरियमपुर, सरहुल मैदान के पास वाहन रोका गया। इसी बीच 04 अपराधी टेम्पो से वहाँ पहुँचे एवं प्रचार वाहन के चालक एवं सहयोगी के साथ गाली-गलौज, लप्पड़-थप्पड़ कर उनका मोबाईल छीन लिये तथा प्रचार वाहन को जबरदस्ती लेकर भाग गये । इस घटना की सूचना प्रचार वाहन के चालक द्वारा कोडरमा पुलिस को दी गयी । पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा द्वारा मामले की सूचना प्राप्त होते ही तत्क्षण अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों की विशेष टीम गठित कर अपराधियों द्वारा लूटे गये प्रचार वाहन एवं मोबाईल की बरामदगी तथा उन अपराधियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया। उक्त टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर 8 घंटे के अंदर काण्ड का उद्भेदन करते हुए लूटे गये वाहन को रामगढ जिला के माण्डू थाना क्षेत्रान्तगत से बरामद किया गया एवं घटना में संलिप्त 04 अपराधियों में से 3 अपराधी की गिरफ्तारी की गयी तथा 01 शेष अपराधी की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है । जल्द ही इस अभियुक्त की भी गिरफ्तारी कर ली जायेगी। इस घटना के संदर्भ में कोडरमा थाना कांड संख्या-125/ 25 दिनांक-12.07.2025, धारा-132/ 309(2) भा0न्या0सं0 के तहत दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है । विशेष टीम के सभी पदाधिकारियों को रू0 1500/- एवं पुलिसकर्मियों को 1000/- मुद्रा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।

### अपराधियों से जब्त किए गए सामान

1 अपराधियों द्वारा लूटे गये पिअकप वाहन संख्या-JH03AR 5045
2 अपराधियों द्वारा प्रयुक्त टेम्पो वाहन संख्या- JH12K 5795
3 तीन विभिन्न कम्पनी का मोबाईल

### छापामारी दल शामिल पुलिस अधिकारी

पुनि विकास पासवान, पु0नि0-सह थाना प्रभारी, कोडरमा। पुनि0 विनय कुमार, पु0नि0-सह थाना प्रभारी, तिलैया। पु0अ0नि0 शशि भूषण कुमार, थाना प्रभारी, नवलशाही। पु0अ0नि0 धनेश्वर कुमार, थाना प्रभारी, चन्दवारा। पु0अ0नि0 अभिमन्यु कुमार, एस0ओ0जी0 प्रभारी। सशस्त्र बल/ पैंथर आरक्षी, कोडरमा थाना शामिल थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1.संदीप कुमार, पिता-स्व0 रामरतन राम, ग्राम-लखीबागी बसुन्धरा पेट्रोल पम्प के पास, थाना-कोडरमा। 2.दिलीप कुमार, पिता-अशोक यादव, ग्राम-लखीबागी, थाना व जिला-कोडरमा।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक जयराम महतो का आगमन 20 को



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने रविवार को बताया की आगामी 20 जुलाई को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो का आगमन रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत केदला उत्खनन परियोजना में केदला बस्ती में होगा। बताया की विधायक आगमन के उपरांत वहां के ग्रामीण, रैयत और विस्थापितों की मूलभूत समस्याओं से अवगत होंगे। कहा की जेएलकेएम समाज के दबे, कुचले शोषित, पीड़ित और वंचितों के हित में कार्य करनेवाली पार्टी है। बताया की विधायक जयराम महतो के कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश, जिला, प्रखण्ड, पंचायत के सदस्यों के साथ विस्थावित एवम प्रभावित शामिल होंगे

### आपसी विवाद में मारपीट व छिनतई को लेकर दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**बरही।** कोल्हुआ कला पंचायत के करगइयो गांव में आपसी विवाद के कारण मारपीट और छिनतई का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने बरही थाना में एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहले पक्ष से बिमला देवी पति प्रेमचंद यादव ने बरही थाना में कांड संख्या 258/25 के तहत प्रमोद यादव और दिवाकर यादव पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बिमला देवी ने आरोप लगाया है कि अभियुक्तों ने उनके मैढ़ पर लगे पेड़ को तोड़ दिया और विरोध करने पर मारपीट व छिनतई की घटना को अंजाम दिया। वहीं दूसरे पक्ष से लखन यादव पिता स्व. टुकन यादव ने कांड संख्या 259/25 के तहत बिमला देवी और उनके पति प्रेमचंद यादव पर गाली-गलौज और छिनतई का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले को लेकर बरही पुलिस ने दोनों प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना की सभी पहलुओं से छानबीन की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जीवाड़े से रहे सावधान सरकारी राशि सीधे लाभुक के खाते में होती है हस्तांतरित

**बरही ।** प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश कुमार ने प्रेस बयान जारी कर सर्वसाधारण को फर्जी और फ्रॉड कॉल से सावधान रहने की अपील किया है. अपने बयान में बताया कि जानकारी के अनुसार साइबर ठग किसानों से पीएम किसान या फसल बीमा के भुगतान को लेकर फोन पे पर पैसे की भुगतान के लिए ओटीपी, गोपनीय पिन आदि महत्वपूर्ण सूचना मांग रहे हैं. जो बिल्कुल गलत और फर्जी है. फसल बीमा या किसी भी सरकारी राशि के भुगतान के लिए किसी भी प्रकार का ओटीपी या गोपनीय जानकारी नही ली जाती है. राशि योग्य लाभुक के खाता में डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित किए जाते है. उन्होंने इस प्रकार के फर्जी कॉल से सावधान रहने या किसी भी प्रकार की जानकारी को फोन के माध्यम से उपलब्ध नहीं करवाने का अपील किया है. जिससे किसान साइबर ठग का शिकार नही बन सकें.

### आत्मसुरक्षा के लिए बाईक चालक और सवार दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य



**बरही ।** आए दिन हो रहे बाईक दुर्घटना से नवयुवकों विशेष कर टीन एजर्स को सबक लेने की आवश्यकता है. आत्मसुरक्षा के लिए बाईक चालक और सवार दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है. मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 1 मार्च 2025 से हेलमेट नही पहनने पर 1,000 रुपए जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान किया गया है. कुछ लोग हेलमेट होने के बाबजूद भी हेलमेट पहनना अपने शान के विरुद्ध मानते हैं तो कुछ लोग चंद कदम की दूरी तय सोच कर हेलमेट पहनने से परहेज करते हैं. कभी कभी तो हेलमेट बाईक में टांग कर दुपहिया चलाते देखा जाता है. कुछ तो सिर्फ पुलिस से बचने के लिए हेलमेट लगाते हैं और पुलिस से गुजरते हीं हेलमेट उतार देते हैं. ऐसे बाईक चालन पर गंभीर होने की आवश्यकता है. हेलमेट सुरक्षा का सबसे बड़ा कवच है. जो बाईक दुर्घटना के बाद दिमाग और खोपड़ी को सुरक्षित रखता है और जीवन की लंबी पारी खेलने की उम्मीद बनाए रखता है. ऐसे में हर बाईक चालक दुपहिया वाहन चलाते समय स्वयं तो हेलमेट लगाएं हीं साथ हीं अपने साथ सवारी करने वाले को भी हेलमेट लगाने का प्रयास करें. चाहे सफर कितने ही कम दूरी का क्यों नही हो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करे, क्योंकि दुर्घटनाएं बता कर नही आती, घट जाती हैं. इसके साथ हीं बाईक की गति और लापरवाहियों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है. वाहन चलाते समय स्टंट या मोबाईल फोन अथवा नशे के प्रयोग से बचना चाहिए क्योंकि - सावधानी हटी, दुर्घटना घटी.

### बरकट्ठा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने शनिवार रात्रि नौ समकालीन अभियान के दौरान डुमरी थाना कांड सं०- 32/11, एसटी सं0 330/19 के वारंटी- रामेश्वर महतो पिता छटु महतो ग्राम कपका, थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग २.C-3344/22 के वारंटी- नारायण रविदास पिता भुनेश्वर रविदास ग्राम किमनिया थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया, जिसे आज रविवार दोपहर में संबंधित न्यायालय में उपस्थान हेतु भेजा गया।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता से चमके प्रतिभागी

रामगढ़। श्री कृष्ण विद्या मंदिर में एक रोचक और ज्ञानवर्धक गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहली चरण (कक्षा चौथी और पांचवी) के विजेता टैगोर हाउस के विद्यार्थी रहे और दूसरे चरण (कक्षा छठी एवम सातवीं) में सुभाष हाउस के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। इस आयोजन का संचालन अभिषेक वर्मा और अमित कुमार सिंह ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। प्रतियोगिता के जज के रूप में गणित विषय के शिक्षक विजय तिवारी, अमित सिंह और आतिश कुशवाहा उपस्थित रहे। जिन्होंने निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए प्रतिभागियों की योग्यता की सराहना की। शिक्षिका उषा सिंह और कंप्यूटर शिक्षक अमित तिवारी ने भी इस आयोजन के अहम हिस्सों में अपना योगदान देकर सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य एम कृष्णा चन्द्रा ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### दोस्त और रिश्तेदार ने ही युवक की हत्या कर बंद ईंट-भट्ठा में शव छुपाया

बरकाकाना। नौजवान नशीले पदार्थों का सेवन कर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसका ताज़ा मामला बरकाकाना ओपी में घटित घटना से उजागर हुआ है। करीबी दोस्त और रिश्तेदार ने ही लापता युवक दुर्गी निवासी सऊद अंसारी की निर्मम हत्या कर शव को बंद ईंट भट्ठा में डाला था। पुलिस के सख़्ती के बाद हिरासत में लिए गए दो लोगों में एक आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है। सूत्र की माने तो सउद अंसारी अपने दोस्त पीरी निवासी आफ़ताब अंसारी और मोसेरा भाई एबाद अंसारी के साथ नशा करते हुए पैदल पीरी टांड स्थित गोड़धसवा पहुंचे।




# सिमडेगा में है महादेव का गुप्त धाम, घने जंगलों में विराजमान हैं भोलेनाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड के सुदूरवर्ती सिमडेगा जिले में घने जंगलों और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच स्थित है बाबा गुप्तेश्वर धाम एक ऐसा स्थल जिसे महादेव का गुप्त धाम कहा जाता है। प्राकृतिक रूप से निर्मित यह विशाल शिवलिंग न केवल अद्भुत है, बल्कि यहां माता सती भी कमाख्या रूप में विराजमान हैं। स्थानीय विश्वास है कि यहां मांगी हर मनोकामना पूर्ण होती है। खास बात यह कि जो सुहागन महिलाएं यहां



पूजा करती हैं, उन्हें सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद मिलता है।

यहां के ग्रामीणों की इस स्थान में गहरी आस्था है। उनका विश्वास है कि यहां जो भी मन्नत मांगी जाती है, वह जरूर पूरी होती है। एक रोचक तथ्य यह भी है कि जब-जब यहां पूजा होती है, तभी बारिश भी होती है।जिसे लोग ईश्वरीय संकेत मानते हैं।हालांकि, यह स्थान काफी दुर्गम है और पहाड़ी चढ़ाई कठिन है, लेकिन जो भी श्रद्धालु यहां पहुंचता है, उसे असीम शांति और दिव्यता का अनुभव होता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस क्षेत्र में बंदरों की संख्या अधिक है, लेकिन वे कभी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते।

## लिखाटोंगरी: सिमडेगा के घने जंगलों में छुपा एक अलौकिक शिवधाम

हर कण में शिव का वास, हर श्वास में महादेव की अनुभूति ऐसी अलौकिक अनुभूति आपको सिमडेगा के भेलवाडीह गांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित लिखाटोंगरी में मिलेगी। घनघोर जंगलों और तीन ऊंचे पहाड़ों को पार कर जब आप इस गुप्त धाम तक पहुंचते हैं, तो सारी थकान मानो पल भर में मिट जाती है। मन और आत्मा को एक अद्भुत शांति का अनुभव होता है।यहां स्थित शिवलिंग पूरी तरह से प्राकृतिक है, मानो पहाड़ की चट्टानों ने खुद शिव का आकार ले लिया हो। लगभग चार फीट चौड़ा और तीन फीट ऊंचा यह शिवलिंग, प्राकृतिक अरघा सहित, अपने आप में अनोखा है। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि यह शिवलिंग सदियों पुराना है, और समय के साथ इसका आकार बढ़ता जा रहा है।शिवलिंग के पास एक चट्टान पर उकेरे गए नाग देवता और सूर्य देवता की आकृति भी इस स्थान की प्राचीनता और पौराणिकता को प्रमाणित करती है। पास ही एक गुफा में देवी मां का पिंड विराजमान है, जिसकी छत पर माता सती के चिह्न खुदे हुए हैं। लोग इसे कामाख्या देवी का सिद्ध स्थल मानते हैं। वहीं आसपास बिखरी पत्थर की छोटी आकृतियां शिवलिंग समूह का आभास कराती हैं।लिखाटोंगरी की इस पहाड़ी के चारों ओर कई गुफाएं हैं, जिनकी दीवारों पर प्राचीन भाषाओं में कुछ इबारतें खुदी हुई हैं। इससे प्रतीत होता है कि किसी कालखंड में यहां मानव सभ्यता का वास था। पहाड़ी की बनावट भी ऐसी है कि यह इंसानों, जंगली जानवरों और आक्रमणकारियों से सुरक्षित रह सके।

**पत्रकार संघ की बैठक में पत्रकारों की चुनौतियों एवं समस्याओं पर चर्चा**

# पत्रकारों के लिए सामूहिक बीमा व ट्रस्ट गठन का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सक्रिट हाउस में रविवार को सिमडेगा पत्रकार संघ की बैठक जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। मौके पर झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट व झारखंड प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, प्रदेश संयोजक रजत कुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव रणधीर, प्रदेश कार्यालय अधिकारी विनय राज सहित जिले के 40 से भी अधिक पत्रकार उपस्थित थे। प्रदेश से आए अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में जिले के पत्रकारों के मान सम्मान एवं उनके हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं जिले के सभी पत्रकारों का सामूहिक बीमा बरने एवं कोष गठन करने के लिए 11 लोगों का ट्रस्ट बनाने का निर्णय लिया गया। वही पत्रकारों को अपने दायरे और अधिकारों की पूरी जानकारी देने के लिए समय समय पर जिला व प्रखंड स्तर पर कार्यशाला का आयोजन करने पर भी चर्चा की गई। साथ ही पत्रकारिता से जुड़े बुनियादी ज्ञान और कौशल पर भी फोकस किया गया। बैठक में सिमडेगा पत्रकार संघ को झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट और झारखंड प्रेस क्लब से संबंद्धता संबंधी लेटर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिलाध्यक्ष को सौंपा गया। संघ को झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट और झारखंड प्रेस क्लब से संबंद्धता मिलने पर सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में संघ के सचिव दीपक रिंकु ने अपने विचार रखते हुए पत्रकारों की समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने जिले में पत्रकारों की समस्याओं, उनके मान-सम्मान और सुरक्षा से जुड़ी कई जानकारी दी।



### पेंशन योजना लागू कराने के लिए लड़ रही है लंबी लड़ाई : रजत गुप्ता

बैठक में मौजूद प्रदेश संयोजक रजत कुमार गुप्ता ने भी कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने पत्रकारों के दीर्घकालीन सामाजिक सुरक्षा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू करने के लिए संघ लंबी लड़ाई लड़ रही है। इसके अलावे उन्होंने संघ की उपलब्धियों की जानकारी दी। मौके पर स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री ने एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीराम पुरी ने किया।

### पत्रकारों को धमकाने वालों पर होगी कारवाई : प्रदेश अध्यक्ष

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिले के पत्रकारों के सम्मान, उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रदेश कमेटी हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार और उनकी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सीधी बातचीत की जाएगी। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को डराने-धमकाने की कोशिशें कभी कामयाब नहीं होंगी। अगर प्रशासनिक तंत्र में कोई अधिकारी पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला से लेकर ग्रामीण स्तर तक संगठन को मज़बूत करना बेहद जरूरी है। संगठन मज़बूत रहेगा। तभी किसी भी समस्या का डटकर मुकाबला किया जा सकेगा। कोई भी समस्या आएगी, तो उसका समाधान के लिए संगठन कभी पीछे नहीं हटेगा। हमें एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़नी होगी।

### पत्रकारों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर जताई गई चिंता

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर भी चिंता व्यक्त की गई। कई पत्रकारों ने साझा किया कि जब वे जनहित की ख़बरें कवर करते हैं। तब कई बार प्रशासनिक दबाव का सामना करना पड़ता है। कुछ अधिकारियों द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा और गैरजरूरी पूछताछ की घटनाएं पत्रकारों को मानसिक और पेशेवर रूप से प्रभावित करती हैं। इस पर वक्ताओं ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को यह समझना चाहिए कि पत्रकार कोई अपराधी नहीं। बल्कि लोकतंत्र के स्तंभ हैं। ऐसे व्यवहार पर तत्काल रोक लगाने और उच्चस्तर पर इसकी शिकायत दर्ज कराने की ज़रूरत पर बल दिया गया।

## सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स समिति का हुआ विस्तार, साप्ताहिक बंदी का भी निर्णय



**सिमडेगा।** सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स की नवनिर्वाचित समिति की पहली बैठक रविवार को अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति का विस्तार, पदाधिकारियों का मनोनयन और साप्ताहिक बंदी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से सत्यनारायण प्रसाद, अनिल मंझरिया, सौरभ बंसल और शहजादा प्रिंस को समिति में नामित किया गया। मोतीलाल अग्रवाल को समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में अभय विश्वकर्मा, मिथिलेश प्रसाद, मुकेश गोयल और उमेश प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई। दीपक रिंकू सचिव, सुभाष चौधरी पप्पू कोषाध्यक्ष और प्रभात कुलूकेरिया सह-कोषाध्यक्ष बनाए गए। विभिन्न बाजार क्षेत्रों और ट्रेडों के लिए प्रभारियों की भी घोषणा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई को आनंद भवन में शपथ ग्रहण सह व्यापारी मिलन समारोह आयोजित होगा, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधियों और झारखंड फेडरेशन ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक बंदी लागू की जाएगी, जो 22 जुलाई से प्रभावी होगी। सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की गई है।

## सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स समिति का हुआ विस्तार, साप्ताहिक बंदी का भी निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ सिमडेगा की जिला कमिटी की आवश्यक बैठक रविवार को रा.म.वि. परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मायावती देवी ने की जबकि मंच संचालन कुंवारी होरो ने किया। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष अजित प्रजापति ने संबोधित किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान चलाकर सभी रसोइया संयोजिकाओं को जोड़ा जाएगा तथा संकुल प्रभारी चयन के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। साथ ही प्रखंड और जिला कमिटी को मजबूत करने पर बल दिया गया।बैठक में मानदेय में अनियमितता, अस्थायीकरण की प्रक्रिया, रसोइया की मृत्यु के बाद परिवार की बहू-बेटियों को स्थान देने, और कार्य से जबरन हटाने जैसी समस्याओं पर चर्चा हुई। तय किया गया कि यदि प्रशासन ने जवाब नहीं दिया तो संघ आंदोलन करेगा। बैठक में माईकल खेश, आशा डुंगडुंग, मोनिका खेश, सलोमी तोपनो सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी में जुटी सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी में जुट गई है। जल्द ही इस टूर्नामेंट के तिथियों की घोषणा कर दी जाएगी।सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने की तैयारी में जुटी हुई है। स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से जिले में छुपे हुए क्रिकेट खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजय पुरी ने बताया है कि जिला स्तर पर होने वाले स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता टीम झारखंड के अन्य जिलों के साथ जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम रांची में मैच खेलेगी। स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य स्कूलों से संपर्क करने में जुट गए हैं। सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आशुतोष कुमार सिंह और अमन कुमार मिश्रा सिमडेगा डीएवी स्कूल, संत जोन्स और संत मेरिज इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के बारे में बताया और उनसे अपने स्कूल में टीम को तैयार कर इस टूर्नामेंट में शामिल करवाने की अपील की। जिस पर तीनों स्कूलों के प्राचार्य ने सहमति जताई है। सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य लगातार अन्य स्कूलों से भी संपर्क करेंगे और सभी स्कूल के प्राचार्य से मिलकर इस टूर्नामेंट में उनके स्कूल के पार्टिसिपेशन को लेकर अपील करेंगे।

## ग्रामीण ने खाया कीटनाशक ईलाज के लिए लाया गया सीएचसी

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के हेठमा डीपाटोली में शनिवार को एक ग्रामीण ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।परिजन गंभीर अवस्था में सीएचसी कुरडेग लेकर आए जहाँ डॉ तृप्ति सोरेन के देखरेख में ईलाज किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार डीपाटोली निवासी दिनेश्वर मांझी,उम्र 51 वर्ष ने नशे के हालत में घर में रखा कीटनाशक दवा को पी लिया।जब परिजन उसे बेहोसी के हालत में देखा और पास में कीटनाशक दवा को गिरा था । परिजन तत्काल इलाज के लिए कुरडेग सी एच से लेकर आए । वहीं डॉ तृप्ति सोरेंग ने मरीज को खतरे से बाहर बताया।

## सोगड़ा चर्च में डीकन विनय कुजूर का भव्य स्वागत, जोसिमा खाखा ने दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सोगड़ा चर्च में कुछ दिन सेवा देने पहुंचे डीकन विनय कुजूर का रविवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर काथलिक महिला संघ की सभानेत्री सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में चर्च परिसर में उनका स्वागत किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में विश्वासी और समुदाय के लोग एकत्रित हुए। इस अवसर पर जोसिमा खाखा ने डीकन को बधाई देते हुए कहा कि सोगड़ा पल्ली के लिए यह एक गर्व का क्षण है कि डीकन विनय कुजूर जैसी आध्यात्मिक विभूति हमारे बीच सेवा हेतु आए हैं। उनकी विनम्रता, सेवा भावना और प्रभु के प्रति समर्पण निश्चित रूप से इस पल्ली के आध्यात्मिक विकास में एक नई ऊर्जा लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी को उनके अनुभव और मार्गदर्शन से लाभ मिलेगा। जोसिमा खाखा ने डीकन के उज्ज्वल सेवाकाल के लिए मंगलकामनाएं दीं और कहा कि हम सब मिलकर ईश्वर के घर को और भी मजबूत बनाएंगे और समाज के लिए एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान चर्च के पल्ली पुरोहित फा. सिलबनुश डुंगडुंग भी उपस्थित थे। उन्होंने भी डीकन विनय कुजूर का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आगमन से चर्च की सेवाओं में और निखार आएगा। मौके पर सिस्टर रोसिता, प्रतिमा कुजुर, नीलिमा, निर्मला, मैक्सिमा, प्रतिमा खेस, शांति खेस सहित क्रूस पुत्री की सभी धर्मबहने एवं समाज के प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।



**विदाई समारोह** कोलेबिरा में शिक्षक विदाई समारोह का शानदार आयोजन, आंखें हुईं नम

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को मिला गरिमामय विदाई सम्मान

- **महिला शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से रविवार को रा. म. वि. ठाकुरटोली में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों और संघीय पदाधिकारियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सम्मान समारोह से पूर्व संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज भगत ने की। बैठक में आगामी 19 जुलाई को राज्य स्तर पर आयोजित शिक्षक कार्यक्रम में भागीदारी पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सिमडेगा जिले के 15 से 20 प्रखंडों से प्रतिनिधि शिक्षक और जिला स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे।बैठक में शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि नवीन नियमावली का गहन अध्ययन कर इस विषय को जिला शिक्षा अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा इसे राज्य स्तर के कार्यक्रम में भी उठाया जाएगा।इसके बाद समारोह की विधिवत शुरुआत महिला शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। तत्पश्चात पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बानो प्रखंड से कुंवर तिर्की, नारायण साहू, युगल किशोर बड़ाईक तथा कोलेबिरा प्रखंड से मोतीलाल कश्यप और जिला प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।सेवानिवृत्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए अध्यक्ष मनोज भगत, राज्य प्रतिनिधि उपन डांग, उपाध्यक्ष मुकुट गुड़िया और संयुक्त सचिव दिलीप प्रसाद ने उनके सेवा काल के योगदान की सराहना की और उनके स्वस्थ, सक्रिय जीवन की कामना की।




### भावनाओं से भरा समारोह

भावनात्मक क्षण तब उत्पन्न हुआ जब कोलेबिरा के शिक्षक लालधन नायक ने एक मार्मिक विदाई गीत प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित शिक्षकों की आंखें नम हो गईं।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जिला प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह ने अपने जीवन की झलकियां साझा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं युगल किशोर बड़ाईक, नारायण साहू और कुंवर तिर्की ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। समारोह का समापन महिला शिक्षिकाओं के विदाई गीत के साथ हुआ।

# न्यूज बॉक्स

### बूढ़ा महादेव में पहुंचा कांवड़ियों का जत्था पंपापुर में करेंगे जलाभिषेक

**सिमडेगा।** सावन की पहली सोमवारी के पूर्व सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर में कांवड़ियों का भव्य जत्था पहुंचा। झारखंड और उड़ीसा से आए श्रद्धालु देर रात मंदिर में विश्राम करने के बाद आज सुबह भजन-कीर्तन और 'बोल बम' के जयघोष के साथ पंपापुर के लिए रवाना हुए, जहां वे सोमवारी के दिन जलाभिषेक करेंगे।कांवड़ यात्रा में हाटिंगहोड़े, नौमिल, पाड़ो और उकौली गांवों से गुजरते हुए लगभग 200 कांवड़िये शामिल थे। पैदल यात्रा के दौरान श्रद्धालु "बोल बम" के नारे लगाते आगे बढ़ते रहे और पूरे मार्ग का माहौल भक्तिमय बना रहा।इस पावन अवसर पर हनुमान युवा मंच, लचरागढ़ की ओर से सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कांवरियों के बीच फल और फ्रूटी वितरित किए गए। सेवा कार्य में अजय साहू, आनंद जैन, गौतम जैन, किशन अग्रवाल, राणा प्रताप साहू, अंकित साव, कन्हैया अग्रवाल, प्रभात सेठिया, मनोज अग्रवाल सहित मंच के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

### तामड़ा शिव मंदिर में रामलीला मंचन प्रारंभ 9 दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड के तामड़ा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश, प्रयागराज से आई हुई रामलीला मंडली द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन किया गया है। सावन माह के शुभ अवसर पर शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन ताड़का वध की कथा का सजीव मंचन किया गया।मंडली के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देना है। आयोजन में गांव के महिला, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आस्था और संस्कृति से जुड़ाव प्रदर्शित कर रहे हैं।अशोक केसरी ने बताया कि यह कार्यक्रम नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनवास, रावण वध जैसे प्रसंगों को दर्शकों के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में गांववासियों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

### श्री गुरुकुल जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**सिमडेगा।** बीरू कॉम्प्लेक्स स्थित श्री गुरुकुल कैरियर इंस्टीट्यूट और ए ए कंप्यूटर गुरुकुल के द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।संस्थान के निदेशक प्रीतम कुमार ने कहा कि परीक्षा में शामिल प्रथम तीन विद्यार्थियों को 10000 प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा ,इस परिक्षा का उद्देश्य मेघावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा और कंप्यूटर कोर्स की तैयारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निशुल्क कराई जाएगी ।परीक्षा में 634 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा का परिणाम समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा । मौके पर संस्थान के शिक्षक अजय कुमार,नीलेश कुमार,अमन कुमार, रूपेश कुमार, रोनिता मैम, सोनू कुमार, कुंदन कुमार और वीक्षक श्रवण कांशी, नेहा कुमारी, बराका ख़ाखा, नमिता समद, बिनीता प्रीति, शिवानी ,अलबर्ट, कलिंदर,अर्जुन, प्रिया ,अशोक, रोहित, अखिल उपस्थित थे।

### विधायक ने किया बोलबा प्रखंड का दौरा विकास योजनाओं पर हुई समीक्षा बैठक

**बोलबा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने बोलबा प्रखंड का दौरा कर समसेरा मिशन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं और लंबित योजनाओं पर चर्चा हुई।ग्रामीणों ने समसेरा मिशन तक सड़क निर्माण, बलियाजोर शंख नदी पुल के पास पहुंच पथ, कुंदूरमुंडा तक अधूरी सड़क, चर्च परिसर की घेराबंदी, खराब जलमीनार की मरम्मत, पंडरीपानी के जर्जर पुल की मरम्मत और जंगल में आग पर रोकथाम जैसे मुद्दे उठाए। विधायक ने कुंदूरमुंडा सड़क को लेकर बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार की अनापत्ति जरूरी है, जिसमें सांसद से सहयोग लिया जाएगा।विधायक ने सभी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही उन्होंने समाज में अंतरजातीय और अंतरधार्मिक विवाह रोकने की अपील करते हुए कहा कि इसमें माता-पिता और पल्ली पुरोहितों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### 26वां वीर शहीद थॉमस फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी, 25 से होगा भव्य शुभारंभ

**सिमडेगा।** 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने के उद्देश्य से तैयारी बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अमित डुंग डुंग ने की। बैठक में टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई और जिम्मेदारियां तय की गईं।मैदान की तैयारी हेतु कंचन कबीर, राजेश कुमार सिंह, मरियाणास एक्का, कमांडो, समीउल्लाह को जिम्मेदारी सौंपी गई। चंदा संग्रह का कार्य समशुल अंसारी, कुलदीप मिंज, अमित डुंग डुंग, प्रताप बड़ा, संदीप मिंज को सौंपा गया। रेफरी के ठहराव और भोजन की व्यवस्था की देखरेख सुबास महतो और घनश्याम महतो करेंगे। वहीं, खिलाड़ियों की भोजन एवं विश्राम व्यवस्था की जिम्मेदारी मोनू बड़ा, कृष्णा बड़ाईक, विकास बेसरा और संदीप मिंज को दी गई।अध्यक्ष अमित डुंग डुंग ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 25 जुलाई अपराह्न 3:00 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में एसपी सिमडेगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी सिमडेगा उपस्थित रहेंगे।गौरतलब है कि इस प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी।

### लचरागढ़ जीईएल चर्च में धूमधाम से मनाया गया ऑटोनोमस दिवस

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित जीईएल चर्च में ऑटोनोमस दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पादरी विरसेन कुलदीप गुड़िया ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ जिसे पादरी विरसेन ने संपन्न कराया। समीर कुजुर ने ऑटोनोमस पर्व और एनेम लुगुन ने कलिसिया बाल दिवस की जानकारी दी।खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिस्किट रेस, बैलून फोड़, चम्मच रेस, म्यूजिक रेस और साझी वाणी प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी विजेता रहे। सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रीतिवंती बागे, समीर कुजुर और दीपक कडुंलना ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रशिकन कडुंलना ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चर्च के सदस्यों व युवाओं की अहम भूमिका रही।

### मक्का मस्जिद में जमीयत उलेमा जिला इकाई से हुआ कार्यक्रम,दिल्ली से पहुंचे मौलाना

**सिमडेगा।** शहर के ईदगाह मोहल्ला स्थित मक्का मस्जिद में जमीयत उलेमा जिला इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जमीअत दिल्ली से आए मौलाना खालिद गयावी मौजूद थे। कार्यक्रम में जमीअत उलेमा के उद्देश्य, इतिहास,कार्य आदि के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौलाना खालिद गयावी ने कहा कि जंगे आजादी से लेकर आज तक देश हित में उलेमा अपनी कुर्बानी दे रहे हैं। जमीअत देश का बड़ा संगठन है। इसने जब भी देश को जरूरत पड़ी अपनी महती भूमिका निभाई है। मौलाना ने कहा कि देश में आपसी भाईचारगी बढ़ाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों पर दूर करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज सामाजिक बुराइयां समाज को खोखला कर रही है। शादी ब्याह में दिखावा बढ़ गया है। मौलाना ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि दुनियावी के साथ साथ दीनी तालीम बहुत जरूरी है। इसके बगैर मुसलमान अपनी सही जिंदगी नहीं गुजार पाएगा। मौलाना ने कहा कि लोग अपने बच्चों को दीनी तालीम के लिए मकतब भेजें। कार्यक्रम में जमीअत द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को जमीअत का मेंबर बनाकर इसे मजबूत करें।

### भोलेनाथ के भक्तों की सेवा में जुटे युवा

# कांवरियों की सुरक्षा को लेकर रहेंगे पुख्ता इंतजाम रातभर तैनात रहेगी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो चुका है. कल इस पवित्र माह की पहली सोमवारी भी है. ऐसे में बाबा भोले की नगरी जाने वालों का तांता लगा हुआ है. जबकि हजारों लोग श्रावण माह के शुरू दिन से ही शिवलिंग और जलार्पण कर वापस लौट रहे हैं. ऐसे में भोलेनाथ के भक्तों की सेवा में लोग जुट गए हैं. कई संस्था और युवाओं की टोलियों द्वारा जगह-जगह शिविर लगाया गया है. गिरिडीह के डुमरी में भी प्रेस क्लब द्वारा शिविर लगाया गया है. यहां कांवरियों की सेवा में स्थानीय पत्रकारों के साथ-साथ कई लोग जुटे हुए हैं. इस शिविर का निरीक्षण जिले के पुलिस कप्तान डॉ बिमल कुमार ने भी किया है. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिविर में कांवरियों को दी जा रही सुविधा की जानकारी ली. क्लब के अध्यक्ष संजय जायसवाल और संरक्षण मनोज सिंह ने एसपी को बताया कि शिविर में पेयजल, चिकित्सा सहायता, ठहरने की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था की गई है. इससे पहले शिविर का उद्घाटन अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण वर्मा, इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी, भाजपा नेता जीवाधन महतो, आजसू नेता छक्कन महतो एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना कर किया.

## रोजगार सृजन मेले में 143 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार के रोजगार सृजन मिशन के तहत शनिवार को आयोजित 16वें रोजगार मेले का शुभारंभ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया. इस अवसर पर देशभर के 47 स्थानों पर एक साथ नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ. जिसमें कुल 51,000 युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे गए. इसी कड़ी में धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में 143 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए. धनबाद में आयोजित समारोह में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए. उनके साथ धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, डीआरएम समेत रेलव के कई वरिष्ठ अधिकारी भी थे. अतिथियों ने नव-नियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं दीं. धनबाद में चयनित युवाओं की नियुक्ति केंद्र सरकार के रेलवे, डाक विभाग, राजस्व विभाग, सुरक्षा व तकनीकी सेवाओं सहित अन्य प्रमुख विभागों में की गई है. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि रोजगार मेला युवाओं के सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है. यह सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि नए आत्मविश्वास और नयी संभावनाओं का प्रमाण है. केंद्र सरकार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है. यह पूरी योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन मिशन का हिस्सा है।

## न्यूज बॉक्स

### मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर लाखों की चोरी



**पश्चिम सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर शहर में भगत सिंह चौक के समीप स्थित एक मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार रात चोरों ने पलक सलूजा की दुकान की छत की एस्बेस्टस सीट काटकर अंदर प्रवेश किया और करीब दो से ढाई लाख रुपये मूल्य के मोबाइल फोन, अन्य कीमती सामान और काउंटर में रखी नकदी चुरा ली। रविवार सुबह जब दुकानदार पलक सलूजा ने दुकान खोली तो अंदर का दृश्य देख वह हैरान रह गए। दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ था और कई महंगे मोबाइल फोन और नकदी गायब थे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना चक्रधरपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। चोरी की इस घटना से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

### बोकारो जिला ओलम्पिक संघ की वार्षिक बैठक का हुआ समापन

**बोकारो।** जिला ओलम्पिक संघ की वार्षिक बैठक रविवार को एसके मार्शल आर्ट एकेडमीGC-3, सिटी सेंटर, सेक्टर -4, बोकारो इस्पात नगर मे अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । अध्यक्ष की अनुमति से इस बैठक का संचालन करते हुए महासचिव गोपाल ठाकुर ने जिले में हो रहे विविध सरकारी एवं गैर सरकारी संघीय खेल गतिविधियों पर एवं झारखण्ड ओलम्पिक संघ के द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन पर चर्चा की गई । महासचिव श्री ठाकुर ने कहा कि निकट भविष्य में मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बोकारो जिले के खेल प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह तथा बोकारो खेल मेला का आयोजन के लिए जिले के नव पदस्थापित उपायुक्त से ओलम्पिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर जिले में खेल तथा खिलाडियों के विकास की विस्तृत जानकारी देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष सोनू के द्वारा उपस्थित सभी संघों से झारखण्ड ओलम्पिक संघ के द्वारा मान्यता प्राप्त सम्बंधित राज्य खेल संघ से जारी affiliation प्रमाण पत्र के आधार पर जिले का affiliation रसीद दिया गया । बैठक के उपरांत बोकारो जिला ओलम्पिक संघ के द्वारा तृतीय यूथ एशियन गेम्स के लिए बहरीन देश के कबड्डी टीम का मुख्य कोच बनने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोच तेजनारायण प्रसाद माधव को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### ऑटो चोरी का प्रयास नाकाम, दो शातिर चोर रंगे हाथ गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** आज़ाद नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात ऑटो चोरी का प्रयास नाकाम कर दिया गया। ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर-3 स्थित अहतेमात हाइट्स फ्लैट के पास से रात 11 बजे ऑटो ( जेएच 05 सीएच 5123 ) चोरी हो गया था। ऑटो मालिक ने बताया कि रोज की तरह वाहन पार्क कर वह घर चला गया था, लेकिन देर रात बाहर आने पर ऑटो गायब मिला। तत्काल स्थानीय लोगों को सूचना दी गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि दो युवक ऑटो लेकर नेचर पार्क की ओर भागे हैं। ऑटो मालिक और कुछ लोग पीछा करते हुए नेचर पार्क पहुंचे, जहां चोर तेजी से ऑटो लेकर निकलने की कोशिश कर रहे थे। तभी स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पकड़ लिया गया। इसके बाद चोरों की लोगो ने पिटाई कर दी।सूचना पर थाना प्रभारी चंदन कुमार दल-बल के साथ पहुंचे और दोनों को हिरासत में लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान फरदीन और राजा के रूप में हुई है, जो पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रह चुके हैं। पुलिस पूछताछ कर रही है।

### पिल्ले को बचाने पहुंचे शख्स की जान खुद ही पड़ी आफत में काफी मशक्कत से मिली राहत

**गिरिडीह।** आपने ये तो सुना ही होगा कि मदद में भी सावधानी की जरूरत होती है. यदि सावधानी हटी तो दुर्घटना कभी भी घट सकती है. कुछ ऐसा ही मामला गिरिडीह जिले से सामने आया है. यहां कुत्ते के बच्चे की जान बचाने के दौरान, एक शख्स की जान आफत में पड़ गई. मामला गिरिडीह शहर के आजाद नगर क्षेत्र का है. दरअसल आजाद नगर में कुत्ते का एक बच्चा नाले में गिर गया. बच्चा गिरने के बाद बार-बार भौंक रहा था. ऐसे में स्थानीय शख्स रोहित तांती ने पिल्ले की आवाज सुनी. इसके बाद वह नाले के पास गए तो उन्होंने देखा कि पिल्ला अंदर है. ऐसे में वह पिल्ले को निकालने का प्रयास करने लगे. तभी उनका संतुलन बिगड़ा और वह खुद नाले के स्लैब में फंस गए. जब रोहित तांती खुद नाले के स्लैब में फंस गए तो उन्होंने खुद को बचाने के लिए आवाज लगाई. आवाज सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े. इस दौरान कई लोग इकठ्ठा हो गए. फिर मौजूद लोगों ने सब्बल और गेती की मदद से स्लैब को तोड़ा फिर रोहित तांती को बाहर निकाला. अब यह मामला, पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया है. लोगों ने नाले के स्लैब में फंसे रोहित तांती को तो बाहर निकाला ही साथ ही मासूम पिल्ले को भी बाहर निकाला. सुरक्षित निकलने के बाद रोहित तांती ने कहा कि उन्होंने किसी की जान बचाने का प्रयास किया, यही वजह है कि उनकी भी जान बच गई.

### चर्च में फादर और सिस्टर्स के 25 वर्षों की सेवा का हुआ सम्मान

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले के रोमन काथलिक चर्च परिसर में रविवार को एक विशेष और भावनात्मक समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें चर्च में पदस्थापित पांच फादर और तीन सिस्टर्स के 25 वर्षों की सेवा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जुबिली मनाई गई। इस अवसर पर फादर यूजिन एक्का, फादर हालेन बोदरा, फादर हेम्ब्रम, फादर पीडी थॉमस, फादर जोन क्रास्टा तथा सिस्टर नीली केरकेट्टा, सिस्टर टेरेसा कन्डुलना और सिस्टर कुमुदिनी लकड़ा को श्रद्धा, सम्मान और शुभकामनाएं दी गईं। समारोह की शुरुआत पारंपरिक नृत्य और वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ हुई। जुबिलियन फादर एवं सिस्टर्स को पारंपरिक रीति से सम्मानपूर्वक चर्च परिसर में लाया गया, जहां चारों ओर श्रद्धा, समर्पण और उत्सव का माहौल छाया हुआ था। विशेष रूप से फादर यूजिन एक्का के लिए यह दिन और भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि जुबिली के साथ उनका जन्मदिन भी पूरे उत्साह से मनाया गया। ज्ञात हो कि फादर एक्का का जन्म अंडमान-निकोबार में हुआ था और वे पिछले 25 वर्षों से लगातार निस्वार्थ सेवा दे रहे हैं। समारोह में महिला समूह और यूथ कमिटी की ओर से जुबिलियन को पौधे और उपहार भेंट किए गए। पल्ली कोयर टीम ने संजीव कुमार बलमुचु और प्रमोद सुरीन के नेतृत्व में भक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और हर्षोल्लासपूर्ण बन गया। फादर हालेन बोदरा ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि हमें सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि हम कौन हैं और हमारे पड़ोसी कौन हैं। जब हम स्वयं को पहचानते हैं, तभी दूसरों से प्रेम और सम्मान का व्यवहार कर पाते हैं। उन्होंने आत्मज्ञान और सेवा को ईसाई जीवन का मूल मंत्र बताया। समारोह के अंत में सभी उपस्थित काथलिक महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने जुबिलियन फादर-सिस्टर्स से मिलकर उन्हें बधाई दी और उनके अनुभवों से प्रेरणा ली।

### नशाखुरानी गिरोह के दो सदस्य टाटानगर स्टेशन से गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** चक्रधरपुर रेल मंडल में यात्रियों को नशा खिलाकर लूटने की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कमांडेंट पी. शंकर कुट्टी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसी कड़ी में आरपीएफ उड़नदस्ता दल ने शनिवार देर रात विशेष गश्ती अभियान चलाते हुए टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक से नशाखुरानी गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जामताड़ा निवासी निरंजन मंडल उर्फ छानो मंडल और विदुर मंडल के रूप में हुई है। जांच के दौरान दोनों के पास से नशा खिलाने में उपयोग की जाने वाली भारी मात्रा में दवाइयां बरामद की गईं। आरपीएफ ने उनके पास से आतिवान दो एमजी की 113 गोलियां जब्त की हैं। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपित पहले यात्रियों से दोस्ती करते और फिर खाने-पीने की चीजों में नशीली दवाइयां मिलाकर उन्हें बेहोश कर सामान लेकर फरार हो जाते थे। फिलहाल आरपीएफ ने दोनों को आगे की कार्रवाई के लिए रेल पुलिस के हवाले कर दिया है।

### जमशेदपुर में जयराम महतो की हुंकार कहा-

# कोयलांचल की तर्ज पर कोल्हान में भी होगा बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**




**जमशेदपुर।** विधायक जयराम महतो जमशेदपुर में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से कोल्हान में संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं. विधायक जयराम महतो ने कहा कि पार्टी 2029 में राज्य स्तर पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में पहली बार विधायक जयराम महतो के झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष राजा कालिंदी के नेतृत्व में बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित कोल्हान स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जयराम महतो के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे. कोलहान के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा पार्टी में शामिल हुए, जिनका डुमरी विधायक जयराम महतो ने माला पहनाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया. इसमें महिलाएं भी शामिल थीं. कार्यकर्ता सम्मेलन में युवाओं से संगठन को मजबूत करने के लिए इस नई पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया गया. मंच से कहा गया कि पार्टी नई है और हमें अभी सीखने की जरूरत है. डुमरी विधानसभा क्षेत्र से जेकेएलएम सुप्रीमो विधायक जयराम महतो ने कहा कि शोषण पहले भी होता था और आज भी जारी है. लेकिन अधिकारी से आमने-सामने बात करने का साहस हमें जयराम महतो से मिला है. आज पार्टी में शामिल होने के साथ ही झारखंड में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेने की जरूरत है. 25 जुलाई को बोकारो में जेएलकेएम का महाधिवेशन होगा, जिसमें राज्य स्तरीय संगठन का विस्तार किया जाएगा.

### शाहपुर गांव में बारिश से दो घर क्षतिग्रस्त, बेघर हुए गरीब परिवार

**कोलेबिरा।** लगातार हो रही बारिश ने शाहपुर पंचायत अंतर्गत खास शाहपुर गांव में कहर बरपा दिया है। यहां दो गरीब मजदूरों के मिट्टी के मकान ध्वस्त हो गए, जिससे वे बेघर हो गए हैं।प्रभावित परिवारों में छेदिया बड़ाईक एवम आरती देवी शामिल हैं, जिनके घर भारी वर्षा के कारण धराशायी हो गए। दोनों परिवारों के पास रहने के लिए कोई वैकल्पिक आवास नहीं है, जिससे वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।छेदिया बड़ाईक और आरती देवी ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य शिवचरण बड़ाईक मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को घटना की जानकारी दी है।स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित परिवारों को आवास, राहत सामग्री और आर्थिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि वे पुनः सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

### देवघर श्रावणी मेले में भक्तों का उत्साह

## पेड़ा और चूड़ा का प्रसाद है खास श्रावणी मेला में पूजा करने पहुंच रहे लाखों श्रद्धालु




**देवघर।** श्रावणी मेले के दौरान भक्त बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं. भगवान भोलेनाथ को पेड़ा और चूड़ा अत्यंत प्रिय माना जाता है. यहां आने वाले श्रद्धालु बाबा का आशीर्वाद समझकर दुकानों से पेड़ा खरीदते हैं और इसे प्रसाद के रूप में अपने घर ले जाते हैं. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो भक्त भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के बाद पेड़ा और चूड़ा खरीदकर अपने परिवार और समाज में बांटते हैं, उनके धन-धान्य में वृद्धि होती है. साथ ही, जो लोग इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं, उनके सभी कष्ट और दुख दूर हो जाते हैं. देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के वरिष्ठ पुजारी पंडा परिहस्त शास्त्री बताते हैं कि भगवान भोलेनाथ को पेड़ा का भोग बहुत प्रिय है. पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान भोलेनाथ दक्ष प्रजापति के पास गए थे, तब उनकी पहली पत्नी माता सती ने उन्हें पेड़ा का भोग चढ़ाया था. पंडा परिहस्त शास्त्री के अनुसार, पेड़ा प्रसाद के सेवन से भक्तों के सभी कष्ट और पीड़ाएं समाप्त हो जाती हैं.

### चलकुशा पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में स्टेशनरी और किट का वितरण किया गया

**हजारीबाग।** चलकुशा पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में स्टेशनरी और किट का वितरण किया गया। चलकुशा प्रतिनिधि। चलकुशा पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को स्टेशनरी और किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, अमृता सिंह चलकुशा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह चलकुशा एवं पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव ने भी कार्यक्रम में शामिल हुए । विद्यालय के प्र प्रधानाध्यापक मो नौशाद की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टेशनरी किट प्राप्त कर विद्यार्थियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया। विद्यालय परिवार की और से सभी अतिथियों तथा सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## तालाब में तैरता मिला अधेड़ का शव, मछली पकड़ने के दौरान डूबने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** केंदुआ थाना क्षेत्र के गड़ेडिया स्थित तालाब में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला. मृतक की पहचान 50 वर्षीय कमल सोरेन के रूप में हुई है. वह पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक दो नंबर का रहने वाला था. सूचना मिलते ही केंदुआडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा. स्थानीय लोगों ने बताया कि तालाब किनारे एक साइकिल और मछली पकड़ने वाला जाल मिला है. इससे आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति मछली पकड़ने के उद्देश्य से तालाब में गया होगा और गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई. फिलहाल, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है.

### सदाचार और शाकाहार से हम जीवन को बना सकते हैं सुंदर : स्वामी गंगाधर



**खूंटी।** महर्षि मेंहीं आश्रम मलियादा मुरहू में रविवार को विशेष सत्संग और ध्यान-भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में अपने प्रवचन के दौरान ऋषिकेश आश्रम के स्वामी गंगाधर महाराज ने कहा कि सावन माह में हम देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना करते हैं। सभी नशा पान और मांसाहार का त्याग कर भक्ति करते हैं, जिससे उनका जीवन सुखमय बनता है। भोलेबाबा की महिमा अपरम्पार है, वे सर्व मनोकामना पूरी करते हैं। हमें परमात्मा की इस सृष्टि को सदाचार और शाकाहार जीवन जीकर और सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सद्गुरु महर्षि में हीं परमहंस जी महाराज ने नशा, हिंसा, झूठ, चोरी और व्यभिचार त्याग कर भक्ति करने का उपदेश दिया है। बद्री नाथ धाम के स्वामी वैष्णवानंदजी महाराज ने कहा कि प्रतिदिन सत्संग और ध्यानाभ्यास करना चाहिए। सभी देवी-देवताओं ने भी सत्संग और ध्यानाभ्यास को अपनाया। सामुहिक सत्संग और ध्यानाभ्यास में सैकड़ों सत्संगियों ने भाग लिया,और सत्संग ध्यान की विधि जानी। मौके पर भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, मूचीराय मुंडा, विष्णु मुंडा, चमरा मुंडा, नंदिनी देवी सुरेश पंडित आदि उपस्थित थे।

### बानो धर्मशाला में रौतिया समाज की सामाजिक बैठक का हुआ समापन

## कुरीतियों को दूर करने पर दिया गया जोर

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को बानो स्थित धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रजराज सिंह ने की, जिसमें समाज के पदाधिकारी, सदस्य, महिला समिति, युवा/युवती समिति, बुद्धिजीवी एवं नौकरीपेशा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में शिक्षा, संस्कार, सामाजिक रीति-रिवाज और समाज में फैली कुरीतियों पर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि रौतिया समाज को संगठित होकर अपनी संस्कृति और मान-मर्यादा को बनाए रखना चाहिए। बच्चों को सांस्कृतिक शिक्षा, मेहनत, खेती, घरेलू कार्यों में दक्ष बनाकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने कुरीतियों को समाप्त कर समाज को सही दिशा देने की आवश्यकता जताई। यह भी निर्णय लिया गया कि समाज की अगली बैठक 13 जुलाई को आयोजित होगी, जिसमें समाज की नियमावली, उमाशंकर सिंह, पुष्पा देवी, बलराम सिंह, शिवशरण सिंह, समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने समाज में एकता और जागरूकता लाने की अपील की।

### आसमानी बिजली गिरने से एक व्यक्ति समेत तीन पशु की मौत




**गांडेय,गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के गोराडीह दलदला गांव में रविवार को तेज बारिश के दौरान वज्रपात होने से 52 वर्षीय झरी यादव समेत तीन पशुओं कि मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सामी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने कि गिरिडीह भेज दिया गया परिजनों ने बताया कि बारिश शुरू होने से मृतक झरी यादव अपने घर के समीप एक गाय,एक बछडा.व एक बकरा को रस्सी में बांधने में जुटे थे कि अचानक बारिश के क्रम में ही ठनका गिरा और झरी यादव समेत तिनों पशुओं कि मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस घटना से मृतक के श्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है और व्रजपात की घटना से पूरा गांव का माहौल सदमा में है ।क्षेत्र के आसपास के लोग मृतक के शव को देखने भीड़ लगने लगी है। इधर मृतक के श्वजनों ने सरकार से मुवायजे कि मांग कि है कहा जो सरकार द्वारा प्रावधान है उसके तहत् उचित मुवायजे कि मांग कि है। मृतक मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

### जमशेदपुर में जयराम महतो की हुंकार, कहा-

# कोयलांचल की तर्ज पर कोल्हान में भी होगा बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विधायक जयराम महतो जमशेदपुर में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से कोल्हान में संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं. विधायक जयराम महतो ने कहा कि पार्टी 2029 में राज्य स्तर पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में पहली बार विधायक जयराम महतो के झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष राजा कालिंदी के नेतृत्व में बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित कोल्हान स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जयराम महतो के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे. कोलहान के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा पार्टी में शामिल हुए, जिनका डुमरी विधायक जयराम महतो ने माला पहनाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया. इसमें महिलाएं भी शामिल थीं. कार्यकर्ता सम्मेलन में युवाओं से संगठन को मजबूत करने के लिए इस नई पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया गया. मंच से कहा गया कि पार्टी नई है और हमें अभी सीखने की जरूरत है. डुमरी विधानसभा क्षेत्र से जेकेएलएम सुप्रीमो विधायक जयराम महतो ने कहा कि शोषण पहले भी होता था और आज भी जारी है. लेकिन अधिकारी से आमने-सामने बात करने का साहस हमें जयराम महतो से मिला है. आज पार्टी में शामिल होने के साथ ही झारखंड में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेने की जरूरत है. 25 जुलाई को बोकारो में जेएलकेएम का महाधिवेशन होगा, जिसमें राज्य स्तरीय संगठन का विस्तार किया जाएगा. आज झारखंड की राजनीति में बदलाव लाने के लिए युवाओं को साथ देना होगा. डुमरी विधायक जयराम महतो ने कहा कि कोल्हान, खासकर पूर्वी सिंहभूम जिला आज भी शोषण का शिकार है, भूमि अधिग्रहण और विस्थापन का दर्द झेल रहा है और हम अन्याय और अपराध के खिलाफ उठ खड़े हुए हैं. जनता का अपार जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि कोयलांचल की तर्ज पर कोल्हान में भी बदलाव होगा. पिछले चुनाव में पार्टी को समर्थन मिला है. आगामी 2029 के चुनाव में पार्टी कोल्हान प्रमंडल में बेहतर प्रदर्शन करेगी. जयराम महतो ने कहा कि हमने चुनाव को कम खर्चीला बनाया है और आगे भी इसी आधार पर चुनाव लड़ेंगे. हमें 2029 के लिए चार साल कड़ी मेहनत करनी है.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।" - **हजारी प्रसाद द्विवेदी**

## संपादकीय

# आसमान को क्या छोड़ेंगे?

मानव स्वभाव है विस्तारवादी और वर्चस्व की दौड़ नदी नालों पर मनमाने ढंग से कब्जा करने के बाद अंतरिक्ष भी निशाने पर है। विज्ञान-कथा कहानियों में, अक्सर कंपनियों द्वारा चंद्रमा या क्षुद्रग्रहों पर खनन का जिक्र मिलता है, जो अब 'हकीकत' बनता जा रहा है। चंद्रमा जैसे खगोलीय पिंडों में बहुमूल्य संसाधन मौजूद हैं, जैसे लूनर रेगोलिथ (चंद्रमा की धूल) और हीलियम-3। इनका उपयोग रॉकेट प्रणोदक, ऊर्जा उत्पादन और लंबी अंतरिक्ष यात्राओं को संभव बनाने में हो सकता है, जिससे अंतरिक्ष और पृथ्वी, दोनों को लाभ होगा। इसके लिए सबसे पहले जापान की अंतरिक्ष कंपनी आईस्पेस ने 2020 में नासा के साथ एक अनुबंध किया था, जिसमें चंद्र धूल को इकट्ठा करने और इसके स्वामित्व को हस्तांतरित करने की बात थी। हाल ही में, आईस्पेस ने अपने रेजिलिएंस लूनर लैंडर को चंद्रमा पर उतारने की कोशिश की, जो विफल रही। फिर भी, यह प्रयास अंतरिक्ष संसाधनों के व्यवसायीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम था। ऐसे में सवाल उठता है, अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन को नियंत्रित करने वाले नियम क्या हैं? अंतरिक्ष गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए 1967 में आउटर स्पेस ट्रीटी की गई थी, जिसे बाह्य अंतरिक्ष संधि कहते हैं। इस संधि के बाद से अंतरिक्ष गतिविधियां बदल चुकी हैं। 1957 में स्पूतनिक-1 (पहला उपग्रह) के लॉन्च के बाद 60 वर्षों में हर साल 500 से कम अंतरिक्ष पिंड प्रक्षेपित किए गए। लेकिन 2018 के बाद यह संख्या हजारों में पहुंच गई, और 2024 में करीब 3,000 लॉन्च हुए। इस कारण, आउटर स्पेस ट्रीटी को संसाधन दोहन की वर्तमान जटिलताओं से निपटने के लिए अपर्याप्त माना जाता है। स्थिति यह है कि संधि का अनुच्छेद दो केवल भू-क्षेत्र के विनियोजन पर प्रतिबंध लगाता है, संसाधनों के खनन पर नहीं।अब हम अंतरिक्ष कानून के विकास के अहम मोड़ पर हैं। इसलिए बहस छोड़कर यह सुनिश्चित करें कि अंतरिक्ष संसाधनों का खनन सुरक्षित और जिम्मेदारी से हो। अंतरिक्ष संसाधनों के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण प्रगति 'आर्टेमिस समझौता' रहा है, जिस पर जून 2025 तक 55 देशों ने हस्ताक्षर किए। इसकी धारा 10 स्पष्ट करती है कि संसाधनों का दोहन विनियोग नहीं माने जाने के कारण संधि का उल्लंघन नहीं करता है। बहुपक्षीय वार्ताओं की धीमी गति को देखते हुए कुछ देशों ने अपने राष्ट्रीय कानून भी बनाए हैं, जो निजी कंपनियों को अंतरिक्ष संसाधन खनन की अनुमति देते हैं। अब तक छह देशों- अमेरिका, लग्जमबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात, जापान, ब्राजील और इटली ने ऐसे कानून पारित किए हैं। इनमें से, लग्जमबर्ग का कानून सबसे पूर्ण है, यह अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन का अधिकार देने के लिए कई जरूरी शर्तें निर्धारित करता है। इसी व्यवस्था के तहत आईस्पेस को अंतरिक्ष खनन का लाइसेंस मिला है। वहीं अलग-अलग देश अलग-अलग मानक और दृष्टिकोण अपना रहे हैं। एक समन्वित वैश्विक दृष्टिकोण की जरूरत को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र की शांतिपूर्ण अंतरिक्ष उपयोग समिति ने एक कार्य समूह बनाया है। मई 2025 में इसके अध्यक्ष स्टीवन फ्रीलैंड ने कुछ सिद्धांतों का मसौदा पेश किया कि अंतरिक्ष में गतिविधियां सुरक्षित होनी चाहिए और पर्यावरण की सुरक्षा भी हो। यह समूह 2027 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट देगा, लेकिन इन सिद्धांतों की गैर-बाध्यकारी प्रकृति चिंताएं पैदा करती है। जैसे-जैसे इन्सान अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन और उपयोग के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे एक सुसंगत और जिम्मेदार शासन प्रणाली की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक हो गई है।

*विज्ञान-कथा कहानियों में, अक्सर कंपनियों द्वारा चंद्रमा या क्षुद्रग्रहों पर खनन का जिक्र मिलता है, जो अब 'हकीकत' बनता जा रहा है।*

# जेठ की तपन झेलने वालों को ही मिलती है सावन की फुहार

बहुप्रतीक्षित सावन अपने चरम पर पहुंच गया है। बाबा वैद्यनाथ की नगरी में हर ओर हर-हर बम की आवाज गूंज रही हैं। कोई हर-हर महादेव का उच्चारण कर रहा है तो कोई हर-हर बम का जप कर रहा हैं। पवित्र सरोवर शिवगंगा तट पर हर-हर गंगे का कर्णप्रिय उद्घोष करने वालों की भी कमी नहीं है।




### आराधना का अवसर

उल्लेखनीय है कि देवघर में सावन का आना खास मायने रखता है। ऐसा नहीं कि केवल देवघरवासी ही मनभावन सावन की प्रतिक्षा करते है, बल्कि हर वह व्यक्ति जिसमें आस्था हो, समर्पण हो और कर्मठता हो वह साल के ग्यारह माह सावन की प्रतिक्षा करता हैं। सावन साधना का माह है। यह अराधना का अवसर है। रिमझिम वर्षा के प्राकृतिक संगीत में शिव के भजन का शास्त्रीय या लोकसंगीत का घोलमेल आध्यात्मिकता प्रदर्शित करता हैं। इसे कोई शिवभक्त ही अनुभव कर सकता है।

### शिव के नाम में शक्ति है

सुख के अवसर पाने के लिए दुःख का दरिया पार करना पड़ेगा। शिव का नाम लीजिए तो निश्चित ही दुःख का दरिया मात्र कदम भर का ही मालूम पड़ेगा। विश्वास न हो तो वर्षभर बेशकीमती गाड़ियों से यात्रा करने वाले उस कावरिया से पूछ लीजिए कि उन्होंने आखिर 105 किलोमीटर की दूरी नंगे पांव पैदल चलकर कैसे पूरी कर ली? उत्तर मिलेगा-बस! भोलेनाथ का नाम लेते रहे और चलते रहे! कावरियों के होंठ पर शिव का नाम होता है। वे "बम" बोलते हुए चलते है जो साक्षात शिव का प्रतिक है। दूसरों को भी "बम" की शक्ति मिले, अतः दूसरे कावरियों के लिए वे "बोल बम" का जयकारा लगाते चलते हैं। दूसरे कावरियों के लिए "बोल बम" बोला, और स्वयं भी शक्ति पा ली। यही वह संदेश है जो बताता है कि परोपकार से स्वतः ही अपना भी भला हो जाता है। वास्तव में शिव के नाम में शक्ति है। पिता शिव के साथ सदैव माता शक्ति रहती है जो शिव भक्तों को अपनी शक्ति का का अंश प्रदान करती रहती है। जेठ दुःख का दरिया है तो सावन सुख का सागर। देखिए नहीं, महसूस कीजिए कांवर यात्रा को सावन उपासना-आराधना का अवसर है। लाखों के संख्या में भक्तगण कंधे पर कांवर लिए शिवमंत्र का जप करते 105 किलोमीटर दूर सुल्तानगंज से नंगे पांव नदी-नालों, खेत-खलिहानों, जंगल-पहाड़ों को पार कर भूखे-प्यासे बाबा वैद्यनाथ को जलार्पण करने देवघर आते है। यह सामान्य तप नहीं हैं। कांवरिया पथ के किनारे चुपचाप खड़े होकर देख लें, भारतीयों की आस्था का स्वतः अनुभव हो जाएगा। आस्था और विश्वास से लवरेज कावरियों की टोली में आपको कई हठयोगी मिल जाएंगे, कर्मयोगी मिलेंगे, वैरागी मिलेगा, अनुरागी मिलेगा, विशुद्ध गृहस्थ मिलेगा, निर्धन मिलेगा और धनवान भी! पर, कांवर यात्रा में उनका कोई अपना अस्तित्व नहीं रह जाता है, सभी एक हो जाते है, सभी केवल "बम" हो जाते है। अर्थात शिव के दरबार में जाने वाले सभी समान हो जाते हैं, अहंकार शून्य हो जाते हैं। कितना अच्छा होता की सभी सदैव अहंकार शून्य ही रहते, शिवमय ही रहते तो हिंसा का अस्तित्व ही मिट जाता! क्या शिवभक्त ऐसा नहीं कर सकते? कांवरिया पथ पर आपको ऐसे-ऐसे "बम" मिल जाएंगे, जिनको देख कर हृदय द्रवित हो जाता है। भगवान पांव नहीं दिए या शायद देकर छीन लिए लेकिन कंधे पर बाबा के नाम का संकल्प लेकर चले आ रहे है बाबाधाम। किसी की आंख की ज्योति चली गई है लेकिन भगवान से आस्था नहीं गई हैं। अतः जल चढ़ाने कांवर लेकर चल पड़े है बाबानगरी की ओर, परिजन के सहारे प्रतिवर्ष सावन मास में लगभग 50 लाख लोग बिहार के भागलपुर जिला स्थित सुल्तानगंज से कांवर में गंगाजल लाकर झारखंड के देवघर जिला स्थित बाबा वैद्यनाथ को अर्पित करते है।

आज की **बात**



**श्रीयम त्रिपाठी**

### श्रृंगार का मौसम

सावन और श्रृंगार का अन्योन्याश्रय संबंध हैं। प्रकृति श्रृंगार करके हरी-भरी हो उठती है, जिसका असर मानव पर भी पड़ता हैं। भारतीय तरुणियों व विवाहिताओं के सजने-संवरने का यह विशेष मौसम है। हाथ में मेंहदी रचाने की बात हो या पांव में महावर लगाना हो, सावन सर्वोत्तम माना जाता हैं। अपने भाई के भाल पर बहन के हाथ का तिलक और कलाई पर राखी सावन में ही शोभायमान होती है। कजरी की तान सुननी हो या फिर बाग में लगे झूलों का आनंद लेना हो, यह सारा कुछ सावन में ही मनभावन लगता हैं।

### जेठ की तपन व सावन की फुहार

सृष्टि का संरक्षक और श्रृंगार के अवसर का माह है सावन। इस माह में सृष्टि के बीज अंकुरित होते है, तभी तो किसान वर्षभर सावन की प्रतिक्षा करते है। भारत में सर्वाधिक वर्षा सावन में ही होती है। वर्षा से ही अन्न उपजता है, ग्रीष्म ऋतु में जेठ की तपन से सूख रही वनस्पति को हरा-भरा होने का अवसर मिलता हैं, जिसे ग्रहण कर सृष्टि के प्राणी जीवन पाते है। अतः सावन सृष्टि का संरक्षक है। जो जेठ की तपन को झेल नहीं पाता, उसे सावन की फुहारों का आनंद नहीं मिल पाता। सावन का आनंद लेने के लिए जेठ की तपन को झेलना ही पड़ेगा। पूरे जेठ कड़ी धूप को सहन करने वाली वनस्पति को ही सावन की फुहारों में लहलहाने का अवसर मिलता है। सावन की हरियाली का क्या कहना! सावन की फुहार बरसते ही धरती की चुनर धानी हो जाती है। पौधों के चहरों पर मुस्कान तैर जाती है। पेड़-पौधे पुष्पित-पल्लवित हो जाते है। इसी माह सृष्टि का, जगत का श्रृंगार होता है, जो जेठ में उजड़ा सा, विधवा जैसा नजर आता है। सच में, यही जगत का आधार भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बरसात में बीमारियों से बचाव के लिए योग प्राणायाम



बरसात में चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलती है पर कई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ से भी सामना होता है। बच्चे युवा महिलाएं युवतियां, बुजुर्ग यह सभी वायरल संक्रमण व बैक्टीरिया का शिकार हो जाते हैं जिससे गले में दर्द सांस लेने में तकलीफ सर दर्द आंखों में दर्द, तेज बुखार आदि बीमारियां शरीर को जकड़ लेती हैं इन आम बीमारियों के बारे में जागरूक होना और योग को अपनी दिनचर्या मै निवारक उपाय के रूप में शामिल करना आवश्यक हो गया है और योग इस मौसम में आपके स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद कर सकता हैलेप्टोस्पायरोसिस संक्रमित जानवरों के मूत्र से प्रदूषित पानी में बैक्टीरिया के कारण होता है। इसके लक्षणों में गंभीर सिरदर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, आंखों का लाल होना, पेट में दर्द , पीलिया और दस्त शामिल हैं। बिना इलाज के, यह गंभीर रूप ले सकता है। शरीर पर कट लगने या खरोंच आने के माध्यम से बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करते हैं और लीवर एवं किडनी को प्रभावित करते हैं। यह संक्रमण लेप्टोस्पाइरा जीनस के बैक्टीरिया के कारण होता है। योग प्राणायाम के अभ्यास से हमारे अंदर उच्च इम्यूनिटी क्षमता विकसित होती है जिससे हमारे शरीर मैं रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित हो जाती है, और हमारे शरीर के अंदर कोई भी वायरस और बैक्टीरिया प्रवेश नहीं कर पाता जिससे हम विभिन्न प्रकार के वायरल संक्रमण व रोगों से बचे रहते हैं, बरसात के मौसम में सबसे उपयोगी योग अभ्यास के अंतर्गत साधक सूर्य नमस्कार, उत्तांनासना, पर्वतआसन, परिर्वत पाश्वर्वकोणासन, पश्चिमोतानासन, नाड़ी शोधन प्राणायाम सुदर्शन योग क्रिया, आज्ञा चक्र पर ध्यान आदि के अभ्यास से हम पूर्ण रूप से बारिश में जन्म लेने वाले वायरस व बैक्टीरिया से अपने शरीर की सुरक्षा कर सकते हैं इसके अलावा बारिश के मौसम में हमारी आहारचर्या पर हमें ध्यान रखना होगा और साथ में ही हम गिलोय अमृता को काढ़े के रूप मै सेवन और तुलसी अर्क का सेवन 1 सप्ताह में दो बार जरूर करे जिससे वायरल संक्रमण व बैक्टीरिया से तो बचाव होगा ही हमें कई स्वास्थ लाभ मिलेंगे, सुबह उठते से ही सर्वप्रथम गुनगुना पानी पिए, जिनको वायरल संक्रमण हो गया है वह पानी उबालकर ही पिए ज्यादा हरी सब्जियां खाने से बचें, गुड, अजवाइन दालचीनी, लहसुन, अदरक, काली मिर्च, लौंग का का काढा बनाकर जरूर ले जिससे कफ खासी सर्दी जुखाम मै लाभ होगा और रात में सोने से पहले गर्म पानी में हल्दी, काला नमक डालकर गरारे करे जिससे गले के इंफेक्शन से बचा जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

सेहत की **बात**



**योगाचार्य महेश पाल**

# सड़क मांगोगे तो गड्ढे मिलेंगे तारीख मांगो नेताजी मिलेंगे

सड़क बनाना? अरे भैया, ये तो वैसा ही सपना है जैसे ऊँट को झूले पर झुलाना। टेंडर की टकटकी, बजट की बकबक, ठेकेदार की ठिठोली, अफसरों की आँख-मिचौली-सब मिलकर सड़क का ऐसा भट्ठा बिठाते हैं कि बनने से पहले ही उसके भाग्य में गड्ढे आरक्षित हो जाते हैं। ऊपर से बारिश की रिमझिम तो जैसे ठहाका मारती है-"चलो भई, जितनी मिट्टी लगाई थी, सब बहा ले चलूँ!" लेकिन असली तमाशा तो तब शुरू होता है, जब एक गर्भवती औरत सडक की गहार लगाती है-उसके लिए ये रास्ता नहीं, जिन्दगी-मौत की बाज़ी है। और नेताजी का जवाब सुनिए-" डिलीवरी की डेट बताओ, हम एक हफ्ते पहले उठवा लेंगे!" वाह नेताजी, ये क्या गजब का जुगाड़ निकाला है! सड़क बना दी तो गड्ढे पनपेंगे, गड्ढों की शिकायतें बरसेंगी, अखबार में फोटो छपेगा, ट्विटर पर ट्रेंड होगा-तो ये सब सिरदर्द क्यों मोल लें? तारीख का तड़का लगाओ, गाड़ी का 'ड्रामा' दिखाओ, और वाहवाही की मलाई चाट लो। ये है नेताजी का धांसू दिमाग-न सड़क की झंझट, न गड्ढे, न बजट की फाँसी, बस 'तारीख बताओ' की तुरुप चाल और जनता का जोकरखाना हर बार हाउसफुल। नेताजी का ये जवाब तो सियासी नौटंकी के वर्ल्ड कप में सीधा हैट्रिक मारने जैसा है। सड़क बनाना? अरे भाई, वो तो बेकार का बखेड़ा है। सड़क बनी तो गड्ढे होंगे, गड्ढे होंगे तो जनता यूँ चीखेंगी, और फिर नेताजी को सफाई देनी पड़ेगी कि गड्ढे कैसे आए। तो क्यों न इस सारे नाटक से पिंड छुड़ाया जाए? नेताजी ने तो गजब का गुर बता दिया-सड़क की मांग को तारीख में टरकाओ, और जिम्मेदारी को धुएँ में उड़ा दो। जनता पूछे-"सड़क कब बनेगी?" नेताजी बोलें-"पहले डिलीवरी की तारीख बताओ, गाड़ी भेज देंगे।" वाह! गजब की लोकतांत्रिक 'होम डिलीवरी' सर्विस। सड़क बनाओगे तो गड्ढे पैदा होंगे, शिकायतें जन्म लेंगी, अखबार में फोटू छपेगा, विपक्ष हल्ला मचाएगा। इससे कहीं आसान है ये सियासी तमाशा-एक फोन उठाओ, चार चमचे तैनात करो, और तारीख का ड्रामा रच दो। नेताजी, आप तो सियासत के ब्लॉकबस्टर हीरो निकले-एक डायलॉग, और जनता खड़े होकर ताली बजाए, ठेकेदार को बोनस मिले, और आप अगले चुनाव के पोस्टर पर मुस्कराते रहो। हमारे देश में सड़कें तो वैसे भी सियासी तमाशे का टेंट हैं। हर चुनाव में सड़कें चमकती हैं- पोस्टरों पर, प्रचार में, और नेताओं के झूठे झांसे में। लेकिन हकीकत? कीचड़ का कचरा, गड्ढों का गाना, और धूल का धमाल। और जब कोई गर्भवती महिला सड़क मांगे, जिसके लिए ये रास्ता अस्पताल तक की जिंदगी का सवाल है, तो नेताजी का जवाब है, "तारीख बता!" अरे, सड़क बनाकर गड्ढों की गालियां क्यों सुनें? गड्ढे तो हमारे रास्तों का रुतबा हैं, और शिकायतें तो जनता का रोज़ की जुगाली। नेताजी ने तो एक तीर से सारी सियासत साध ली-सड़क की बात टालो, तारीख पर आओ, और गाड़ी से गदगद कर दो। ये है असली सियासी सलामी-न सड़क बने, न गड्ढे हों, न जनता खुश, न नेताजी परेशान। सब कुछ वही का वही, बस तारीख बदलती रहे और नेताजी की वाहवाही का तांबा चमकता रहे! नेताजी का बयान तो सियासी कॉमेडी का ब्लॉकबस्टर ट्रेलर है, जो समस्याओं को हल करने की बजाय उन्हें हंसी का ओवरडोज़ दे देता है! सड़क न होना? अरे, वो तो बस ट्रेलर का टीज़र है! जनता को चाहिए असली मसाला-सियासी सर्कस का तमाशा, और नेताजी ने रंग-बिरंगा रायता फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सड़क बनाओ तो गड्ढे, गड्ढों की शिकायत, तो फिर ड्रामे का क्या फायदा? बस तारीख पूछो, गाड़ी भेजो, और जनता को हंसी के ठहाकों में डुबो दो! ये तो वैसा ही है जैसे कोई भूखा रोटी मांगे, और नेताजी कहें, "टाइम बता, हम व्यवस्था कर भिजवा देंगे!" नेताजी का ये फंडा सियासी गुरुकुल का पीएचडी लेवल का मंत्र है-समस्या कितनी भी गहरी हो, एक तारीख पूछ लो, और पूरी सियासत को चुटकियों में चटपटा कर दो! अरे वाह, नेताजी ने तो इस बयान से पुरुषवादी सोच का ऐसा झकाझक झंडा फहराया कि महिलाओं की तकलीफ भी मसखरी का मसाला बन गई! एक गर्भवती महिला की गुहार को तारीख के तमाशे में टरकाना-ये तो सियासी जादूगरी का ऑस्कर लेवल का करतब है! सड़क बनाओ तो गड्ढे, गड्ढों से बचने का सबसे जबरदस्त फंडा? सड़क को ही भूल जाओ, भई! तारीख मांगो, गाड़ी भेजो, और दिखाओ कि सियासत का दिल कितना "संवेदनशील" है! नेताजी ने तो गजब का गुर सिखा दिया-सड़क बनाने की मेहनत से तो सौ गुना आसान है एक तारीख पूछ लेना। न सड़क बने, न गड्ढे हों, न कोई सवाल उठे-बस एक चटपटा जवाब फेंको, और सियासी सर्कस को सुपरहिट कर दो!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की **बात**



**प्रो आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पंथ पराये हो गये, बैरी सुगढ़ विचार।
ऐसी ओढ़ी ओढ़नी, जिसमें छेद हजार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अमेरिका पर ही भारी पड़ने वाला है टैरिफ युद्ध

अमेरिकी में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही दुनिया के लगभग समस्त देशों के साथ अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है। किंतु अमेरिका विभिन्न देशों से होने वाले आयात पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर एवं टैरिफ की दरों में बार-बार परिवर्तन कर इस टैरिफ युद्ध को किस दिशा में ले जाना चाह रहा है, इस सम्बंध में अब तक स्पष्टता का पूर्ण अभाव दिखाई देता है। इसे यदि भारत के संदर्भ में देखें तो ट्रम्प द्वारा कई बार यह घोषणा की गई है कि वह भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता शीघ्र ही सम्पन्न करेगा। इसके लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया भी और निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक वहां रहकर द्विपक्षीय समझौते के अंतिम रूप को अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करने में भी सफल रहा, परंतु अभी तक अमेरिका द्वारा इस द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा नहीं की जा सकी है। दूसरी ओर इस बीच अमेरिका ने कई देशों के विरुद्ध टैरिफ की दरों को बढ़ा दिया है। विशेष रूप से जापान एवं दक्षिणी कोरिया से अमेरिका को आयात होने वाली वस्तुओं पर 1 अगस्त 2025 से 25 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया जाएगा। इसी प्रकार, 12 अन्य देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर भी टैरिफ की बढ़ी हुई नई दरें लागू किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। इस सम्बंध में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र भी लिखा है। फिलहाल भारत इस सूची में शामिल नहीं है। पूर्व में अमेरिका द्वारा चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ की घोषणा की गई थी। चीन ने भी अमेरिका से होने वाली आयातित वस्तुओं पर लगभग उसी दर पर टैरिफ लागू करने की घोषणा कर दी थी। साथ ही, चीन ने विभिन्न देशों को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) के निर्यात पर रोक लगा दी थी। कहना होगा कि अमेरिका में चीन के इस निर्णय का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा था। जिसके दबाव में अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौता करते हुए चीन से आयात होने वाली विभिन्न वस्तुओं पर टैरिफ की दरों को तुरंत कम कर दिया। अमेरिका द्वारा इसी प्रकार का एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता ब्रिटेन के साथ भी सम्पन्न किया जा चुका है। पूर्व में, ट्रम्प प्रशासन ने 90 दिवस की अवधि में 90 देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने की बात कही थी तथा 90 दिवस की समयावधि 9 जुलाई को समाप्त होने के पश्चात भी केवल दो देशों ब्रिटेन एवं चीन के साथ ही द्विपक्षीय व्यापार समझौता सम्पन्न हो सका है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका द्वारा छेड़े गए इस टैरिफ युद्ध से निपटने के लिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वैश्विक मंच पर न तो अमेरिका के टैरिफ की दरों में वृद्धि सम्बंधी निर्णयों की आलोचना की है और न ही भारत में अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। बल्कि, भारत ने तो अमेरिका से आयात होने वाली कुछ विशेष वस्तुओं पर टैरिफ को कम कर दिया है। दरअसल, भारत इस समय विकास के उस चक्र में पहुंच गया है जहां पर भारत को अपना पूरा ध्यान आर्थिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। भारत को यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना है तो आगे आने वाले लगभग 20 वर्षों तक लगातार लगभग 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को बनाए रखना अति आवश्यक है। इसलिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत अपने आर्थिक विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के रूस के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो अमेरिका से भी अपने सम्बन्धों को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील है। भारत के इजरायल के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो ईरान के साथ भी भारत के व्यापारिक सम्बंध हैं। रूस एवं यूक्रेन युद्ध के बीच भी भारत ने दोनों देशों के साथ अपना संतुलित व्यवहार बनाए रखा है। इसी कड़ी में, चीन के साथ भी आवश्यकता अनुसार बातचीत का दौर जारी रखा जा रहा है, बावजूद इसके कि कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत के विरुद्ध कार्य करता हुआ दिखाई देता है। अभी हाल ही में चीन ने भारत को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) की आपूर्ति पूर्णतः रोक दी है। साथ ही, मानसून का मौसम भारत में प्रारम्भ हो चुका है एवं भारत में कृषि क्षेत्र में गतिविधियां अपने चरम स्तर पर पहुंच गई हैं, ऐसे अत्यंत महत्वपूर्ण समय पर चीन द्वारा भारत को उर्वरकों की आपूर्ति पर परेशनियां खड़ी की जा रही हैं। चीन द्वारा समय-समय पर भारत के लिए खड़ी की जा रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु भारत ने विश्व के पूर्वी देशों एवं विश्व के दक्षिणी भाग में स्थित देशों की ओर रूख किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**प्रहलाद सबनानी**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मध्य प्रदेश: जबलपुर से 101 कांवड़ियों ने बैजनाथ धाम के लिए किया प्रस्थान

**जबलपुर (आईएएनएस)**



36 वर्षों से बना हुआ है आस्था का क्रम

सावन के शुरू होने के साथ ही कांवड़ियों में अलग सा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में जबलपुर कांवर संघ द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी बाबा बैजनाथ धाम कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित की जाने वाली बाबा बैजनाथ धाम कांवर यात्रा का इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजन हो रहा है। इस साल बैजनाथ धाम कांवर यात्रा जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद में रवाना हुई। वहीं, संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के नेतृत्व में यह भव्य यात्रा महानगरी एक्सप्रेस, जबलपुर स्टेशन से बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) के लिए निकली। कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों के बीच श्रद्धा, भक्ति और उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष यात्रा में जबलपुर से लगभग 101 कांवड़िए शामिल हुए हैं, जो बिहार के सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर, लगभग 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। यह यात्रा लगातार 36वें वर्ष आयोजित की जा रही है, जो श्रद्धालुओं की आस्था, सेवा भावना और बाबा बैजनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य ने आईएएनएस से बात करते हुए कांवड़ यात्रा पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, "संस्कार दानी संस्कारों के लिए पहचानी जाती है। हमारे नगर निगम एमआई के पार्षद कमलेश अग्रवाल का समाज को जोड़ने और धर्म से बांधने का काम विशेष रहता है। सभी के प्रति आत्मीय भाव रखते हैं। वो लगातार 36 सालों से कांवड़ यात्रा करते हैं। कई किलोमीटर की यात्रा पैदल करते हैं। उनकी यात्रा में भक्तों को बहुत खुशी मिलती है और इस यात्रा में प्रत्येक वर्ष 100 से 150 लोग शामिल होते हैं। सभी भगवान के घर देवघर जाते हैं। मैं सभी भक्तों को आशीर्वाद देता हूं कि वो अच्छे से बाबा का दर्शन करें, यात्रा सुखद हो और वापस आएं।

आयोजक कमलेश अग्रवाल ने बताया, "प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी हम सभी कांवड़ियां बैद्यनाथ धाम के लिए प्रस्थान किए हैं। यह हमारी 36वें वर्ष की यात्रा है। सुल्तानगंज से जल भर हम लगभग 122 किलोमीटर पैदल चलते हैं। बाबा बैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग हैं, वहां पर हमारी जो भी मनोकामना होती है वो पूरी होती है। सभी कांवड़ियों में बहुत उत्साह है और आने वाले समय में हमारी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू आधार शिविर से 7,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रविवार को 7,049 तीर्थयात्रियों का 12वां जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 1,423 महिलाओं, 31 बच्चों और 136 साधुओं व साध्वियों सहित तीर्थयात्री तड़के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग-अलग काफिलों में अनंतनाग के नुनवान-पहलगाम और गांदरबल के बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि 4,158 तीर्थयात्री 148 वाहनों के काफिले में पहलगाम आधार शिविर जा रहे हैं, जबकि 138 वाहनों में सवार 2,891 तीर्थयात्री बालटाल मार्ग पर बढ़ रहे हैं। अमरनाथ की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों से शुरू हुई और यह नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

# बिहार की वोटर लिस्ट में बांग्लादेशी नेपाली, म्यांमारियों के नाम भी शामिल

## तेजस्वी यादव-प्रशांत किशोर ने दी प्रतिक्रिया

**पटना । एजेंसी**



बिहार की मतदाता सूची में विदेशी नागरिकों के नाम शामिल होने के खुलासे ने राज्य में एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मतदाता सूची में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार मूल के लोगों के नाम पाए गए हैं, जिसने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगा दिया है। इस चौंकाने वाली जानकारी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा है, खासकर उन पर जो मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध कर रहे थे। अब इस गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी अपनी राय व्यक्त की है, जिससे यह मुद्दा और गरमा गया है।

**विदेशी नामों के खुलासे पर तेजस्वी ने क्या कहा? :** इस मुद्दे पर पूछे जाने पर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'ये सूत्र कौन हैं? ये वही सूत्र हैं जिन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद, कराची और लाहौर पर कब्जा कर लिया गया है। ये सूत्र को हम मूत्र समझते हैं। SIR आखिरी बार 2003 में यूपीए सरकार में किया गया था। तब कई चुनाव हुए हैं, उन चुनावों में हम 3-4 लाख वोटों से हारे हैं। क्या इसका मतलब है कि इन सभी विदेशियों ने पीएम मोदी को वोट दिया? इसका मतलब है कि मतदाता सूची में किसी भी संदिग्ध तत्व के नाम जुड़ने के लिए एनडीए दोषी है। इसका मतलब है कि उन्होंने जो भी चुनाव जीते हैं, वे सभी धोखाधड़ी वाले रहे हैं। जहां तक नेपाल की बात है तो बिहार और नेपाल का रोटी और बेटी का संबंध है। बिहार पुलिस में नेपाली लोग हैं। आर्मी में नेपाली लोग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जबसे मामले को संज्ञान में लिया है और जब से चुनाव आयोग को सलाह दी है। तब से उनके हाथ पांव फूले हुए हैं। अगर फर्जी वोटर हैं भी तो जिम्मेदारी किसकी है? चुनाव आयोग है और एनडीए सरकार की है। चुनाव आयोग राजनीतिक दल का प्रकोष्ठ बनकर काम कर रहा है।'

**बिहार की वोटर लिस्ट में विदेशी घुसपैठ पर क्या बोले प्रशांत किशोर? :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इसपर कहा, 'चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है। यदि वे बता रहे हैं कि यहां नेपाली और बांग्लादेशी हैं तो यह बड़ी चिंता की बात है। क्या चुनाव आयोग यह स्वीकार कर रहा है कि जिस निर्वाचक नामावली से लोकसभा का चुनाव हुआ, उसमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी या गैर कानूनी लोग शामिल थे? दूसरी बड़ी बात है कि यदि यह लोग बिहार में आकर रह रहे हैं तो बिहार में तो भाजपा-नीतीश की सरकार है। नीतीश सरकार को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार के रहते ऐसे लोगों को बिहार में आकर रहने, यहां की सुविधाओं का लाभ लेने, वोट देने का अधिकार कैसे मिल गया?'

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने के आरोप में पुलिसकर्मी समेत 3 पर मामला दर्ज

जम्मू में पुलिस ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर सरकारी नौकरी हासिल करने के आरोप में एक उपनिरीक्षक और एक शिक्षक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान उपनिरीक्षक मोहिंदर पाल, शिक्षक गोविंद कुमार और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकीला बानो के रूप में हुई है। ये सभी जम्मू क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। जम्मू अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेनाम तोष ने बताया कि अपराध शाखा (आर्थिक अपराध शाखा) थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।





वर्तमान में भारतीय रिजर्व पुलिस की चौथी बटालियन में तैनात पाल राजौरी के नौशेरा तहसील के 'अपर नोनियाल' का रहना वाला है और उस पर 1995 में फर्जी शैक्षणिक योग्यता दस्तावेजों का उपयोग कर जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस विभाग में नौकरी हासिल करने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय जांच रिपोर्ट और प्रारंभिक सत्यापन रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि सुचेतगढ़ निवासी बचन लाल की लिखित शिकायत पर आरएस पुरा के खम्ब गांव निवासी कुमार के खिलाफ फर्जी स्थायी निवास प्रमाण पत्र (पीआरसी) का उपयोग कर 2004 में जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा विभाग में रहबर-ए-तालीम (आरईटी) शिक्षक के रूप में नौकरी पाने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक अलग लिखित शिकायत के अनुसार, रामबन जिले के खारी गांव के शिक्षक गुलाम हसन नाइक पर अपनी निरक्षर बेटी शकीला बानो का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में चयन कराने के लिए स्कूल के रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। शिकायत के अनुसार, नाइक का जन्म छह दिसंबर, 1966 को हुआ था जबकि उनकी बेटी की दर्ज जन्मतिथि एक जनवरी, 1976 थी। पिता और बेटी की उम्र में केवल नौ वर्ष और 26 दिन का अंतर था।

## वोटर लिस्ट में नेपाली और बांग्लादेशी भी मौजूद : पप्पू यादव

### 'पिता-पुत्र का नाम पूछ कैसे तय हो रहा कोई विदेशी?'

**पटना (आईएएनएस)**



निर्दलीय सांसद राजेश रंजन यानि पप्पू यादव ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव और बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महाभियोग की प्रक्रिया पर संसद में चर्चा हो सकती है और बहुमत या सहमति से फैसला लिया जा सकता है। इसके साथ ही बिहार मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में कहा कि भारत की न्यायिक और संसदीय प्रणाली दुनिया में सबसे अलग और सम्मानित है। यदि सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगते हैं, जैसे पक्षपात या सरकार को फायदा पहुंचाने की बात, तो संविधान के तहत महाभियोग लाया जा सकता है। पप्पू यादव ने कहा, "हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए यह जरूरी है।

महाभियोग की प्रक्रिया पर संसद में चर्चा हो सकती है और बहुमत या सहमति से फैसला लिया जा सकता है। बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भी पप्पू यादव ने सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के कई लोग पाए गए, जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। इस पर यादव ने तंज कसते हुए कहा, "चुनाव आयोग बिना कागजात लिए कैसे दावा कर रहा है कि कोई नेपाल या बांग्लादेश का है? अगर आधार कार्ड, राशन कार्ड या अन्य दस्तावेज हैं, तो किस आधार पर लोगों को सूची से हटाया जाएगा?

### आईआईएम कोलकाता बलात्कार मामला

## जांच के लिए 9 सदस्यीय एसआईटी गठित आरोपी 7 दिन की पुलिस हिरासत में

**कोलकाता । एजेंसी**



कोलकाता पुलिस ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोलकाता में हुए कथित बलात्कार मामले की गहन जांच के लिए एक 9 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। इस मामले के मुख्य आरोपी महावीर टोप्पनवर उर्फ परमानंद जैन को 12 जुलाई को 19 जुलाई तक 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

**आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने मांगी रिमांड :** कोलकाता पुलिस के अनुसार, 'डीसी साउथवेस्ट डिवीजन ने मामले की जांच के लिए 9 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है।' पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एक महिला क्लिनिकल है कि अपराध किया गया था, और चिकित्सा साक्ष्य पीड़िता का समर्थन करते हैं। अदालत ने 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत प्रदान की।

**पीड़िता के पिता ने बलात्कार के आरोपों को नकारा :** हालांकि, इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कथित पीड़िता के पिता ने 'बलात्कार' के आरोपों को खारिज कर दिया। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में चोटें आई हैं।

## हिंदू-असमिया मुसलमानों के क्षेत्रों में बसने के पीछे हो सकती है साजिश : हिमंत

**दिसपुर । एजेंसी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि भूमि कटाव से प्रभावित और भूमिहीन लोगों के अपने मूल स्थानों से 200-300 किलोमीटर दूर जाकर उन क्षेत्रों में बसने के पीछे एक षड्यंत्र हो सकता है, जहां हिंदू या असमिया मुस्लिम बहुसंख्यक हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर उनकी सरकार ने अतिक्रमण की गयी भूमि को हटाने के लिए अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया था वहां लोगों के इस तरह के पलायन के कारण जनसांख्यिकीय संतुलन खतरे में पड़ गया है। अतिक्रमण रोधी अभियान में हटाए गये लोगों में से अधिकांश बांग्ला भाषी मुसलमान हैं। शर्मा ने कहा, हमारा मुद्दा यह है कि वे 200-300 किलोमीटर दूर उन जगहों पर क्यों जा रहे हैं जहां हिंदू या असमिया मुसलमान रहते हैं। नतीजतन हमारे लोग असुरक्षा से जूझ रहे हैं। इसलिए मुद्दा सिर्फ अतिक्रमण रोधी अभियान का नहीं है, बल्कि इसके साथ ही हमें अल्पसंख्यक बनाने की एक छिपी हुई साजिश का भी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें।

**मिथुन :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला :** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुंभ :** खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

### अहमदाबाद विमान हादसा

## पायलट की गलती थी या कुछ और, रिपोर्ट पर विवाद गहराया

**अहमदाबाद । एजेंसी**



अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के एक महीने बाद, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट जारी कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया की उड़ान AI-171 के दोनों इंजनों को ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे, जिससे पायलटों में भ्रम पैदा हो गया। इसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमानन विशेषज्ञों ने इस रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। वे एएआईबी की इस शुरुआती जांच से पूरी तरह सहमत नहीं दिख रहे हैं।

वहीं, रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान के दौरान सह-पायलट विमान उड़ा रहा था और कप्तान निगरानी कर रहा था। विमान ने दोपहर 1 बजकर 38 मिनट 39 सेकंड पर उड़ान भरी, और उसके एक सेकंड बाद ही, 180 नॉट्स की गति पर, दोनों इंजन के ईंधन 'कटऑफ स्विच' 'रन' से 'कटऑफ' स्थिति में चले गए। इसके ठीक बाद, 1 बजकर 39 मिनट 05 सेकंड पर एक पायलट ने आपातकालीन 'मे डे' संदेश दिया। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो दूसरे ने मना किया कि उसने ऐसा नहीं किया। वहीं, भारतीय वायुसेना के पूर्व निदेशक संजीव कपूर ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की शुरुआती रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति जताई है।

## उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

**मिर्जापुर ।** मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र में ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक-युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि को गांव चडेरू चौकठा के पास की है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह ने मामले की प्रारंभिक छानबीन में मिली जानकारी के हवाले से बताया कि प्रेमी युगल विवाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन उसका विरोध कर रहे थे इसलिए दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। शवों का पोस्टमार्टम शनिवार देर शाम किया गया। उन्होंने बताया कि प्रेमी जोड़े की पहचान प्रयागराज जिले के महेवा निवासी शिवम सोनकर (21) और उसी जिले के चकडीहा की निवासी अंजली धरिकार (20) के रूप में हुई है।

## ममता बंगाल को 'मिनी पाकिस्तान' बनाने पर तुली हैं : अजय आलोक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक ने रविवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में सामने आए हालिया घटनाक्रमों पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था से लेकर दिल्ली में कांवड़ यात्रा में उत्पन्न व्यवधान, बिहार चुनाव, छांगुर बाबा प्रकरण और उदयपुर फाइल्स फिल्म पर लगी रोक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कन्हैया लाल की पत्नी के पत्र तक पर अपनी बात रखी। कोलकाता में युवती के साथ हुई रेप की घटना पर टिप्पणी करते हुए अजय आलोक ने कहा कि कोलकाता में टीएमसी के गुंडों का जमावड़ा हो चुका है। यूनिवर्सिटी प्रशासन असमर्थ है, पुलिस टीएमसी की एजेंट बन चुकी है। ममता बनर्जी बंगाल को 'मिनी पाकिस्तान' बनाने पर तुली हुई हैं। कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। शाहदरा में कांवड़ यात्रा के मार्ग पर कांच के टुकड़े पाए जाने पर उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। पुलिस इस पर जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके पीछे कौन है। कुछ लोग सांप्रदायिक माहौल खराब करने की साजिश रच रहे हैं। ऐसी हरकत करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

छांगुर बाबा से जुड़े खुलासों पर अजय आलोक ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है। हर पहलू की जांच हो रही है, चाहे वो फंडिंग हो या संपर्क सूत्र। ऐसे बाबाओं का जाल देशभर में फैला हुआ हो सकता है।

## दिल्ली में अपराध में 8.4 प्रतिशत की कमी


**दिल्ली ।** दुष्कर्म एवं पॉस्को मामलों में 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ, राष्ट्रीय राजधानी में 2025 की पहली छमाही में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में समग्र अपराध में 8.38 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। आंकड़ों से पता चला है कि एक जनवरी से 30 जून, 2025 तक लगभग 10,000 मामलों की गिरावट के साथ, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत कुल 1,18,822 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 की इसी अवधि में 1,29,693 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, हत्या, बलात्कार, डकैती और अपहरण जैसे जघन्य अपराधों में 2023 की तुलना में 13.13 प्रतिशत और 2024 की तुलना में 10.39 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंकड़ों से पता चला कि हत्या के मामले पिछले वर्ष के 241 से बढ़कर 2025 में 250 हो गए।

### विडंबना — शिक्षा व्यवस्था को कलंकित न करें, धनखड़ ने जताई चिंता

# कोचिंग सेंटर अब 'पोचिंग सेंटर', उपराष्ट्रपति ने दी चेतावनी

- **उपराष्ट्रपति बोले- शिक्षा को गिरने से रोकना हम सबकी जिम्मेदारी**

**कोटा । एजेंसी**



### कोचिंग ने छीनी छात्रों की सोच

अंकों के प्रति जुनून पर बोलते हुए, धनखड़ ने कहा कि उत्तम ग्रेड और मानकीकृत अंकों की चाहत ने जिज्ञासा को कमज़ोर कर दिया है, जो मानव बुद्धि का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "सीटें सीमित हैं, लेकिन कोचिंग सेंटर पूरे देश में फैले हुए हैं। वे छात्रों के दिमाग को सालों तक तैयार करते हैं और फिर उन्हें रोबोट बना देते हैं। उनकी सोच पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती है। इससे कई मनोवैज्ञानिक समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।

कोटा स्थित कोचिंग उद्योग पर निशाना साधते हुए, उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं और सीमित दायरे में सिमटी प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। राजस्थान के कोटा स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटरों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। यह हमारे युवाओं, जो हमारा भविष्य हैं, के लिए ख़तरा है। हमें इस चिंताजनक कुरूपता का समाधान करना होगा। हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित नहीं होने दे सकते।

जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए ख़तरा है, जो हमारा भविष्य हैं। हमें इस दुर्भावना को दूर करना होगा जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित और कलंकित नहीं होने दे सकते। अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों में पैसा बहाया जाता है। यह पैसे का इष्टतम उपयोग नहीं है, और ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन ये हमारी सभ्यतागत प्रकृति के लिए आँखों में खटकते हैं। शिक्षा को असेंबली लाइन की तरह मानने के विचार का विरोध करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस असेंबली लाइन संस्कृति को रोका जाना चाहिए तथा उन्होंने इसे शिक्षा के भविष्य के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों पर पैसा बहाया जाता है। यह पैसा उन लोगों से आता है जो या तो कर्ज़ लेते हैं या अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत से बचत करते हैं। यह धन का इष्टतम उपयोग नहीं है। ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन हमारी सभ्यतागत मान्यताओं के लिए आँखों में धूल झोंकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### गिल-क्रॉली की बहस पर मोंटी पनेसर ने दी प्रतिक्रिया



**लंदन।** लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के बीच तीखी बहस देखने को मिली। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इसे 'ड्रामा' और वो सब कुछ बताया, जिसकी इस टेस्ट सीरीज को जरूरत थी। तीसरे दिन की समाप्ति में अभी 10 मिनट शेष थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी का पहला ओवर जसप्रीत बुमराह के हाथों में था। इस ओवर के दौरान जैक क्रॉली बार-बार समय बर्बाद करने की कोशिश करते नजर आए। बुमराह की एक गेंद क्रॉली के दस्ताने से भी टकराई, जिसके बाद उन्होंने फिजियो को बुला लिया। इससे शुभमन गिल काफी नाखुश नजर आए। गिल ने ताली बजाकर तंज कसा और ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए मोंटी पनेसर ने इसे 'नाटकीयता' बताया है। पनेसर ने आईएएनएस को बताया, "यह दिखाता है कि टेस्ट मैच में ड्रामा था, थिएटर था, एक्शन था। यहां सब कुछ हो रहा था। इससे चौथे दिन का माहौल गर्म होगा। जाहिर है कि इंग्लैंड भी पीछे हटने वाला नहीं है। यह वही सब कुछ है, जिसकी इस टेस्ट सीरीज को जरूरत थी। थोड़ी गर्मी, थोड़ा ड्रामा और थोड़ा एक्शन।"

### आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने मिचेल स्टार्क को 100 टेस्ट खेलने पर बधाई दी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 100 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी है। शाह के अनुसार, साल 2011 में डेब्यू के बाद से यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है। रविवार को सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरते ही स्टार्क 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई बन गए। वह ग्लेन मैक्ग्रा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हैं। जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा, "मिचेल स्टार्क को 100 टेस्ट मैच खेलने के लिए बधाई। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन एक तेज गेंदबाज के लिए तो यह और भी मायने रखती है। उन्होंने साल 2011 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### अपनी पहली ही टी20 सीरीज में श्री चरणी ने बनाया अनूठा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भले ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में पांचवें टी20 मैच को पांच विकेट से गंवा दिया, लेकिन इस सीरीज में बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अनूठा कारनामा किया। 20 वर्षीय श्री चरणी ने इसी सीरीज में अपने टी20 करियर की शुरुआत की। उन्होंने सीरीज के सभी पांच मैच खेले, जिसमें 14.8 की औसत के साथ 10 विकेट अपने नाम किए। इसी के साथ श्री चरणी टी20 सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले पायदान पर पहुंच गई हैं। श्री चरणी के अलावा राधा यादव भी एक ही टी20 सीरीज में 10 विकेट लेने का कारनामा कर चुकी हैं।

# भारत को जीत के लिए मिला 193 रनों का लक्ष्य



**लॉर्ड्स।** लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन के तीसरे सत्र में इंग्लैंड की दूसरी पारी 192 रनों पर सिमट गई। दूसरी पारी में भारत के लिए सर्वाधिक सफल गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर रहे। सुंदर ने 4 विकेट लिए। जीत दर्ज करने और सीरीज में बढ़त बनाने के लिए टीम इंडिया को अब 193 रनों की आवश्यकता है। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत बिना किसी विकेट के 2 रन से की थी। पहले सत्र की शुरुआत से ही इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए। पहले सत्र में इंग्लैंड ने महज 98 रन के स्कोर पर अपने 4 टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज खो दिए थे। इस स्थिति से बाहर आना टीम के लिए मुश्किल था, और ऐसा ही हुआ। पूरी टीम 192 रन पर सिमट गई। पिछली पारी में शतक लगाने वाले जो रूट मात्र 40 रन बनाए, हालांकि वह इंग्लैंड टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने कप्तान बेन स्टोक्स (33 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 67 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन यह जोड़ी टूटते ही टीम का निचला क्रम बिखर गया। अगर भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो वाशिंगटन सुंदर ने शानदार गेंदबाजी की और 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और सिराज ने 2-2 जबकि रेड्डी और आकाश दीप को 1-1 विकेट मिले। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 387 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने 104, जेमी स्मिथ ने 51 और ब्रायडन कार्स ने 56 रन की पारी खेली थी। भारत की पहली पारी 387 रनों पर समाप्त हुई थी। टीम इंडिया के लिए सलामी बल्लेबाज केएल राहुल में शतक लगाया था। वह 100 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत ने 74 और रवींद्र जडेजा ने 72 रनों की महत्वपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेली थी। इसके अलावा करुण नायर ने 40 रनों का योगदान दिया था।

### मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं : अजिंक्य रहाणे



**नई दिल्ली।** दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेलने वाले 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथटर्न से बात करते हुए कहा, 'मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है।' जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रोहित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है।

## खेल मंत्री मांडविया ने गांधीनगर में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का नेतृत्व किया

### द ग्रेट खली दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 31वां संस्करण रविवार सुबह देशभर में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुजरात के गांधीनगर में 500 से अधिक प्रतिभागियों के एक समूह का नेतृत्व किया। इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ साझेदारी में आयोजित इस साइकिलिंग अभियान में देश भर के 7000 से अधिक स्थानों पर 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को मजबूत करते हुए 3000 नमो फिट इंडिया साइक्लिंग क्लबों ने भाग लिया।

युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में डॉ. मांडविया ने कहा कि ''फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल'' अब एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी पहल बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। यह वास्तव में एक ऐसी श्रृंखला बन गई है जो न



केवल फिटनेस के बारे में है, बल्कि राष्ट्रीय परिवर्तन का भी प्रतीक है। आज 7000 से ज़्यादा जगहों पर हमारे युवाओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

डॉ. मांडविया ने भारतीय युवा महिला हैंडबॉल टीम से भी बातचीत की, जो वर्तमान में गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है।

दिल्ली में द ग्रेट खली ने बढ़ाई शोभाराष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम एक उत्सव जैसे माहौल में आयोजित किया गया, जिसमें रस्सी कूद, जुम्बा और हठ योग गतिविधियां शामिल थीं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन और यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाई। 3000 से ज्यादा युवा और बुजुर्ग फिटनेस प्रेमियों की उपस्थिति में 52 वर्षीय खली ने भारत के 'विश्वगुरु' बनने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। खली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि भारत 'विश्वगुरु' बने और यह सपना तभी साकार होगा जब हम स्वस्थ और सशक्त होंगे। आइए हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के इस विचार को मजबूत करें और सभी को जागरूक करें।

### 'करो या मरो' के मुकाबले में शत प्रतिशत देने उतरेगी बांग्लादेशी टीम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दांबुला में रविवार को दूसरा टी20 मैच खेला जाएगा, जिसमें बांग्लादेश की टीम हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। श्रीलंकाई टीम तीन मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में दबाव मेहमान टीम पर ही होगा। श्रीलंकाई टीम को बल्लेबाजी में कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पथुम निसांका जैसे खिलाड़ियों से उम्मीदें होंगी। वहीं, गेंदबाजी में महेश दीक्षाना, दासुन शनाका और जेफ्री वेंडरसे विपक्षी टीम को परेशान कर सकते हैं। वहीं, बांग्लादेश को परवेज हुसैन एमोन, मोहम्मद नईम, मेहदी हसन मिराज जैसे खिलाड़ियों से खासा उम्मीदें होंगी। दूसरे टी20 मैच के दौरान बारिश की आशंका बेहद कम है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस बने रहने की उम्मीद है।

## अचानक न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से जुड़े चार खिलाड़ी



**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

डेवोन कॉन्वे, मिच हे, जेम्स नीशम और टिम रॉबिन्सन को जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टी20 टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉन्वे टी20 सीरीज में फिन एलन की जगह लेंगे। एलन इस सप्ताह चोट के बाद सीरीज से बाहर हो चुके हैं। एलन को संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से खेलते समय पैर में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, "हम फिन एलन के लिए बहुत दुखी हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पाए।

**सीरीज का कार्यक्रम**

- **14 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका।
- **16 जुलाई** - दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूज़ीलैंड।
- **18 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम न्यूज़ीलैंड।
- **20 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका।
- **22 जुलाई** - न्यूज़ीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका।
- **24 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम न्यूज़ीलैंड।
- **26 जुलाई** - फाइनल

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## नकली और घटिया उर्वरक बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर किसानों को नकली और घटिया उर्वरक बेचने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने को कहा है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि यह पत्र नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और देश भर में जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा लिख गए इस पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की आय में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें सही समय पर, किफायती दामों पर और मानक गुणवत्ता वाले गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आता है, के तहत नकली या घटिया उर्वरकों की बिक्री प्रतिबंधित है।शिवराज सिंह चौहान ने पत्र में आगे कहा कि जहां भी आवश्यकता हो, सही स्थानों पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों की जिम्मेदारी है। राज्यों को कालाबाजारी, अधिक मूल्य निर्धारण और सब्सिडी वाले उर्वरकों के दुरुपयोग जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नमूनाकरण और परीक्षण के माध्यम से नकली और घटिया उत्पादों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों या जैव-उत्तेजक उत्पादों की जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। पत्र में केंद्रीय मंत्री ने यह भी सिफारिश की है कि दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।इसके अलावा, राज्यों को निगरानी प्रक्रिया में किसानों को शामिल करने के लिए फीडबैक और सूचना प्रणाली विकसित करने और असली-नकली उत्पादों की पहचान करने के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।

## देश की 8 कंपनियों का मार्केट कैप 2.07 लाख करोड़ गिरा, टीसीएस को सबसे अधिक नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 2 कंपनी के मार्केट कैप में इस सप्ताह 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा हिन्दुस्तान यूनिलीवर को हुआ।




इस सप्ताह के कारोबार के दौरान हिन्दुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 47,396.70 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंफोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में 2,07,501.58 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। 7 से 11 जुलाई के बीच हुए कारोबार के दौरान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 56,279.35 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 11,81,450.30 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 54,483.62 करोड़ रुपये घट कर 10,95,887.62 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 44,048.20 करोड़ रुपये लुढ़क कर 20,22,901.67 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप 18,818.86 करोड़ रुपये कम होकर 6,62,564.94 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 14,556.84 करोड़ रुपये घट कर 10,14,913.73 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार सोना-चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,710 रुपये से लेकर 99,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,400 रुपये से लेकर 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 880 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है।

### प्राइमरी मार्केट में अगले सप्ताह 3 नए आईपीओ देंगे दस्तक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान तीन कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च करने वाली है। इनमें एक ऐंथेम बायो साइंसेज का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि शेष दो कंपनियों के आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 10 जुलाई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले एक आईपीओ में भी कल तक बोली लगाई जा सकती है। अगले सप्ताह सोमवार से लेकर गुरुवार तक 6 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाले हैं। इसके अलावा इसी सप्ताह एक कंपनी का फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) भी लिस्ट होने वाला है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 14 जुलाई को ही ऐंथेम बायो साइंसेज का 3,395 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 16 जुलाई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत 540 रुपये से लेकर 570 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है।

### टीसीएस और भारती एयरटेल का मार्केटकैप इस हफ्ते एक लाख करोड़ रुपए से अधिक घटा



**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल का मार्केटकैप इस हफ्ते संयुक्त रूप से 1,10,762.97 करोड़ रुपए कम हो गया है। इसकी वजह शेयर बाजार में गिरावट होना है। 7-11 जुलाई तक के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। शेयर मार्केट की शीर्ष 10 कंपनियों में टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कंपनी का मार्केटकैप 56,279.35 करोड़ रुपए कम होकर 11.81 लाख करोड़ रुपए हो गया है। टीसीएस के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरने के कारण टीसीएस के शेयर में शुक्रवार को 3.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, भारती एयरटेल का मार्केटकैप 54,483.62 करोड़ रुपए कम होकर 10.95 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसके अतिरिक्त, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी, एचडीएफसी बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मार्केट कैप में कमी दर्ज की गई।

### पीएलआई स्कीम में इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा उद्योग को मिला 70 प्रतिशत से ज्यादा फंड

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार द्वारा प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम (पीएलआई) के लिए जारी किए गए कुल फंड में से 70 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा उद्योग को मिला है। यह जानकारी आधिकारिक डेटा में दी गई। डेटा में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान योजना के तहत जारी 10,114 करोड़ रुपए में से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 5,732 करोड़ रुपए मिले, जबकि फार्मा क्षेत्र को 2,328 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2021 में शुरू की गई पीएलआई योजना को शुरू में 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए लॉन्च किया गया था। इसने देश के औद्योगिक आधार और हाई वैल्यू वाले निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका अदा की है। इस योजना की सफलता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से दिखती है। विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत प्रगति के कारण, इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत की शीर्ष तीन निर्यात श्रेणियों में शामिल हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस क्षेत्र ने 2024-25 में 32.46 प्रतिशत की अच्छी निर्यात वृद्धि दर्ज की।

# भारी बारिश में टूटी पुलिया की ग्रामीणों के सहयोग से हुई मरम्मत

नवीन मेल संवाददाता



● पठारी गांवों में वाहनों से आवागमन हुआ सुगम


**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश की वजह से कच्ची सड़क में टूटी पुलिया की ग्रामीणों ने सहयोग देकर मरम्मत कर दी। इससे एक पखवारा बाद मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य मार्ग से जुड़े प्रखंड मुख्यालय के उत्तर-पूरब दिशा के कई पठारी गांवों में वाहनों से आवागमन सुगम हो गया। इनमें इस प्रखंड के रामनगर, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर,भरूही के अलावा हुसैनाबाद प्रखंड के लोहबंधा, फटहा, जीतामाटी व अन्य कई गांव शामिल बताए जाते हैं। जहां वाहनों से पहुंचने के लिए राजनडीह से महुडंड तक पीएमजीएसवाई के तहत सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध है। जिसके कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ से संपर्क के दो अलग-अलग मार्ग हैं। इनमें दायीं मुख्य नहर के दायें किनारे से पदारथडीह होकर काशीस्त्रोत रेलवे पुल के नीचे से राजनडीह गांव तक पहुंचा जाता है। वहीं, दूसरी रामनगर के ग्रामीणों के श्रमदान से राजनडीह तक बनी कच्ची सड़क हैं। इसी में राजबारा नदी पर बनी पुलिया पहली ही भारी बारिश में टूट गई थी। ऐसी स्थिति में वाहनों की सुविधा से उक्त गांवों से प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय, बाजार, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन तक आवागमन बंद हो गया था। इसी पुलिया की जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से मोरम डलवाकर राम जन्म राम, अरविन्द राम,विजय कुमार, उपेन्द्र कुमार, अनुज कुमार अमर कुमार, विष्णुदेव पासवान, पंचु रजवार (विधायक प्रतिनिधि), दीपक कुमार, उदल सिंह, बिंगन सिंह, आकाश कुमार, उमेश कुमार और सतेन्द्र यादव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने सहयोग देकर मरम्मत करा दी है।

## नगर प्रशासक के निर्देश पर बदहाल सड़क की हुई मरम्मती



**लातेहार।** शहर से सटे पहाड़पुरी होते हुए पांडेयपुरा जाने वाली बदहाल सड़क पर जीप सदस्य विनोद उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आर्सेन तिर्की समेत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन से अविलंब सड़क को दुरुस्त की मांग की थी। इस जनसमस्या को मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, जिसके बाद नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने मामले को संज्ञान में लिया। प्रशासक के आदेश पर रविवार को नगर पंचायत विभाग के कर्मियों द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। गौरतलब है कि यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी। जिससे स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन से संज्ञान लेते हुए सड़क मरम्मती का कार्य किया।ताकि लोगों को राहत मिल सके।इधर जीप सदस्य और झामुमो नेता आर्सेन तिर्की ने जिला प्रशासन और नगर प्रशासक त्वरित कारवाई के लिए धन्यवाद दिया।

## मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिले औरंगजेब खान स्वास्थ्य व्यवस्था से कराया अवगत



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड युवा अध्यक्ष औरंगजेब खान ने शनिवार को राज्य के मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी से शिष्टाचार मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से बालूमाथ क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मंत्री को अवगत कराया। मुलाक़ात के दौरान औरंगजेब खान ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी देते हुए मंत्री से मांग की कि क्षेत्र में जल्द से जल्द चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को इलाज के लिए लातेहार या अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे की भारी बर्बादी होती है। मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि न सिर्फ बालूमाथ बल्कि पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है,और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान विकास कुमार भी मौजूद रहे।

## देसी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ एक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू (हि.स.)।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथराटाड़ से शनिवार देर शाम एक युवक को एक देसी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। रविवार दोपहर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया। युवक की पहचान चनकार कस्तुरी के 20 वर्षीय सुभाष कुमार चौधरी पिता सुनील चौधरी के रूप में हुई है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पथरा टाँड के पास सुभाष कुमार चौधरी नामक युवक अवैध हथियार एवं गोली के साथ एस्बेस्टस के मकान में है। सूचना के आलोक में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल की घेराबंदी की गई। घर के अंदर प्रवेश करने पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल की मदद से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुभाष कुमार चौधरी बताया। उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसकी कमर के पीछे से एक देशी कट्टा, पैंट के बाएं पॉकेट से दो जिंदा गोली एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। युवक ने हथियार और गोली क्यों रखा था इसके लिए छानबीन की जा रही है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी दलबल के साथ शामिल थे।

# त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण में सभी की सहभागिता जरूरी : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता



● बीएलओ एवं सुपरवाइजर राजनीतिक दलों से समन्वय स्थापित कर निर्वाचन प्रक्रिया को बनाएं पारदर्शी और प्रभावी

**हुसैनाबाद।** विगत सोमवार से चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, पता एवं अन्य विवरणों में सुधार, फोटो अपडेट करने जैसे कार्यों को गंभीरता से सम्पन्न करने के निर्देश हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित, अद्यतन और समावेशी मतदाता सूची निर्माण में सभी की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। गत शनिवार को अनुमंडलीय सभागार में आयोजित बैठक में श्री गुप्ता ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर से कहा कि वे जनभागीदारी को प्राथमिकता दें और मतदाता सूची में सुधार के लिए घोषित कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग करें। बीएलओ को आयोग प्रायोजित गरुड़ ऐप के माध्यम से नागरिकों के आवेदन ऑनलाइन समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे 1 जनवरी 2026 को अहर्ता मानकर 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हों, वे प्रपत्र-6 के माध्यम से रंगीन फोटो, जन्म तिथि प्रमाण और निवास प्रमाणपत्र के साथ मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।ऑफलाइन आवेदन फॉर्म 6, 6ए, 7, 8 बीएलओ/ईआरओ/एईआरओ को समर्पित कर सकते हैं।जबकि ऑनलाइन आवेदन एनएसभीपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। एसडीओ ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर को सभी मतदान केंद्रों की नजरी नक्शा तैयार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग के नए निर्देशों के आलोक में मतदान केंद्रों का पुनर्गठन व सुधार कार्य के तहत 1200 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों का विखंडन कर नया मतदान केंद्र बनाया जाना है। 2 किलोमीटर की परिधि में पोलिंग बूथ के लिए रिपोर्ट समर्पित करना है। एक परिवार के सभी वोटर्स का नाम एक ही बूथ पर होना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया हैं कि वे आम नागरिकों को जागरूक करें और एक-एक योग्य मतदाता का नाम सूची में जुड़वाने का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही सशक्त लोकतंत्र की नींव और मजबूत होगी।बैठक में हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे। सभी को स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने इस अभियान को गंभीरता से लेने और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया हैं।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, आधा दर्जन लोग घायल



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक पक्ष के मंतु यादव प्रमोद यादव नन्हकी देवी मंती देवी कमोदा देवी तथा दूसरे पक्ष के उषा देवी सुखन यादव सहित कई का नाम शामिल है। एक पक्ष की रामाधार यादव ने बताया कि 44 डिसमिल जमीन को लेकर गांव के ही सुखन यादव मुखन यादव यादव लालमोहन यादव नंदू यादव नंदकुमार यादव धर्मेंद्र यादव कमला कुँवर उषा देवी मनिका देवी के द्वारा लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हम लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। उसने बताया कि 44 डिसमिल जमीन में मेरा पूर्वजों के समय से ही जोत कोड होते आ रहा है और उसमें घर भी है। लोगों के द्वारा उक्त जमीन को अपना बताते हुए एक राय होकर लाठी डंडे से लैस होकर घर को तोड़ने के लिए दबाव बनाया गया। जब हम लोग घर नहीं तोड़ने का विरोध किया तो उक्त लोग मारपीट कर हम लोगों को घायल कर दिया।तो वहीं दूसरा पक्ष के नंदकुमार यादव का कहना है कि 10 फीट लंबी हमारी जमीन को मंटू यादव प्रमोद यादव वगैरह के द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जिसको लेकर विवाद बढ़ी थी। जब हम लोग उसका विरोध किये तो उक्त लोग मारपीट पर उतारू हो गए और हम लोगों को लाठी डांटे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया गया। न्याय को लेकर स्थानीय थाना में हम लोग आवेदन दिए हैं। मामले में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी है जिसमें एक तरफ के तीन और दूसरे तरफ के दो लोग घायल हुए हैं घायलों का इंजरी काटकर इलाज के लिए भेज दिया गया है वहीं दोनों तरफ से मामले को लेकर आवेदन मिला है।

## राशन उपभोक्ताओं को ई-केवाआईसी कल तक कराना अनिवार्य : बीएसओ

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को अब 15 जुलाई तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 जून तक थी। इसे बढाया गया है। उपभोक्ताओं को इसके प्रति सजग करने को लेकर इसका गांव-गांव में ध्वनिविस्तारक यंत्र से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने सभागार में आयोजित बैठक में सभी डीलर को इसे सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। इसमें उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर खाद्यान्न उठाव में मुश्किल खड़ी हो सकती है। राशनकार्ड रद्द भी किया जा सकता है। उन्होंने डीलरों को इसे लेकर उपभोक्ता को जागरूक करने और लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त करने का भी निर्देश दिए हैं।

### 2822 राशन कार्डधारियों ने छह माह से लेकर पांच वर्ष तक नहीं उठाया राशन, न ही कराई ई-केवाईसी

**हैदरनगर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत आच्छादित राशन कार्ड लाभुकों के द्वारा विगत छह माह से लेकर पांच वर्ष से भी अधिक अवधि से खाद्यान्न आदि का उठाव नहीं करने और न ही ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराया जा सका है। जिसका विवरण प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने सार्वजनिक कर बताया कि विभागीय और सरकार के गाइडलाइन को पूरा नहीं किए जाने की स्थिति में इसके लाभ से वंचित किया जाना तय है। उन्होंने बताया कि हैदरनगर प्रखंड में विगत छह माह से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 1103 है। जबकी उनका राशन कार्ड नौ माह पूर्व ही जारी किए गए हैं। वहीं 12 माह से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 688 है। इनका राशन कार्ड 15 माह पूर्व जारी हुआ है। तीन वर्षों से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 554 है और राशन कार्ड बने 39 माह बीत गए हैं। पांच वर्षों से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 477 बताई गई है। इनका राशन कार्ड बने 5 वर्ष 3 माह पूर्व हो गए। यह स्थिति न केवल योजनाओं की जरुरतहीनता को दर्शाती है, बल्कि इतने राशन कार्ड की आवश्यकता नहीं रहने के भी संकेत देती है कि जरूरतमंदों की जगह कई ऐसे लोगों को भी कार्ड निर्गत किए गए, जिन्हें इसकी आवश्यकता ही नहीं है। इसे लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि मेरी ओर से लगातार हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी वास्तविक, पात्र और जरुरतमंद लाभुक योजना से वंचित न हो। ऐसे कार्डों की तत्काल समीक्षा, जांच एवं निरस्तीकरण की आवश्यकता है। जिससे अपात्र लाभुकों को हटाकर योग्य और जरुरतमंद परिवारों को इस योजना का लाभ से लाभान्वित सुनिश्चित किया जा सके।

## तिरंगा की रंगोली से स्वच्छ भारत का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता




**मोहम्मदगंज।** भजनियां की जलसहिया शकुंतला देवी ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर अलग पहचान बनाई है। इस बार उन्होंने राष्ट्र ध्वज तिरंगा की रंगोली बनाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिए हैं। ग्रामीणों ने इसे इस जलसहिया की इस अभियान के प्रति सकारात्मक सोच और देशभक्ति का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस जलसहिया की कोशिश से स्वच्छता अभियान को बल मिला है।

## आजसू नेता की पत्नी किरण देवी का हृदयाघात से निधन, क्षेत्र में शोक

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी गांव से आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य रविंद्रनाथ शर्मा की पत्नी किरण देवी का रविवार सुबह हृदयाघात से निधन हो गया।परिवारिक सूत्रों के अनुसार किरण देवी खेत से मुंग तोड़कर बटेदार के घर मे खटिया पर बैठीं। इसी दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले जाया गया, जहां डॉ. रंजन कुमार दास ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुखिया प्रतिनिधि तस्बीन अंसारी, समाजसेवी जयराम पासवान, अरुण गुप्ता, उदय गुप्ता,जावेद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

## वज्रपात से पांच पशुधन की मौत, किसान को दो लाख का नुकसान

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष मॉनसून की शुरुआत के साथ हो रही भारी बारिश के बीच वज्रपात होने से लोगों को काफी जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। शनिवार की शाम बारिश के बीच थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के बैलगड़ा सातीटांड़ में आसमानी बिजली के चपेट में आने से पांच पशुधन की मौत हो गई।

## अवैध विदेशी शराब के बड़े भंडार का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू (हि.स.)।** पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम तमदागा में अवैध विदेशी शराब के बड़े भंडारण का भंडाफोड़ किया गया है। गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार नावाबाजार थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। रविवार को जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने पूरी जानकारी दी।

बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी दल का गठन किया गया। 12 जुलाई को यह कार्रवाई की गई। तमदागा में संजय सिंह के नए पक्के मकान में छापा मारा गया। मौके पर एक व्यक्ति भागने की कोशिश कर रहा था जिसे पुलिस बल की सतर्कता से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम योगेन्द्र सिंह, पिता बिशुनधारी सिंह, ग्राम तमदागा बताया।

घर की तलाशी लेने पर दो कमरों में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद हुई, जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपित ने पूछताछ में यह भी स्वीकार किया कि वह इस अवैध कारोबार में मकान मालिक संजय सिंह, बिहार निवासी सोनू सिंह और अन्य के साथ संलिप्त है। वह वाहन के माध्यम से शराब की लोडिंग, अनलोडिंग एवं रेकी का काम करता था, जिसके बदले उसे पैसे मिलते थे।

मौके से 180 एमएल की 10 हजार 320, 350 एमएल की सात हजार 200 एवं 750 एमएल की 240 बोतल बरामद की गई। कुल 17 हजार 770 बॉटल शराब बरामद हुई है।

इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित योगेन्द्र सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## स्टेशन प्रबंधक के पुत्र को मिली एमबीबीएस की डिग्री

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** नबीनगर में पदस्थापित स्टेशन प्रबंधक पौलूस हेम्ब्रम के पुत्र रोहित पॉल ने रिम्स (रांची) से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। रोहित पॉल ने प्राइमरी शिक्षा होली चाइल्ड स्कूल दुमका, सेकेंडरी बिशप वेस्टकॉट,रांची और +2 संत जोसेफ हाईस्कूल दार्जिलिंग (पश्चिमबंगाल) से प्राप्त की है। जबकि 2020 में प्रथम प्रयास में ही नीट पास किया था। उन्होंन कहा कि भविष्य में रेडियोलॉजी विशेषज्ञ बनने का लक्ष्य है।

**बेबश** दशकों पुराने कुंए व चपानल के सहारे कट रही है आदिम जनजाति परिवारो की जिंदगी

# दामोदर स्थित परहिया टोला का हाल बेहाल

● नल जल योजना के बावजूद भी नहीं मिला रहा शुद्ध पेयजल

नवीन मेल संवाददाता



### पानी की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है

पंसस अयुब खान ने कहा कि पानी को लेकर कई बार अधिकारियों से पत्राचार किया गया है लेकिन पानी की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। दसकों से एक पुराना कुआं है वह भी दुषित है। मजबूरी में उसी पानी से गांववासी अपनी प्यास बुझा रहे। अयुब खान ने लातेहार उपायुक्त महोदय से परहिया टोला में पानी व सड़क की समस्या दूर करने की मांग की है।

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के दामोदर स्थित आदिम जनजाति समुदाय का परहिया टोला आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है। टोले में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न तो टोले तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क बन पाई है। रविवार को कामता पंसस अयुब खान ने परहिया टोला का दौरा कर आदिम जनजाति समुदाय का हाल चाल जाना इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार आज भी सरकार के कई सुविधाओं से महरूम हैं। नल जल योजना के माध्यम से कई गांव की पानी की समस्या दूर हो रही है। इस योजना के आने से लोगों को गंदे पानी से छुटकारा मिल रहा है लेकिन इस टोले में पानी की समस्या अब तक जस की तस बनी हुई है। ज्ञात हो कि दामोदर का परहिया टोला एनएच से काफी सटा हुआ है। प्रखंड कार्यालय से इसकी दूरी करीब चार किलोमीटर है। यह गांव पहाड़ के किनारे बसा हुआ है, यहां करीब बीस घर की आबादी हैं। इनकी जनसंख्या एक सौ के आसपास है। एक दो परिवार सूप दौरा बनाकर किसी तरह परिवार चलाते हैं। कुछ मजदुरी पर आश्रित हैं कई परिवार दुसरे प्रदेश में काम के लिए पलायन कर गए हैं। दसकों से पानी और सड़क की समस्या इस टोले में बनी हुई है। दशकों पुराने कुंए और चापानल से लोग अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। टोले की असरीता परहिन, एतवरिया परहिन, शीला परहिन, सरहुलिया परहिन, राजेश परहिया, सीताराम परहिया, राजेश राम, विशाल परहिया, रोहित परहिया आदि ने बताया कि गांव में पक्की सड़क तक नहीं है जिससे लोग आवागमन कर सकें। बरसात के समय में पूरा इलाका कीचड़ से भरा रहता है जिसपर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। टोले में सभी के घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए यहां दो नल लगाए गए हैं लेकिन इससे एक बुंद भी पानी नहीं निकलता है। दोनों नल खराब पड़ा हुआ है। नल जल के दो स्थानों पर बोरिंग की गई थी लेकिन दोनों जगह ड्राई हो गया पानी निकला ही नहीं। इस टोले के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलना किसी सपने से कम नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब किसी के घर में शादी या किसी की मृत्यु हो गई हो।

## जंगली हाथियों ने तीन दुकान को किया ध्वस्त लाखों की पहुंचाई छती

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है शनिवार रात्रि मगध कोल माइंस क्षेत्र के कांटा नंबर 10 के पास झोपड़ी में संचालित तीन होटल को जंगली हाथियों ने तहस-नस कर दिया. हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश होने से ग्रामीण काफी भयभीत हैं वह अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए गांव को छोड़ना उचित समझा रहे हैं। आरा ग्राम निवासी चंद्रिका साव सुधीर साव के होटल होटल में रखे चावल दाल राशन का पूरा सामान मिठाई के फ्रिज मोटरसेकल के अलावा कई कीमती सामान को तहस नहस कर दिया वही होटल संचालक चंद्रिका साव दीपू कुमार सुधीर साव का भीम होटल और होटल में रखे पूरे सामान को तहस-नस कर दिया। पीड़ित दुकानदारों ने कहा है कि अपना परिवार का जीविका पार्जन इसी होटल से किया करते थे होटल टूट जाने से हमारी भुखमरी का स्थिति उत्पन्न हो गया है।

## पेज एक के शेष

### रेलवे का बड़ा फैसला...

प्रत्येक रेलवे डिब्बे में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे - प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होंगे। प्रत्येक कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और डेस्क पर 2 माइक्रोफोन लगाए जाएंगे।

### तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी...

तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद रोक दी। हालांकि, जब तक ट्रेन रोकी गई, आग 19वें डिब्बे तक फैल गई थी। इस हादसे के कारण चेन्नई को बैंगलोर, केरल और रेणुगुंटा/तिरुपति से जोड़ने वाले चेन्नई अरकोणम सेक्शन में रेल परिचालन स्थगित करना पड़ा। चेन्नई सेंट्रल से शुरू होने वाली या वहां तक जाने वाली 12 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, और कई अन्य ट्रेनों का या तो रूट बदल दिया गया या उन्हें बीच में ही रोक दिया गया।

**आग की घटना से ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव :** ट्रेन हादसे के कारण डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेनों सहित कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं या प्रभावित हुईं। दक्षिण रेलवे ने एक बयान में कहा कि तिरुवल्लूर के पास आग लगने की घटना के कारण सुरक्षा उपाय के तौर पर ओवरहेड पावर बंद कर दिया गया है। इसके कारण ट्रेनों के समय में बदलाव किए गए हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा से पहले लेटेस्ट अपडेट देख लें।

## ईरान के राष्ट्रपति इजराइली हमले में घायल हुए थे

# मीटिंग के दौरान इजराइली सेना ने 6 मिसाइलें दागीं, इमरजेंसी गेट से भागे

**तेहरान । एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजराइल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था। उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम-हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे।

**राष्ट्रपति बोले- इजराइल मुझे मारने में नाकाम रहा :** कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजराइल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा। राष्ट्रपति ने अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को बताया कि इजराइली सेना ने जासूसों की मदद से उस जगह की जानकारी हासिल की, जहां वे बैठक कर रहे थे और फिर उसी जगह बमबारी की।



### 12 दिन तक चला ईरान-इजराइल युद्ध

- ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक तनावपूर्ण जंग चली।
- संघर्ष के दौरान कई सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**16 जून को इजराइल ने किया मिसाइल हमला...**

- 16 जून को इजराइली सेना ने तेहरान के पश्चिमी हिस्से में स्थित एक इमारत पर हमला किया।
- इमारत पर 6 मिसाइलें दागी गईं, जिससे भारी तबाही की आशंका बनी।
- हमला उस वक्त हुआ जब सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी।

### दम घोंट कर राष्ट्रपति को मारना चाहता था इजराइल

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजराइल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजराइली मिसाइलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए।

### इजराइल को राष्ट्रपति की जानकारी कैसे मिली...

फार्स एजेंसी ने बताया कि इजराइल के पास उस इमारत के बारे में जो सटीक जानकारी थी, वह बहुत चौंकाने वाली है। इसलिए ईरानी अधिकारी अब यह जांच कर रहे हैं कि कहीं इजराइल को अंदर से कोई जानकारी तो नहीं मिली। हालांकि रिपोर्ट में हमले की सटीक जगह नहीं बताई गई, लेकिन ईरान इंटरनेशनल नाम की एक स्वतंत्र मीडिया संस्था ने यह दावा किया कि 16 जून को तेहरान के शाहरक-ए-गर्ब इलाके में इमारत पर हमला हुआ था। उसी संस्था की एक और रिपोर्ट में आईआरजीसी के जनरल मोहसेन रेजाई के हवाले से बताया गया कि इजराइल ने वास्तव में उस स्थान पर हमला किया था जहां राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक चल रही थी। हालांकि इसमें किसी भी अधिकारी को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा।

# 5333, कानून की धाराओं में से किसी भी मामले में आपको हो सकती है सजा

**जैसे बच्चे को दूध न पिलाने, कुत्ता ठीक से न घुमाने , भीख देने पर जेल की सजा हो सकती है**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आपके विरूद्ध कोई तानाशाह या घमंडी अफसर चाहे तो 5,333 मामलों में से किसी में भी फंसा कर जेल में डलवा सकता है। इस बारे में सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी के अनुसार, 7,305 ऐसे मामलों की सूची है जिनमें कानूनी कार्रवाई संभव है। इनमें से 5,333 मामलों में जेल की सजा का प्रावधान है। इनमें अपहरण, दंगा, या संगठित अपराध तो बड़े मामले हैं , इन पर तो मुकदमा चलाया ही जा सकता है, लेकिन यदि आप अपने कुत्ते को जितना घुमाना चाहिए उतना नहीं घुमाते हैं या चिड़ियाघर में कचरा फेंक देते हैं या देर से टैक्स देते हैं तो भी मुकदमा चलाया जा सकता है? यही नहीं , ऐसे कानून भी हैं जो उन लोगों को दंडित करते हैं जो उन माताओं को फीडिंग बोतल देते हैं जो स्तनपान नहीं करा सकती हैं, या भिखारियों को दान देते हैं। कुछ कानून सड़क पर जानवरों को बांधने, बिना लाइसेंस के प्लंबिंग करने, या लाइसेंस को ठीक से न दिखाने को भी अपराध मानते हैं। सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की रिपोर्ट स्टेट ऑफ द सिस्टम में बताया गया है कि भारत में कितने तरह के अपराध हैं और उनके लिए क्या सजा है।इनमें से कई काम तो ऐसे हैं जिन्हें अपराध मानना मुश्किल है जैसे कि अपने कुत्ते को ठीक से न घुमाना, चिड़ियाघर में कचरा फेंकना, या समय पर टैक्स न भरना। कुछ कानून तो ऐसे भी हैं जो उन लोगों को सजा देते हैं जो मां को दूध पिलाने में असमर्थ होने पर बच्चों को फीडिंग बोतल देते हैं या भिखारियों को भीख देते हैं। कानून का डर दिखाकर लोगों से नियम मनवाना और गलती करने वालों को अपराधी बताना एक आम बात हो गई है। लेकिन क्या हर समस्या का समाधान आपराधिक सजा से ही किया जाना चाहिए? विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की एसओएस डेटाबेस रिपोर्ट बताती है कि भारत में अपराधीकरण की संस्कृति कितनी फैली हुई है।



- केवल पांच केंद्रीय कानूनों में ही 200 से ज्यादा अपराध हैं, ये कानून मिलकर 1,800 से ज्यादा अलग-अलग कार्यों को अपराध मानते हैं
- भारत में आपराधिक कानून का इस्तेमाल अब केवल गंभीर अपराधों के लिए नहीं होता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी को नियंत्रित करने और सरकारी कामकाज में मदद करने के लिए भी होता है
- कोई व्यक्ति कंपनी को बंद करने से ठीक पहले के दो सालों तक खाते की सही किताबें नहीं रखता है, तो उसे एक से तीन साल तक की कैद व जुर्माना हो सकता है

मात्र पांच केंद्रीय कानूनों में ही 200 से ज्यादा अपराध हैं। ये कानून मिलकर 1,800 से ज्यादा अलग-अलग कामों को अपराध मानते हैं। इनमें से एक कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) है, जो सामान्य आपराधिक कानून है। लेकिन बाकी चार कानूनों का आपराधिक न्याय से कोई सीधा संबंध नहीं है। इनमें कंपनी अधिनियम, 2013 व नई दिल्ली नगर परिषद अधिनियम, 1994 जैसे कानून शामिल हैं। ये कानून नियमों से जुड़े हैं, लेकिन इनमें भी बहुत सारे आपराधिक अपराध हैं। इतना ही नहीं, इन 7,305 अपराधों में से तीन-चौथाई कानून आपराधिक न्याय से बाहर के 44 विषयों से जुड़े हैं। इनमें से कई शिक्षा, पर्यावरण या कपड़ा से जुड़े हैं। इनका मुख्य उद्देश्य आपराधिक कानून से अलग है। इससे पता चलता है कि भारत में आपराधिक कानून का इस्तेमाल अब सिर्फ गंभीर अपराधों के लिए नहीं होता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी को नियंत्रित करने और सरकारी कामकाज में मदद करने के लिए भी होता है।लगभग 252 कानून ऐसे हैं जिनमें 10 या उससे कम अपराध हैं। भले ही उनका मुख्य उद्देश्य आपराधिक न्याय से जुड़ा न हो, लेकिन वे कुछ खास नतीजों को हासिल करने और लागू करने के लिए अपराधों का इस्तेमाल करते हैं।ऐसा लगता है कि सरकार नियमों का पालन कराने के लिए अपराधों का इस्तेमाल करती है। कई कानून ऐसे हैं जो मामूली गलतियों को भी अपराध मानते हैं। मसलन समय पर कागजात जमा न करना, रिकॉर्ड न रखना, या किसी सरकारी अधिकारी की मदद करने में गलती करना। ये अक्सर प्रशासनिक गलतियां होती हैं, जिनमें गलत इरादा नहीं होता है। लेकिन इनके लिए भी कड़ी सजा दी जाती है, जिसमें जेल भी शामिल है। उदाहरण के लिए, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 के तहत, यदि कोई व्यक्ति अधिनियम के किसी प्रावधान के तहत जानकारी देने में विफल रहता है, तो उसे तीन साल तक की कड़ी कैद हो सकती है। इसी तरह, कंपनी अधिनियम की धारा 338(1) के तहत, अगर कोई व्यक्ति कंपनी को बंद करने से ठीक पहले के दो सालों तक खाते की सही किताबें नहीं रखता है, तो उसे एक से तीन साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। इन नियमों का पालन करवाने के लिए जेल भेजने के बजाय और भी बेहतर तरीके हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो दशकों में बनाए गए केंद्रीय कानूनों के जरिए लगभग 2,500 अपराधों को जोड़ा गया है. पहले से ही बोझ से दबी सरकारी मशीनरी के साथ, लगातार अपराधों को जोड़ना सुशासन और जीवन को आसान बनाने का सही तरीका नहीं है।

## हल्दीराम के कमल अग्रवाल से मुंबईया ठगों ने 9.38 करोड़ रुपये ठगे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** धंधा करने वालों में धंधा बढ़ाने , और कमाने , कोई कंपनी खरीदने की ललक रहती ही है। इसी तरह की ललक नमकीन व मिठाई बनाने वाली देश बड़ी कंपनी हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड के एक निदेशक कमल अग्रवाल के साथ 9.38 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस बारे में एक मामला नागपुर के कलमना पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। कमल अग्रवाल हल्दीराम के निदेशक होने के साथ-साथ ओम इंडस्ट्रीज नाम की एक कंपनी के भी मालिक हैं।पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मुंबई के बांद्रा निवासी समीर अब्दुल हुसैन ललानी (51), उसकी पत्नी हीना ललानी (47), बेटा अलीशान ललानी (25) तथा ठाणे जिले के कल्याण निवासी प्रकाश भोसले के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों ने अग्रवाल को बताया कि वे ड्राई फ्रूट की कंपनी रॉयल ड्राई फ्रूट प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं। अग्रवाल से कहा कि यदि वे इस कंपनी में निवेश करते हैं तो उन्हें 76% हिस्सेदारी मिलेगी। इस तरह उन्होंने अग्रवाल को लालच देकर भारी 9 करोड़ रुपये से अधिक रकम हड़प ली।पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पहले कमल अग्रवाल के इनवेस्टमेंट ऑफिसर से संपर्क साधा और फर्जी बैलेंस शीट्स, बिजनेस रेकॉर्ड और झूठे दस्तावेज दिखाए।

उन्होंने अग्रवाल को बताया कि अगर वह कंपनी में 12.5 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे तो उन्हें 35% पार्टनरशिप मिलेगी। अग्रवाल उनके झांसे में आ गए। जनवरी से जून 2023 के बीच कमल अग्रवाल ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए आरोपियों को 4.5 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। कुल मिलाकर उन्होंने 9.38 करोड़ रुपये का निवेश किया। आरोपियों ने उन्हें 76% हिस्सेदारी देने का वादा किया था।अग्रवाल को बाद में इस इन्वेस्टमेंट में कुछ गड़बड़ी का शक हुआ तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ।इसके बाद दस्तावेजों की असलियत की जांच करवाई। लेकिन सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## फडणवीस सरकार वामपंथी संगठनों पर नकेल कसना चाहती है, बिल पास होने के बाद उठे कई बड़े सवाल

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की विधानसभा में एक ऐसा बिल पास किया गया है जो राज्य सरकार के मुताबिक, वामपंथी उग्र संगठनों की कथित गैरकानूनी गतिविधियों पर रोकथाम के लिए लाया गया है। विपक्ष ने इस बिल को लेकर चिंता जताई है। बिल का नाम महाराष्ट्र स्पेशल पब्लिक सेक्युरिटी बिल। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि इस बिल का इस्तेमाल राजनीतिक कार्यकर्ताओं व प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ नहीं किया जाएगा लेकिन विपक्ष इसके दुरुपयोग की आशंका को लेकर चिंतित है।क्योंकि केन्द्र में भी जो बड़े नेता हैं वे लगातार अपने भाषण में अर्बन नक्सल कह कर विपक्ष के विरूद्ध बोलते हैं और जेएनयू से लगायत जामिया मिलिया तक में विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों के भाषण व प्रदर्शन तक को यही आरोप लगाकर दबाया जाता है।

- **इस बिल को लेकर 12,000 सुझाव व आपत्तियां दी गई थी, लेकिन इसमें से मात्र 3 को ही स्वीकार किया गया**
- **क्या इसी तरह अर्बन नक्सल बिल अन्य भाजपानीत शासित राज्यों में भी पास होगा?**

विपक्षी दल आशंका जता रहे हैं कि इसी तर्ज पर बिल अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी आ सकता है। इधर एनसीपी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार, शिवसेना (यूटीबी) के भास्कर जाधव वरुण सरदेसाई, कांग्रेस के विश्वजीत कदम ने कहा कि इस संबंध में बनाई गई समिति के सभी सुझावों को बिल में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने बिल में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों जैसे 'वामपंथी उग्रवाद' और गैरकानूनी गतिविधियों की परिभाषा को लेकर चिंता व्यक्त की।

कांग्रेस के विधायक नाना पटोले ने कहा कि विपक्ष की ओर से इस बिल को लेकर 12 हजार सुझाव व आपत्तियां दी गई थी, लेकिन इसमें से सिर्फ 3 को ही स्वीकार किया गया। रोहित पवार ने कहा कि वामपंथी उग्र विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है और जब पहले से ही कानून मौजूद हैं तो नए कानून की क्या जरूरत है?

## पाकिस्तान में स्टेज पर दिखाई जा रही रामायण



**कराची ।** पाकिस्तान के कराची शहर में हिंदू महाकाव्य रामायण का मंचन किया जा रहा है, जिसे दर्शकों से अच्छी सराहना मिल रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 'मौज' नामक एक थिएटर ग्रुप इस नाटक का मंचन 11 से 13 जुलाई तक कर रहा है। रामायण की यह प्रस्तुति अच्छाई और बुराई की एक ऐतिहासिक कहानी को आधुनिक अंदाज में दिखाती है। इस नाटक में एआई तकनीक का इस्तेमाल करके हर दृश्य को बेहद खूबसूरती से जीवंत किया गया है। जैसे- पेड़ों का झूमना, महलों का वैभव, या जंगल की शांति।

- **कराची के शो में एआई का भी इस्तेमाल, डायरेक्टर बोले- लोग इसे पसंद कर रहे**

## चीन में 750 केवी अल्ट्रा-हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन रिंग नेटवर्क का निर्माण पूरा


**बीजिंग ।** तारिम बेसिन के आसपास 750 केवी विद्युत ट्रांसमिशन और परिवर्तन परियोजना का निर्माण रविवार को पूरा हो गया। इसकी कुल लंबाई 4,197 किमी है। बताया जाता है कि पावर ग्रिड का विस्तार 10 लाख 60 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है, जो चीन के भूमि क्षेत्र का लगभग नौवां हिस्सा है। यह चीन में सबसे बड़ा 750 केवी अल्ट्रा-हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन रिंग नेटवर्क है।जानकारी के अनुसार, इस परियोजना का निर्माण वर्ष 2010 में शुरू हुआ था। 15 सालों के निर्माण के बाद पूरी परियोजना में नौ विद्युत ट्रांसमिशन और परिवर्तन परियोजनाएं शामिल हुई हैं। रिंग नेटवर्क के अधिकांश भाग का निर्माण तकलीमाकन रेगिस्तान के किनारे किया गया, जो अत्यंत कठिन है।



## ऑस्ट्रेलियाई हवाई अड्डे पर 32 किलोग्राम ड्रग्स के साथ दो फ्रांसीसी महिलाएं गिरफ्तार

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई हवाई अड्डे पर दो फ्रांसीसी महिलाओं को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन महिलाओं ने अपने सामान के साथ 30 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन की तस्करी करने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई फेडरल पुलिस (एएफपी) और ऑस्ट्रेलियन बॉर्डर फोर्स (एबीएफ) ने रविवार को जानकारी दी है कि इन महिलाओं को मंगलवार दोपहर ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। इनकी उम्र 19 और 20 साल है। एबीएफ अधिकारियों को इन महिलाओं के सामान की तलाशी में सफेद पदार्थ से लिपटीं 32 अलग-अलग ईंटें मिलीं।




## बॉर्डर 2 शूटिंग सनी देओल ने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग पूरी की, एक्टर ने कहा- मिशन पूरा!

**कहानी फिल्म जगत की**



बॉर्डर 2 इस साल की सबसे चर्चित परियोजनाओं में से एक है। जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित इस युद्ध-ड्रामा में सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ जैसे कई कलाकार शामिल हैं। शुक्रवार को, सनी देओल ने फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी साझा की और बताया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके साथ ही, अभिनेता ने अपना पहला लुक भी जारी किया, जिससे प्रशंसक उत्साहित हो गए।

अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का अगला भाग है जिसमें सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना नजर आए थे। अभिनेता ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''मिशन पूरा! फौजी, साइन ऑफ कर रहा है! 'बार्डर 2' के लिए मेरी शूटिंग पूरी हुई। जय हिंद।'' इस पोस्ट में वह सैनिक की वर्दी में नजर आ रहे हैं। 'बॉर्डर 2' में वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण भूषण कुमार (टी-सीरीज़), कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने किया है। 'बॉर्डर 2' के अलावा देओल अपनी अगली फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगे।

फिल्म 'लाहौर 1947' में वह प्रीति जिंटा के साथ काम करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं और इसका निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म में ए आर रहमान का संगीत और जावेद अख्तर का गीत शामिल होगा।